3 राजधानी
गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा बढ़ी

6 अभिमत
पाकिस्तान व चीन संकटों में घिरे

10 विदेश
पाकिस्तान में बिजली आपूर्ति बहाल

11 राष्ट्रीय
टीएमसी नेता की जमानत अर्जी खारिज

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 82
नई दिल्ली, बुधवार, 25 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला आसान नहीं होगी
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

## खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट उजागर करना गंभीर चिंता का विषय: रिजिजू

● कानून मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हाल ही में सार्वजनिक किए गए कुछ प्रस्तावों से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली में मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते कानून मंत्री किरेन रिजिजू

**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा खुफिया ब्यूरो (आईबी) और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की संवेदनशील रिपोर्ट के कुछ अंशों को सार्वजनिक मंच पर रखा जाना गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों के अधिकारी देश के लिए गोपनीय तरीके से काम करते हैं और अगर उनकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाती है, तो वे भविष्य में काम करने से पहले दो बार सोचेंगे। उन्होंने कहा, इसका प्रभाव पड़ेगा। रिजिजू सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हाल ही में सार्वजनिक किए गए कुछ प्रस्तावों से जुड़े सवालों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। इन प्रस्तावों में शीर्ष अदालत द्वारा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के पद के लिए सुझाए गए कुछ नामों के संबंध में आईबी और रॉ की रिपोर्ट के कुछ अंश शामिल थे। सरकार ने उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा सार्वजनिक किए गए इन रिपोर्ट के अंशों पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। कॉलेजियम ने खुफिया सूचनाओं को खारिज करते हुए इस महीने की शुरुआत में सरकार के सामने संबंधित नामों को फिर से दोहराया था। रिजिजू ने यहां एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, रॉ और आईबी की संवेदनशील या गोपनीय रिपोर्ट को सार्वजनिक मंच पर रखना गंभीर चिंता का विषय है, जिस पर मैं उचित समय पर प्रतिक्रिया दूंगा।

जब पूछा गया कि क्या वह इस बारे में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से बात करेंगे, तो उन्होंने कहा कि वह अक्सर प्रधान न्यायाधीश से मिलते रहते हैं। उन्होंने कहा, हम हमेशा संपर्क में हैं। वह न्यायपालिका के प्रमुख हैं और मैं सरकार तथा न्यायपालिका के बीच सेतु हूं, इसलिए हमें मिलकर काम करना है। आप अलग-अलग काम नहीं कर सकते।

शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने वकील आर जॉन सत्यम का नाम मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के लिए दोहराते हुए आईबी की प्रतिकूल टिप्पणियों का जिक्र किया था। उसने अधिवक्ता सौरभ कृपाल को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की अपनी सिफारिश के (शेष पेज 8)

## सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय के सवाल से कांग्रेस ने किया किनारा

● सशस्त्र बल बेहतरीन तरीके से काम कर रहे हैं, कोई सबूत देने की जरूरत नहीं: राहुल

● कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बयान को बताया हास्यास्पद

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू



भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर भी सम्मिलित हुईं

**सर्जिकल** स्ट्राइक का सबूत मांगने वाले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेता सिंह की टिप्पणियों को हास्यास्पद बताया और कहा कि पार्टी सिंह के बयान से पूरी तरह से असहमत है। राहुल ने जोर देकर कहा कि हमारे सशस्त्र बल असाधारण रूप से अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें कोई सबूत दिखाने की जरूरत नहीं है।

सिंह ने सोमवार को सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाया था और सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया था। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर के झज्जर कोटली में पत्रकारों ने जब उनसे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसे लोग हैं जो बातचीत के दौरान हास्यास्पद बातें कहते हैं। एक वरिष्ठ नेता के बारे में ऐसा कहते हुए मुझे दुख हो रहा है कि उन्होंने हास्यापद बात कही है। हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा है। सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के बारे में पूछ जाने पर राहुल ने कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है। हम अपनी पार्टी को जबरदस्ती के सिद्धांत पर नहीं चलाते हैं। हम सिंह के निजी विचारों की सराहना नहीं करते, लेकिन पार्टी के विचार दिग्विजय सिंह के विचारों से ऊपर हैं। गांधी ने तंज करते हुए आगे कहा कि हालांकि, भाजपा और आरएसएस में बातचीत का कोई चलन नहीं है।

एक बार वे कुछ भी तय कर लेते हैं और उसके बाद कोई बात नहीं कर सकता है। दूसरी ओर, सर्जिकल स्ट्राइक से जुड़ी टिप्पणी को लेकर अपनी ही पार्टी के किनारा करने और विपक्षी भाजपा के निशाना साधने पर कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को सफाई देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के लिए उनके दिल में बेहद सम्मान है। उनका सवाल सरकार से था न कि सैन्य अधिकारियों से। सिंह ने ट्विटर पर कहा कि मैंने अपने सशस्त्र (शेष पेज 8)

### डॉक्यूमेंट्री पर रोक से सच्चाई नहीं छुपेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और 2002 के गुजरात दंगों पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को लेकर उठे विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि किसी तरह की पाबंदी, दमन या लोगों को डराने से सच सामने आने से नहीं रुकने वाला। सरकार ने सोशल मीडिया मंच ट्विटर और यूट्यूब को शुक्रवार को गुजरात दंगों से संबंधित डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' के लिंक को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए थे। विदेश मंत्रालय ने इस वृत्तचित्र की निंदा करते हुए इसे दुष्प्रचार बताया है। इस बारे में जब राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर आप हमारे वेदों, भगवद गीता या उपनिषदों को पढ़ेंगे तो पाएंगे कि वहां लिखा है कि सच (शेष पेज 8)

## दूसरी बार भी मेयर नहीं चुन सकी दिल्ली

● प्रक्रिया नहीं हो सकी पूरी, आप के पार्षदों और विधायकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सदन में हंगामा करते आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के पार्षद

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली लगातार दूसरी बार अपना मेयर नहीं चुन सकी। भाजपा और आम आदमी पार्टी पार्षदों के बीच भारी हंगामे की वजह से एक बार फिर महापौर का चुनाव टल गया है। निर्वाचित पार्षदों और एल्डरमैन के शपथ लेने के बाद मेयर के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही भाजपा पार्षदों ने सदन में जय श्रीराम और मोदी, मोदी के नारे लगाए और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की।

भाजपा पार्षद उस बेंच की ओर गए, जहां आप पार्षद बैठे थे और वहां नारेबाजी करने लगे। इसके बाद दोनों दलों के पार्षद आपस में भिड़ गए। टकराव बढ़ता देख पीठासीन अधिकारी ने सदन की बैठक को स्थगित कर दिया। अब सदन की कार्यवाही की फिर से तारीख तय की जाएगी और तब तीसरी बार मेयर का चुनाव होगा। आम आदमी पार्टी के पार्षद, विधायक और सांसद में मंगलवार को मेयर का चुनाव कराने की मांग को लेकर सदन में देर शाम डेरा डाला, लेकिन देर शाम तक सदन की बैठक नहीं बुलाई जाने पर वहां से चले। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के (शेष पेज 8)

### सिविक सेंटर में तैनात रहा भारी सुरक्षा बल

**राजधानी** में महापौर के चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को सिविक सेंटर परिसर में सुरक्षा कड़ी रही। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि छह जनवरी को सदन की पहली बैठक के दौरान नगरपालिका भवन में की गई तैनाती की तुलना में इस बार महिला सदस्यों व मार्शल सहित बड़ी संख्या में नागरिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा उपायों के तहत सदन के बाहर पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है।

### ओवरसाइट कमेटी के गठन से खुश नहीं शीर्ष पहलवान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और डराने धमकाने की शिकायतों की जांच के लिए खेल मंत्रालय की ओर से गठित ओवरसाइट कमेटी को लेकर शीर्ष पहलवानों ने नाराजगी जताई है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक जैसे पहलवानों ने कहा कि यह दुखद है कि खेल प्रशासक के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए निगरानी समिति गठित करने से पहले सरकार ने उनसे सलाह मशविरा नहीं किया। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को मुक्केबाज एमसी मेरीकॉम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय निगरानी समिति के गठन का ऐलान किया था। यह समिति डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने के अलावा भारतीय कुश्ती महासंघ के रोजमर्रा के काम को भी (शेष पेज 8)




### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,978 | ↑ 37 | |
| निफ्टी | 18,118 | | |
| सोना | 57,217 | ↑ 295 | /10g |
| चांदी | 68,779 | ↓ 63 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप

**नई दिल्ली।** नेपाल मे मंगलवार दोपहर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ हिस्सों और जयपुर में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप अपराह्न 2:28 बजे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से 148 किमी पूर्व मे आया जिसका केंद्र नेपाल मे था। नोएडा मे एक ऊंची इमारत मे रहने वाले शांतनु ने कहा, भूकंप के झटकों से दहशत फैल गई। दिल्ली के रहने वाले अमित पांडे ने कहा, मै सिविक सेंटर के एक ब्लॉक की पांचवी मंजिल पर था। मैंने झटके महसूस किए। दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में कई लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। उस दौरान सदन की बैठक हो रही थी। राजस्थान की राजधानी जयपुर के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। जान-माल के नुकसान की अभी कोई सूचना नहीं मिली है।

## आज रिलीज होगी पठान, बिके 4.19 लाख टिकट

● पहले दिन के लिए सिनेमाघरों की 80 प्रतिशत सीटें भरीं, 5,000 स्क्रीन पर दिखाई जाएगी

● विहिप की गुजरात इकाई ने रिलीज से एक दिन पहले फिल्म के खिलाफ अपना विरोध वापस लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




मुंबई में एक स्थान पर लगा शाहरुख खान की फिल्म पठान का पोस्टर

**बेशर्म** रंग गाना रिलीज के बाद विवादों में आई शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' बुधवार को रिलीज हो रही है। सोशल मीडिया पर बायकॉट की मुहिम के बावजूद सुपर स्टार खान अभिनीत इस फिल्म के मंगलवार तक रिकॉर्ड 4.19 लाख टिकट बिक चुके थे। यही नहीं, पहले दिन के लिए सिनेमाघरों की 80 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं। फिल्म को अब कुछ संशोधनों के साथ लाया जा रहा है। अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रिलीज होने से एक दिन पहले शाहरुख खान ट्विटर पर आस्क एसआरके सत्र के दौरान अपने प्रशंसकों से चुटीले अंदाज में हल्की-फुल्की बातचीत की और उनसे फिल्म देखने की अपील भी की।

बुधवार को 5,000 स्क्रीन पर रिलीज होने वाली यह फिल्म, कोविड महामारी और बॉक्स ऑफिस पर कई तरह के झटकों के बाद गंभीर नुकसान से जूझ रहे उद्योग के लिए 2023 की खुशी का संकेत दे सकती है। मल्टीप्लेक्स, सिंगल स्क्रीन थिएटर और दक्षिण भारत में भी टिकटों की बिक्री में उछाल देखा जा रहा है। फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने एजेंसी को बताया कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपए से 50 करोड़ रुपए के पहले दिन के संग्रह के साथ ऐतिहासिक शुरुआत करने जा रही है। खासतौर पर इसकी एडवांस बुकिंग को देखते हुए बॉक्स ऑफिस पर वापसी पठान से शुरू होगी। ऐसा बहुत कम होता है कि कामकाजी दिन के लिए इतनी अधिक संख्या में किसी फिल्म की एडवांस बुकिंग हो। मल्टीप्लेक्स (शेष पेज 8)

# उत्तर प्रदेश दिवसः गौतम बुद्ध नगर में 258.70 करोड़ की विकास योजना शुरू

● तीन दिवसीय चलने वाले शिल्प हाट में 85 स्टाल लगाकर लोगों को किया जाएगा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शिल्प हॉट के उद्घाटन के मौके पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी, जिलाधिकारी सुहास एलवाई, विधायक और अधिकारी।

मंगलवार को जनपद गौतम बुद्ध नगर में नोएडा तक के शिल्प हाट में 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस 2023 का दादरी विधायक तेजपाल नागर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा, ग्रेटर नोएडा ऋतु माहेश्वरी एवं जिलाधिकारी सुहास एलवाई के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस 2023 के शुभारंभ अवसर पर ही जनपद की प्राधिकरणों के द्वारा नोएडा दादरी विधानसभा क्षेत्र में कराए गए कुल 258.70 करोड रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया, जिसमें नोएडा विधानसभा की 32.15 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 159.92 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा दादरी विधानसभा क्षेत्र की 4.30 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 62.33 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है।

उत्तर प्रदेश दिवस 2023 का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम शास्त्रीय नृत्य शिव आराधना, अन्नदाता संवाद, उत्तर प्रदेश में निवेश बेरोजगार पर बौद्धिक परिचर्चा एवं महानुभावों का सम्मान, जनपद के स्थानीय कलाकारों द्वारा रागनी तथा शासकीय कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र, पुरस्कार वितरण, लोकार्पण से किया गया। नोएडा विकास यात्रा से संबंधित प्रदर्शनी मुख्य बृज द्वार एवं निवेश द्वार पर लगाई गई गई।

तीन दिवसों तक चलने वाले उत्तर प्रदेश दिवस 2023 के अवसर पर प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार तथा योजनाओं के संबंध में कार्यक्रम में आने वाले आगंतुकों को अधिक से अधिक जानकारी एवं जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के द्वारा 85 स्टाल लगाए गए, ताकि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी का जो संकल्प है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थियों तक संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके उसको मूर्त रूप प्रदान किया जा सके।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर समाज कल्याण, खेल विभाग,तथा मुद्रा लोन के 60 लाभार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## हमलावर ने रोका- एक मिनट बातचीत फिर चाकू से किए तीन वार, मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 56 साल के जगदीश की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी देवी जागरण से लौट रहे जगदीश को रास्ते में एक शख्स ने रोका। शराब पिलाने के लिए कहा। मना करने पर चाकू से उन पर तीन वार कर दिए।

पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। खोड़ा के वंदना एन्क्लेव निवासी जगदीश रविवार रात पड़ोस में देवी जागरण में गए थे। फुटेज में दिख रहा है कि रास्ते में एक कार खड़ी है। वहीं, उस शख्स ने जगदीश को रोक लिया, उन्हें कार की आड़ में ले गया। फिर कार के आगे ले आया और करीब एक मिनट तक बातचीत की। इसके बाद हमलावर ने गले में डाला हुआ मफलर कार के बोनट पर रखा। फिर अचानक जेब से चाकू निकाला और जगदीश पर एक के बाद एक 3 वार किए। लहूलुहान हालत में जैसे.तैसे भागते हुए जगदीश घर पहुंचा। इसके बाद परिजन उसे लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल ले गए। जहां जगदीश ने दम तोड़ दिया।

## गाजियाबाद इनवेस्टर्स समिट में शामिल होंगे केन्द्र व राज्य सरकार के कई मंत्री

● जिले में 89 हजार करोड़ का निवेश की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कौशांबी के होटल में आयोजित होने वाले गाजियाबाद इन्वेस्टर्स समिट में कई केन्द्रीय व राज्यमंत्री शामिल होंगे। इसके अलावा मंडलायुक्त, जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी भी इस समिट में सम्मिलित होंगे।

बता दें कि लखनऊ में दस से 12 फरवरी को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट.2023 का आयोजन होगा जिसमें गाजियाबाद जिले में निवशेक करीब 89 हजार करोड़ का निवेश करेंगे। निवेशकों से उनके निवेश, यूपी सरकार की नई पॉलिसी की जानकारी देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। समिट का मिनट टू मिनट कार्यक्रम भी जारी किया गया है जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से किया जाएगा तो वहीं नौ बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा।

इस दौरान प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद वीके सिंह द्वारा किया जाएगा। इस समिट में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप्, कैबीनेट मंत्री राकेश सचान निवेशकों को सम्बोधित करेंगे। इसके अलावा मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, पर्यटन विभाग की प्रतिनिधि अंजू चौधरी मौजूद रही।

## 25 व 26 जनवरी को गाजियाबाद से दिल्ली नहीं जाएंगे व्यावसायिक वाहन

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में राजपथ पर परेड होगी। सुरक्षा व यातायात के लिहाज से गाजियाबाद से भारी व्यावसायिक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर बुधवार रात नौ बजे से ही पाबंदी लगा दी जाएगी। 26 जनवरी को दोपहर बाद दो बजे तक ये वाहन दिल्ली नहीं जा पाएंगे। एडीसीपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि एनएच–नौ व दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे से यूपी गेट होते हुए सभी प्रकार के भारी व्यावसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह डाबर तिराहा से महाराजपुर होते हुए, मोहननगर से सीमापुरी होते हुए, भोपुरा बार्डर से और लोनी बार्डर से भी भारी व्यावसायिक वाहन दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण को 63,000 करोड़ के प्रस्ताव मिले



● नागपुर में आयोजित 72 वीं इंडियन फार्मास्युटिकल कांग्रेस में इनवेस्ट यूपी को सफलता

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नागपुर में आयोजित 72 वीं इंडियन फार्मास्युटिकल कांग्रेस में इनवेस्ट यूपी के तहत यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के स्टॉल पर निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को 1110 करोड़ रुपये निवेश प्रस्ताव सहित कुल 6300 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इंडियन फार्मास्युटिकल कांग्रेस का उद्घाटन नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के स्टॉल पर नन्दकिशोर सुंदरियाल, स्टाफ ऑफिसर एवं इनवेस्ट यूपी आदि ने नितिन गडकरी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश हेतु रुपए 300 करोड़ का एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया। बैठक में यमुना प्राधिकरण की तरफ़ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह के साथ साथ शैलेंद्र भाटिया विशेष कार्याधिकारी, नंदकिशोर सुन्दरियाल, एस.ओ., मेडिकल डाइवाइसेज पार्क के ई एंड वाई सलाहकार शिवम् आनंद एवं आशुतोष ने प्रतिभाग किया। मेडिकल पार्क को 1110 करोड़ निवेश प्रस्ताव पास हुए।

## मेट्रो में मंजुलिका की वेषभूषा में यात्रियों को डराया



● एक अन्य घटना में लड़के ने रेड ड्रेस में लुटेरा बनकर आया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा मेट्रो के अंदर का एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक लड़की भूलभुलैया फिल्म की मंजुलिका जैसा कास्ट्यूम पहने हुए है। वह उसी मुसाफिरों को डराती है।

कुछ देर में मंजुलिका बनी लड़की बैठ जाती है। फिर मनी हाइस्ट वेब सीरीज के लुटेरे की ड्रेस में एक लड़का आता है। वह हाथ में दो बैग लिए हुए है। मंगलवार को यह दोनों रील वायरल हुई। इसके बाद मेट्रो प्रशासन हरकत में आया। वह रील कब का है। कहां शूट किया गया। इस बारे में जांच कर रहा है।

वहीं मेट्रो में एक लड़का हेड फोन लगाकर गाना सुन रहा था। लड़की ने धक्का देकर उसे हटाया। वह मंजुलिका को देखकर घबरा कर भाग गया। ये लड़की कहां से चढ़ी और कहां पर उतरी ये पता नहीं चला है। मेट्रो में लड़की की अजीबोगरीब हरकतों से लोग डर रहे थे। बताया गया कि लड़की ग्रेटर नोएडा के किसी कॉलेज की है।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव जोशी/ रेणु जोशी/ QZGNO00005010891 | संपत्ति नंबर जे– 48, पहली मंजिल, खसरा नंबर 15/2, ग्राम– ख्याला, ब्लॉक– जे, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली, दिल्ली/ जनवरी 19, 2023 | अगस्त 31, 2022 ₹ 11,72,177/- | दिल्ली |
| 2. | सचिन कुमार शर्मा, नवीन कुमार शर्मा/ QZPTU00005013043 | प्लॉट नंबर बी–195, अपर ग्राउंड फ्लोर, बैक साइड, केएच नंबर 10/16–23 रेवेन्यू रिकॉर्ड नंबर– 263 में, गली नंबर 5, सैनिक नगर, गांव मटियाला, नजफगढ़ रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली, दिल्ली/ जनवरी 19, 2023 | अगस्त 31, 2022 ₹ 14,72,134/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 25, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**REGD.AD./DASTI/AFFIXATION/BY BEAT OF DRUM**
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001.**
**PROCLAMATION OF SALE**
**NOTICE UNDER RULE 38 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION 25(A) THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANKS & FINANCIAL INSTITUTIONS ACT, 1993.**

**RC No. 31/2020** **Dated: 30.12.2022**

**In the matter of :**

**ICICI BANK VS DEEPAK MALHOTRA.**

**To**
**CD-1 : Deepak Malhotra**
**S/o. Sh. Joginder Pal Malhotra H. No. 157B, AG-1, Vikas Puri Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018.**
**Also at : H. No. 164 D, AG 1, Vikas Puri, Delhi- 110018**

Whereas in execution of ibid RC No.31/2020 dated 14.02.2020 in OA No.586/2018 drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CDs are to pay to the applicant **Rs. 25,47,028.46 (RUPEES TWENTY FIVE LAC FORTY SEVEN THOUSAND TWENTY EIGHT AND PAISE FORTY SIX ONLY)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in **OA No. 586/2018** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal - II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of **Rs. 25,19,028.46 (Rupees Twenty Five Lac Nineteen Thousand Twenty Eight and Paise Forty Six Only)** with simple pendent-lite and future interest @ 11.51% per annum simple from the present O.A i.e. 01.05.2018 till realization with cost of **Rs. 28,000/-** and costs from the Certificate Debtors (CDs), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicles. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CDs.

2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle. mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.

3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through **https://auctions.cardekho.com/auctions@cardekho.com,** by e-auction at **11.00 AM on 14.02.2023.**

**4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH Sh. Rajeev Ranjan (MOB: 8584874809).**

5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.

6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.

7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.

8. The property is being sold on "AS IS WHERE IS" BASIS and "AS IS WHAT IS" BASIS. The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income- Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions:

9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.

**10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-**

| Details of property | Reserve Price (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|
| hypothecated vehicle "BMW/53 D", having registration no. "HR-26BR- 8200" | 4,80,000/- | 48,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.

12. Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD) by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.

13. Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.

**14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/- within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.**

15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.

16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

**Schedule of Property**

| Lot No. | Description of the property to be sold with the names of the co-owners where the property belongs to defaulter and any other person as co-owners. | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any other encumbrance to which property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property, and any other Known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | hypothecated vehicle "BMW/53 D", having registration no. "HR-26BR- 8200" | No information | No information | No information |

Given under my hand and seal on Tribunal at New Delhi on this 30.12.2022

**(Uttam Negi)**
**Recovery**
**Officer-I DRT-II, Delhi**



ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**
**[नियम 8(6) का परंतुक देखें]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | निपुण कर्नाटिक (कर्ज़दार), निशा कर्नाटिक (सह–कर्ज़दार) LBDEL00002345041, LBDEL00002350678 | डीडीए निर्मित एलआईजी फ्लैट बियरिंग नंबर 426, चौथी मंजिल, ब्लॉक ए में, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज–III, दिल्ली–110096 क्षेत्रफल 301.38 वर्ग फीट | रु. 26,83,016/- (जनवरी 21, 2023 तक) | रु. 33,25,000/- / रु. 3,32,500/- | फ़रवरी 18, 2023 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:30 बजे तक | मार्च 03, 2023 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मार्च 02, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005** में **मार्च 02, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **मार्च 02, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **मार्च 02, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : जनवरी 25, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company Ltd. that Mrs. Renu Dua, Mrs. Neelam Khatri, Mr. Ashok Kumar Kapoor and Mrs. Menu Batra are joint owners of Upper Ground Floor, without roof rights, LHS, western side portion, admeasuring 71.1 Sq., Mtrs., "said floor" part of Property bearing No. D-3, out of Khasra No. 962 to 964, Situated in the revenue estate of Village Nawada, Delhi State Delhi, area abadi known as colony Om Vihar, Uttam Nagar, New Delhi, vide virtue of registered will, dated 08.09.2016, and registered Relinquishment deed dated 26.12.2022 for 1/4th share, All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said floor to Mr. Manmohan Singh & his nominee who is taking a Loan from Fullerton India Home Finance Company Ltd. for purchase of the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners in respect of the said floor its sale /Mortgage, and any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of IDFC First Bank Ltd. that Mrs. Madhu Chhatwal is the owner of Entire Basement, Ground Floor, First Floor and Third Floor with terrace rights (upto sky limits) of Property baring No.B-1/3, in Block-B1, area measuring 200 Sq. Yds, Situated at Malviya Nagar, New Delhi- "the said property" by virtue of Relinquishment Deed dated 29.01.2018, Registration No. 564, executed by 1-Mr. Gagan Chhatwal through attorney Mrs. Kiran Narang & 2-Mrs. Shalini Sareen through attorney Mrs. Kiran Narang. All persons are hereby informed that Mrs. Madhu Chhatwal want to sell Entire third floor of the said property to M. Sarvesh Bhardwaj and his nominee who is taking Loan for purchase the said floor from IDFC First Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner in respect of the said Property/ floor, its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com



ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

**सार्वजनिक सूचना :**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि अरून्धती कार/डा. तांगी राजवेद पात्रो (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00002404536 तथा पता विला नंबर 0297, पाकेट बी, अनंत राज एस्टेट, सेक्टर–63 ए, गुरूग्राम, हरियाणा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 20 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि अनंत राज लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 25 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–



**जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजी कार्यालयः 502, एनडीएम–II, एनएसपी, पीतमपुरा, दिल्ली–110034 सीआईएनः एल24302डीएल1985पीएलसी383771
वेबसाइटः www.jaschindustries.com ई–मेलः accounts@jasch.biz

31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ महीनो के लिए समीक्षित इंड–एएस वित्तीय परिणामों का उद्धरण।
(सूचीकरण विनियमों के विनियम 47(1)(बी) के तहत स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणाम) [रु. लाख में]

| क्र. स. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | नौ महीने समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | नौ महीने समाप्त | वर्ष समाप्त |
| | | 31.12.22 | 30.09.22 | 31.12.21 | 31.12.22 | 31.12.21 | 31.03.22 | 31.12.22 | 31.12.22 | 31.03.22 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 5854.18 | 6102.40 | 6351.96 | 18155.59 | 15341.49 | 21607.46 | 5854.18 | 18155.59 | 21607.46 |
| 2 | ब्याज, मूल्यहास एवं करों से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) | 651.03 | 639.97 | 984.53 | 2103.57 | 2118.71 | 3073.63 | 651.03 | 2103.57 | 3073.63 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर तथा (अपवाद मदों से पहले) | 539.27 | 545.37 | 894.45 | 1805.49 | 1860.70 | 2728.18 | 539.27 | 1805.49 | 2728.18 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद मदों से बाद) | 539.20 | 540.20 | 894.45 | 1800.26 | 1860.70 | 2728.18 | 539.20 | 1800.26 | 2728.18 |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद मदों से बाद) | 395.16 | 409.11 | 664.37 | 1337.51 | 1382.10 | 2024.41 | 395.16 | 1337.51 | 2024.41 |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है | 395.16 | 409.11 | 664.37 | 1337.51 | 1382.10 | 2024.41 | 395.16 | 1337.51 | 2024.41 |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 |
| 8 | संचेय | 9180.76 | 8785.60 | 7200.94 | 9180.76 | 7200.94 | 7843.25 | 9180.76 | 9180.76 | 7843.25 |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (रु.10/– प्रत्येक का) मूल एवं तनुकृत | 3.49 | 3.61 | 5.86 | 11.81 | 12.20 | 17.87 | 3.49 | 11.81 | 17.87 |

नोटः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही व नौ महीने समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज के वेबसाइट **www.bseindia.com** और कंपनी की वेबसाइट **www.jaschindustries.com** पर उपलब्ध है।
2. कंपनी के वित्तीय परिणाम भारतीय लेखामानकों (इंडएएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, जहां आवश्यक हो, पुनः समूहित किया गया है।

सोनीपत, 21.01.2023

हस्ता/– (जे.के. गर्ग)
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# निगम में हंगामा: आप-भाजपा में खींचतान, दिल्ली खाली हाथ

## देर शाम तक सदन में डटे रहे आप पार्षद, भाजपा पर लगाया लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप

● बहुमत होने के बावजूद आप चुनाव में डाल रही बाधा : हर्ष मल्होत्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


सिविक सेंटर में महापौर चुनाव के दौरान भाजपा और आप पार्षद हंगामा करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली नगर निगम चुनाव के बाद सबकी निगाहें मेयर चुनाव पर टिकी हुई हैं। लेकिन मंगलवार को भी दिल्ली को नई महापौर नहीं मिली। मेयर चुनाव को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में खींचतान जारी है। सदन की कार्यवाही के दौरान हंगामे के चलते मेयर चुनाव नहीं हो सका। हंगामे के बाद बैठक फिर स्थगित कर दी गई। जब तक नए मेयर का चुनाव नहीं हो जाता तब तक एमसीडी पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ही कार्य देखेंगी। इससे पहले 6 जनवरी को चुनाव होना था, लेकिन दोनों दलों के भारी हंगामे के चलते उस दिन भी चुनाव नहीं हो पाया था। दोनों पक्षों के हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप का नुकसान दिल्ली के लोगों को उठाना पड़ रहा है।

इस बीच मेयर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में जुबानी जंग और तेज हो गई है। आप नेताओं का कहना है कि एमसीडी चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद अब भाजपा जब मेयर चुनाव में भी अपना सूपड़ा साफ होते देख रही है तो बेईमानी और गुंडागर्दी कर रही है और सदन छोड़ के भागने लगी है।

मेयर चुनाव के दौरान मंगलवार को बार फिर भाजपा के पार्षदों ने सदन में हंगामा किया और भाजपा की प्रोटेम स्पीकर ने सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा को चुनौती दी है कि अगर भाजपा की हिम्मत है तो वो अपनी हार स्वीकार करें। अगर भाजपा नेता लोकतंत्र और संविधान में थोडा भी यकीन रखते है तो इस बात को स्वीकार करें कि दिल्ली वालों ने उन्हें नकार दिया है और वे महापौर और उपमहापौर का चुनाव होने दें।

उन्होंने कहा कि पहले तो हार के डर से भाजपा नेता एमसीडी चुनावों को टालती रही। जब चुनाव हुआ और जनता ने इन्हें हरा दिया तो अब मेयर के चुनाव से भाग रहे हैं।

भाजपा नेता लोकतंत्र का सम्मान करें और उनमें हिम्मत है तो मेयर का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से होने दें। आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद, विधायक और सांसद सदस्य सदन में देर रात तक डटे रहे।

वहीं भाजपा सांसद मनोज तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा मेयर चुनाव को एक बार फिर से बाधित किया गया है जिसके बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

तिवारी ने कहा 6 जनवरी को निगम सदन में जो कुछ भी हुआ उसे दिल्ली वालों ने देखा और आज भी सवाल यही है कि आखिर दिल्ली को मेयर देने के लिए आम आदमी पार्टी इतनी डर क्यों रही है। मनोज तिवारी ने आरोप लगाया आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जो सदन के अंदर और बाहर थे। सभी ने मिलकर भाजपा के पार्षदों और सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार किया है।

लोकतंत्र और देश के संविधान का आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा मजाक बनाया जा रहा है। शपथ प्रक्रिया तक आम आदमी पार्टी के पार्षद चुप रहे लेकिन जैसे मेयर का चुनाव होना था एक बार फिर से हंगामा शुरु कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तो कभी दावा नहीं किया कि उसका मेयर जीत रहा है। भाजपा सिर्फ चुनाव लड़ रही है लेकिन आम आदमी पार्टी चुनाव से भाग रही है और उसके लिए तरह-तरह के बहाने ढूंढ रही है।

हर्ष मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सवाल पूछा कि बहुमत होने के बाद भी आम आदमी पार्टी मेयर के चुनाव में बाधा क्यों डाल रही है।

6 जनवरी को जिस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने हंगामा किया था मंगलवार को उस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं थी लेकिन जैसे ही मेयर चुनाव की बात शुरु हुई तुरंत हंगामा करने लगे। आप के इस दुर्व्यहार से एमसीडी चुनाव के करीब एक महीने बाद भी दिल्ली को मेयर नहीं मिला है। दिल्ली नगर निगम का काम बंद है।

### सत्ता के लालच में रोका गया मेयर चुनाव : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव के करीब एक महीने बाद भी महापौर का चुनाव नहीं होने पर प्रदेश कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा दोनों पार्टियां सत्ता के लालच में मेयर का चुनाव नहीं होने दे रही हैं। पहले 6 जनवरी और फिर 24 जनवरी को मेयर के चुनाव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि सदन में भाजपा और आप नेताओं में मारपीट, बदसलूकी व सदन में हंगामें को दिल्ली के लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले ही साफ कर चुकी है कि वह मेयर चुनाव प्रक्रिया से दूर रहेगी। कुमार ने कहा कि भाजपा और आप दिल्ली नगर निगम में संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर मेयर चुनाव के दौरान जो प्रक्रिया अपना रही उससे सदन में लोकतंत्र की हत्या हो गई है। मेयर चुनाव पर भाजपा और आम आदमी की आम सहमति नहीं बनने से साफ हो गया है कि विकास और जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों से कोई लेना देना नहीं है। चुनाव होने के बाद निर्वाचित निकाय के बिना, एमसीडी को अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा है।

## एलजी चुनी हुई सरकार को कर रहे दरकिनार : सिसोदिया

● मुख्यमंत्री-मंत्री की मंजूरी के बिना अवैध रूप से अभियोजन मंजूर कर रहे उपराज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कई मुद्दों को लेकर एक बार फिर एलजी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एलजी लगातार चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर रहे हैं। जिसके कारण भारी कानूनी संकट खड़ा हो गया है। इतना ही नहीं उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों की खिंचाई करते हुए कहा कि वह एलजी के इशारे पर अवैध काम कर रहे हैं। एलजी के निर्वाचित सरकार की अनदेखी करने से अपराधियों को अदालतों से छूटने में मदद मिलेगी।

मनीष सिसोदिया ने आईपीसी की धारा-196 का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य के खिलाफ किए गए अपराधों के मामले में कोई भी कोर्ट राज्य सरकार के अनुमोदन या मंजूरी के बिना ऐसे किसी भी मामले का संज्ञान नहीं लेगी। कई जघन्य अपराध इसी श्रेणी में आते हैं। दिल्ली सरकार के विधि विभाग के अनुसार, इस कानून में राज्य सरकार का मतलब निर्वाचित सरकार है।

इसका मतलब यह है कि प्रभारी मंत्री ही सक्षम प्राधिकारी हैं और इन सभी मामलों में मंत्री की मंजूरी जरूरी है। मंत्री की मंजूरी के बाद फाइल एलजी के पास यह तय करने के लिए भेजी जाएगी कि क्या वे मंत्री के फैसले से अलग हैं या वे इसे राष्ट्रपति को भेजना चाहते हैं। उपमुख्यमंत्री के अनुसार कुछ महीने पहले तक यही प्रक्रिया अपनाई जा रही थी लेकिन पिछले कुछ महीने से मुख्य सचिव ने मंत्री को दरकिनार करते हुए इन सभी फाइलों को सीधे उपराज्यपाल को भेजना शुरू कर दिया।

### क्या है सीआरपीसी की धारा-196

*सीआरपीसी की धारा 196 (1) के तहत, कुछ अपराधों के मामले में राज्य सरकार से अभियोजन के लिए कानूनी मंजूरी एक आवश्यक शर्त है। इसमें अभद्र भाषा, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, जघन्य अपराध, राजद्रोह, राज्य के खिलाफ विद्रोह करना, दुश्मनी को बढ़ावा देने जैसे अपराध शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार, निर्वाचित सरकार सीआरपीसी की धारा-196 (1) के तहत मुकदमा चलाने हेतु कानूनी मंजूरी देने के लिए कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करेगी और एलजी मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे होंगे।*

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले हिमाचल के सीएम सुक्खू



शिष्टाचार मुलाकात में विकास कार्यों के लिए मांगी सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सुक्खू ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट करार दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में क्रियान्वित की जा रहीं विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा की और इन विकास कार्यों को गति देने के लिए केंद्र से उदार सहायता के लिए प्रधानमंत्री से अनुरोध किया।

राज्य सरकार के एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से केंद्र द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना और रोपवे के निर्माण के लिए पर्वतमाला योजना को प्रभावी ढंग से लागू करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों योजनाओं से राज्य के लोगों को बहुत लाभ होगा। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का ध्यान रोजगार के अवसर पैदा करने के अलावा संपर्क और बुनियादी ढांचे का विकास करने पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह, हिमाचली शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने सुक्खू को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी और राज्य को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

### *गृहमंत्री शाह व मंत्रियों से भी की मुलाकात*

*हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खु मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह से भी शिष्टाचार भेंट की। इससे पहले सोमवार मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति दौप्रदी मुर्मू से भी मुलाकात की थी।*

## न्यायपालिका पर केंद्र का कब्जा नहीं होने देगी जनता : केजरीवाल

● केंद्रीय मंत्री रिजिजू की टिप्पणी को गलत बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहती है।

उन्होंने न्यायिक प्रणाली पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू की हालिया टिप्पणी को भी गलत करार दिया। केजरीवाल ने रीजीजू के संबोधन का एक वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया कि देश की सभी स्वतंत्र संस्थाओं पर गैर कानूनी रूप से कब्जा करने के बाद अब ए लोग न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहते हैं। जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। न्यायपालिका के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी सही नहीं है।

रीजीजू ने गणतंत्र दिवस समारोह में कहा कि चूंकि न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें सार्वजनिक जांच का सामना नहीं करना पड़ता है, लेकिन लोग उन्हें देखते हैं और न्याय देने के तरीके से उनका आकलन करते हैं।

## सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट का पुनर्विकास करे डीडीए : एलजी

● आईआईटी दिल्ली ने अध्ययन में पाया कि यह इमारत सुरक्षित नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उत्तर दिल्ली के मुखर्जी नगर में ढांचागत रूप से क्षतिग्रस्त सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट्स के पुन:विकास के दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को आदेश दिए हैं।

वहीं इससे पहले आईआईटी दिल्ली ने अध्ययन में पाया कि यह इमारत सुरक्षित नहीं है और इसे गिराने की भी बात कही थी। राज निवास के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सक्सेना ने ठेकेदार, बिल्डर, निर्माण एजेंसी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने इमारत के निर्माण में इस खामी के आने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का पता लगाने के वास्ते सतर्कता जांच के भी आदेश दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ढांचागत रूप से क्षतिग्रस्त सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट्स के हज़ारों निवासियों को बचाने और मदद करने के लिए आगे आए हैं जो जिदंगी और संपत्ति को लेकर खतरे का सामना कर रहे हैं। अधिकारी के मुताबिक, सक्सेना ने डीडीए को समूचे अपार्टमेंट परिसर का पुन:विकास करने और निवासियों का अंतरिम व्यवस्था के तहत पुनर्वास करने का आदेश दिया है।

उन्होंने बताया कि यह उपराज्यपाल का सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को संदेश है कि कोई लापरवाही, कदाचार या सांठगांठ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शहर के निवासी सर्वोपरि हैं। ये अपार्टमेंट 2008-09 के बीच बनाए गए थे और 2011-12 में उन्हें निवासियों को आवंटित किया गया था। बहरहाल, जल्द ही फ्लैट में निर्माण संबंधी परेशानियां आने लगीं। इसके बाद लोगों ने डीडीए को शिकायत की।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने डीडीए के कहने पर 2021-22में अध्ययन किया और पाया कि यह इमारत सुरक्षित नहीं है। अधिकारी ने बताया कि अध्ययन में परिसर को खाली कराकर तोड़ने की सिफारिश की गई है।

## सड़कों से गायों को हटाने के लिए कानून के मुताबिक हो कार्रवाई : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राजधानी की सड़कों से गायों को हटाने के लिए कानून के मुताबिक कार्रवाई जारी रखें।

अदालत ने यह उल्लेख किया कि इस समस्या पर अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। साथ ही कहा कि सड़कों पर गायों की मौजूदगी के सिलसिले में एक वकील द्वारा दायर जनहित याचिका पर कोई आदेश जारी करने की जरूरत नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कियदि पहले के दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा, तो अवमानना कार्रवाई के लिए याचिका दायर की जाए।

## आठ दिव्यांग छात्र दक्षिण कोरिया में करेंगे दिल्ली का प्रतिनिधित्व

25वें विश्व स्काउट जंबूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाले 25 वें विश्व स्काउट जंबूरी में सरकारी स्कूलों के विशेष आवश्यता वाले 8 छात्र दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उनकी सरकार हर बच्चे के सवांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार सरकारी स्कूलों में भी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विभिन्न विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। नतीजतन, अब ये विशेष आवश्यकता वाले वैश्विक स्तर पर छात्र देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसी दिशा में दिल्ली सरकार के स्कूलों के 8 सीडब्ल्यूएसएन छात्रो से साथ एक 1 सदस्यों का दल 25वें विश्व स्काउट जंबोरी में दक्षिण कोरिया में भाग लेगा। इस पूरे दौरे का खर्च केजरीवाल सरकार उठाएगी।

सिसोदिया ने बताया कि विश्व स्काउट जंबूरी का आयोजन एक अगस्त से 12 अगस्त तक किया जाएगा। इसमें स्काउटिंग गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को नेतृत्व और जीवन कौशल विकसित करने और उन्हें सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

## गणतंत्र दिवस से पहले राजधानी में सुरक्षा बढ़ी

● बम निरोधक दस्ता खोजी कुत्तों के साथ बाजारों की कर रहा जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में तोड़फोड़ रोधी जांच, सत्यापन अभियान और गश्त तेज कर दी है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दल द्वारा श्वान दस्ते के साथ बाजारों, अधिक भीड़ वाले इलाकों और अन्य प्रमुख स्थानों पर तोड़फोड़ रोधी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस होटलों और लॉज आदि की जांच कर रही है और साथ ही वहां के कर्मचारियों को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए कह रही है।

पुलिस ने बताया कि सभी सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे हैं और उन्हें गणतंत्र दिवस के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस सोशल मीडिया पर भी लोगों को जागरूक कर रही है और लोगों से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु आदि के बारे में सतर्क करने के लिए कह रही है।

## दूसरे दोस्त से मिलने पर पूनावाला ने की थी श्रद्धा की हत्या

श्रद्धा हत्याकांड



### दिल्ली पुलिस ने दाखिल किया 6,629 पन्नों का का आरोप पत्र, न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा कि श्रद्धा वालकर किसी अन्य दोस्त से मिलने गई थी, जो आफताब पूनावाला को पसंद नहीं आया और वह हिंसक हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यहां साकेत अदालत में श्रद्धा हत्याकांड में पूनावाला के खिलाफ 6,629 पन्नों का आरोप पत्र दायर किया, जिसने उसकी न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ाकर सात फरवरी तक कर दी।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण) मीनू चौधरी ने कहा, घटना वाले दिन वालकर अपने एक दोस्त से मिलने गई थी, जो पूनावाला को पसंद नहीं आया, जिसके बाद वह हिंसक हो गया और उसने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 और 201 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया। उन्होंने कहा कि 150 से अधिक गवाहों के बयान दर्ज किए गए। आफताब पर अपनी लिव-इन-पार्टनर श्रद्धा की गला घोंटकर हत्या करने और उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में अलग-अलग हिस्सों में फेंकने का आरोप है। जब मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने पूछा कि आरोप पत्र कितने पन्नों का है, तो जांच अधिकारी ने कहा कि इसमें 6,629 पन्ने हैं।

इस पर न्यायाधीश ने कहा, यह बहुत बड़ा है। आखिरकार आज अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया। अदालत ने आफताब की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ाकर सात फरवरी तक कर दी। मंगलवार को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर आफताब को वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। इस दौरान, आफताब ने अदालत से कहा कि वह अपने वकील एम एस खान को बदलना चाहता है।

## डीडीए का होम लोन मेला 27 तक चलेगा

**नई दिल्ली।** हर कोई चाहता है कि उसका अपना घर हो। होम लोन यह सपना सच करने का एक अच्छा साधन है। होम लोन की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि बैंक और गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान इसे मंजूर करने में बहुत समय लगाते हैं। भले ही बैंकिंग कामकाज ऑनलाइन हो गया हो। उपभोक्ताओं की इसी दिक्कत को खत्म करने के मकसद से दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 23 से 27 जनवरी तक डी- ब्लॉक ग्राउंड फ्लोर, ऑक्शन हॉल में होम लोन मेले का आयोजन किया है।

होम लेने मेले का आयोजन पहले आओ पहले पाओ योजना के आवंटियों के लिए किया है। जिन्हें ईडब्ल्यूएस, जनता और एलआईजी फ्लैट आवंटित किए गए हैं। आवंटियों को बैंकों से लोन प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## महिला सशक्तिकरण को किन्ड्रील और सीएससी के बीच समझौता

● साइबर रक्षक कार्यक्रम ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में एक लाख से अधिक महिलाओं को सशक्त करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत गठित कंपनी सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) और दुनिया की सबसे बड़ी आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर कंपनी किंड्रिल ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में साइबर रक्षक कार्यक्रम शुरू करने के लिए भागीदारी की है। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण से संबंधित यह पहल महिलाओं को नई प्रौद्योगिकी से जुड़े कौशल से लैस करेगी और उन्हें साइबर सुरक्षा राजदूत के रूप में उभरने में मदद करेगी।

किंड्रिल और सीएससी की यह पहल सभी तक प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा पहुंचाना और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। इस पाठ्यक्रम की अवधि तीन वर्ष की है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में एक लाख से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, देश के दूर-दराज इलाकों में मौजूद सीएससी के विशाल नेटवर्क के माध्यम से भारत के 500 जिलों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 25 जनवरी , 2023





गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम स्थित चौधरी सुरेंद्र सिंह क्रिकेट पैवेलियन में गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

**गुरुग्राम।** गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामयी रूप से मनाने के लिए मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल खेल परिसर के चौधरी सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट पवेलियन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में इस बार हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को गुरुग्राम में ठीक 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे।

मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल को उपायुक्त निशांत कुमार यादव तथा पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने देखा और प्रतिभागियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक टीमों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनके माध्यम से देश की अनेकता मे एकता की छवि प्रस्तुत की जाएगी। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादीपुर के छात्र छात्राओं द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर एक भारत श्रेष्ठ भारत गीत पर जोश एवं उत्साह से भरी हुई प्रस्तुति दी जाएगी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा द्वापर युग में अधर्म पर धर्म की जीत के परिचायक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

हरियाणा की समृद्ध परंपरा से रूबरू करवाने के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशांत लोक सेक्टर-43 के छात्र-छात्राओं द्वारा हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत नृत्य का शानदार दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत चमनपुरा के हिस्से में आया 148 कनाल 12 मरले रकबा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/सोहना

**जिले** के खंड सोहना के अनुसूचित जाति के गांव चमनपुरा की सरपंच आशा पत्नी विजयपाल ने सरपंच बनते ही गांव के हिस्से की दूसरे गांव में शामिल जमीन को अपने गांव की पंचायत के कब्जे में लाने के प्रयास शुरू किये। उनके प्रयासों से अब 148 कनाल 12 मरले जमीन का रकबा अधिकारिक रूप से उनकी पंचायत में शामिल कर लिया गया है।

आजादी के बाद पहली बार लोहसिंघानी गांव से अलग होकर चमनपुरा गांव की पहली बार पंचायत बनीं।चमनपुरा की नवगठित ग्राम पंचायत को प्रचंड बहुमत से विजयी आशा पत्नी विजयपाल पहली महिला सरपंच मिली। इसके बाद उन्होंने अपने गांव की जमीन के बारे में कार्यवाही शुरू की। सरपंच आशा का कहना है कि हरियाणा सरकार व जिला उपायुक्त गुरुग्राम आदेशानुसार हदबस्त नम्बर 226 में विद्यमान साल 2018-2019 की जमाबंदी अनुसार लोहसिंघानी ग्राम पंचायत का कुल रकबा 374 कनाल 7 मरले का बंटवारा हुआ है। लोहसिंघानी ग्राम पंचायत के हिस्से में 225 कनाल 15 मरले रकबा और नवगठित ग्राम पंचायत चमनपुरा के हिस्से में 148 कनाल 12 मरले रकबा दिया है। ग्राम पंचायत चमनपुरा के हिस्से के 148 कनाल 12 मरले रकबा आया है।

सरपंच आशा का कहना है कि रकबे के बंटवारे की खास बात यह है कि सरकार ने पंचायत के आम चुनाव से पहले दोनों गांव में शांतिपूर्ण व भाई चारे को कायम रखने के लिए प्रशासकीय स्तर पर इस रकबे का बंटवारा उपायुक्त गुरुग्राम ने 2011 की जनगणना अनुसार किया है। लोहसिंघानी गांव की कुल आबादी 1159 यानी 62 प्रतिशत व चमनपुरा गांव की कुल आबादी 700 यानी 38 प्रतिशत जनसंख्या के अनुपात अनुसार तथा गांव लोहसिंघानी के भूतपूर्व ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों व ग्राम सभा के चमनपुरा गांव के हिस्से के रकबे देने के पारित प्रस्ताव नियम अनुसार किया गया। रकबे के इस बंटवारे के दौरान गांव चमनपुरा व लोहसिंघानी दोनों को अलग-अलग श्मशान घाट रास्ता सहित दिया चमनपुरा को खसरा नम्बर 74 (4-1) श्मशान घाट रास्ता सहित तथा लोहसिंघानी को खसरा नम्बर 73 (3-18) रास्ता सहित दे दिया। पहले इन दोनों श्मशान घाट पर लोहसिंघानी के लोग उपयोग करते थे। चमनपुरा गांव के लोग बिना रास्ते वाला खसरा नम्बर-75 का मरघट में शव दाह-संस्कार करने को मजबूर थे।



सरपंच आशा।

## शिक्षक कल्याण सिंह भारत के प्रयास सराहनीय: आशा

**सरपंच** आशा का कहना है कि चमनपुरा को पंचायत का दर्जा दिलाने व रकबे का बंटवारा करवाने में चमनपुरा के पेशे से शिक्षक, शिक्षाविद् व समाजसेवी कल्याण सिंह भारत ने लम्बा संघर्ष करके अहम भूमिका अदा की है। उनके प्रयास सराहनीय हैं। कल्याण सिंह भारत इन सब का श्रेय अपने मार्गदर्शक बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर को देते हैं, जिनसे उनको इस बारे प्रेरणा मिली।

# सूचीबद्ध आधार पर रखे जाएंगे लोक कलाकार

**गुरुग्राम।** सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा जिला गुरुग्राम सहित करनाल, रोहतक, हिसार, फरीदाबाद में लोक कलाकार यूनिटों तथा लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने बारे आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सूचीबद्धता तीन वर्ष के लिए होगी और उसमें निम्नलिखित पार्टियां, कलाकार दिए गए भुगतान दर अनुसार सूचीबद्ध किए जाएंगे।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि पहली श्रेणी में ड्रामा यूनिटें, जिसमें लोक नाटक पार्टियों नाटक संगीत इत्यादि शामिल हैं। इस श्रेणी की पार्टी में 10 से 15 कलाकार होंगे, जिनको 5510 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। दूसरी श्रेणी में सांस्कृतिक मण्डलियां जिसमें सामूहिक कार्यक्रम जिसमें संगीत, लोक नृत्य तथा अन्य विविध कार्यक्रम इत्यादि शामिल हैं। इस श्रेणी की पार्टी में 10 से 15 कलाकार होंगे, जिनको 5510 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। तीसरी श्रेणी में लोक कलाकार मण्डली/ पार्टी जिसमें भजन पार्टी, परम्परागत लोक गायन पार्टी/ आलहा/ जंगम और कठपुतली पार्टी इत्यादि शामिल हैं। इस श्रेणी की पार्टी में 3 से 5 कलाकार होंगे, जिनको 1378 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। चौथी श्रेणी में एकल कलाकार शामिल हैं। एकल कलाकार को 458 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। उपरोक्त दरों में एक वर्ष बाद 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि की जाएगी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि जो पार्टी/ मण्डली / कलाकार अपने कार्य में दक्ष हों।



# संक्षिप्त समाचार

## सर्दी में वंचित लोगों को दान करें कंबल व कपड़े : सुधीर सिंगला



राजेंद्रा पार्क में कंबल वितरित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने मंगलवार को राजेंद्रा पार्क में लोगों को ठंड से निजात पाने के लिए कंबल वितरित किए। इस दौरान उनके साथ अनुराग त्रिवेदी, दीपक शर्मा, सुमेर सिंह तंवर, अभिषेक गौड़, गणपत राठौड़, सुधीर भदौरिया समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ठंड का मौसम है, ऐसे में हमें ऐसे तबके को कंबल, कपड़े वितरित करने चाहिए जो कि संसाधन जुटाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम शहर में दानियों की कमी नहीं है। समय-समय पर लोग किसी न किसी रूप में दान करते हैं। अन्न, कपड़े, धन के अलावा यहां रक्तदान करने में भी लोग आगे रहते हैं। कोई दिन नहीं जाता, जब शहर में कहीं न कहीं रक्त दान शिविर लगता हो। ऐसे दानी जिस शहर में हों, वहां पर सुविधाओं से वंचित लोगों को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। गर्मी के मौसम में तो व्यक्ति किसी तरह से समय बिता लेता है, लेकिन सर्दी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने बेघर लोगों को रैन बसेरों में जाकर रहने के लिए कहा। स

## इनसो ने रवि मसीत को प्रदेश प्रभारी व अजय राव को बनाया प्रदेश अध्यक्ष



**गुरुग्राम।** छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन (इनसो) ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। इनसो ने रेवाड़ी निवासी रवि मसीत को प्रदेश प्रभारी तथा यमुनानगर निवासी अजय राव को प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इसकी घोषणा मंगलवार को गुरुग्राम में जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके की। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इनसो संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष स. निशान सिंह व अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके की गई हैं। इस अवसर पर इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल, वरिष्ठ नेता अनंतराम तंवर, राष्ट्रीय प्रचार सचिव व प्रवक्ता दलबीर धनखड़, जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा, प्रदेश सह सचिव सुरेंद्र ठाकरान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश सहरावत आदि मौजूद रहे।जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इनसो आम परिवार के युवाओं को राजनीतिक मंच देकर उन्हें आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आज युवा इनसो के माध्यम से युवाओं की आवाज बुलंद कर रहे है। दिग्विजय ने इनसो के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी की बधाई देते हुए कहा कि दोनों छात्र नेता इनसो को नई बुलंदियों की ओर लेकर जाएंगे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि दोनों ही छात्र नेता सामान्य परिवार से जुड़े है। इनसो के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी रवि मसीत कोसली हलके से संबंध रखते हैं और इनके पिता किरयाना की दुकान चलाते है। रवि ने बीए, हिस्ट्री और हिंदी में डबल एमए की है। वर्तमान में आइजीयू रेवाड़ी में एलएलबी सेकंड ईयर की शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

## संदीप नेहरा के सिर पर सजा नेहरा खाप का ताज

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री, नेहरा खाप व नेहरा खाप ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश नेहरा को मंगलवार को हजारों गणमान्य व्यक्तियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके पुत्र संदीप नेहरा को नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संदीप नेहरा ने कहा कि वे पूरे मनोयोग से इस जिम्मेदारी को सम्भालेंगे। गौरतलब है कि गत 18 जनवरी को संक्षिप्त बीमारी के चलते वयोवृद्ध नेता जगदीश नेहरा का देहांत हो गया था। मंगलवार को उनकी रस्म पगड़ी पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव कुमारी सैलजा, पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया, प्रसिद्ध उद्योगपति जगमोहन मित्तल समेत हजारों गणमान्य लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नेहरा खाप ने सर्वसम्मति से जगदीश नेहरा के पुत्र संदीप नेहरा के सिर पर नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पगड़ी बांधकर उन्हें नेहरा गौत्र के सभी सामाजिक कार्यों की कमान सौंप दी। इस मौके पर एडवोकेट सतवीर नेहरा निंदाना रोहतक, कर्नल डीवी नेहरा नियाना हिसार, कर्नल ओपी नेहरा गुढ़ा झज्जर, सुलोचना नेहरा, अमित नेहरा वरिष्ठ पत्रकार गुड़गांव, सोनाराम नेहरा नेहरो की ढाणी बाड़मेर, गोमाराम नेहरा राजस्थान, कुलवंत एडवोकेट यमुनानगर, पवन नेहरा भूडका, यशपाल नेहरा यमुनानगर, महेंद्र सिंह नेहरा हिसार, प्रदीप नेहरा प्रसिद्ध उद्योगपति हिसार, सुरेंद्र नेहरा पहलवान चांग भिवानी व कृष्ण नेहरा सुल्तानपुर समेत हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश व पंजाब समेत पूरे भारत के नेहरा गौत्र के सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।स्वर्गीय जगदीश नेहरा ने नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रहते हुए पूरे नेहरा समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था। उपस्थित सभी नेहरा गौत्रीय लोगों ने संदीप नेहरा को सामाजिक कार्यों के लिए हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

# गणतंत्र दिवस के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल में बहाया पसीना



सोहना के राजकीय कन्या वरि-नवजयठ माध्यमिक स्कूल में छात्राएं फुल ड्रेस रिहर्सल करते हुए।



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में पुलिस कर्मी गणतंत्र दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**गणतंत्र** दिवस की तैयारी को लेकर मंगलवार को स्कूली विद्यार्थियों और पुलिस कर्मियों ने फुल ड्रेस रिहर्सल की। पुलिस कर्मियों ने देवीलाल खेल स्टेडियम में तथा स्कूली विद्यार्थियों ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रिहर्सल की।

स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में खंड स्तर पर मनाया जाने वाले गणतंत्र दिवस की तैयारियों को मंगलवार को अंतिम रुप दे दिया गया। मंगलवार को देवीलाल खेल स्टेडियम में पुलिस कर्मी और एनसीसी के विद्यार्थियों ने संयुक्त रुप से पूर्वाभ्यास किया। जबकि स्कूली विद्यार्थियों ने शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फुल ड्रेस में रिहर्सल किया। जिसमें 9 स्कूलों से आए करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देश की आजादी के गणतंत्र दिवस को अमर शहीदों को सम्मान देने का उद्देश्य को रखा गया है। इसके अलावा सामूहिक व एकल डांस व गीत शामिल है। इसके अलावा युवाओं द्वारा देश के प्रति कर्तव्य को संगीत के माध्यम से दर्शाया जाएगा। स्कूली छात्राओं ने भी अपने डांस के माध्यम से देश और देश की संस्कृति को बखूबी तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। मंगलवार को देवीलाल खेल स्टेडियम में पुलिस कर्मियों की फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान डीसीपी साऊथ गुरुग्राम उपासना सिंह ने शामिल होते हुए पूर्वाभ्यास की तैयारी का जायजा लिया।

> “ **एनसीसी** के विद्यार्थी पुलिस कर्मियों के साथ कदमताल मिलाई। विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी कर ली हैं। विद्यार्थियों द्वारा 11 कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।
>
> **फिरदौस, खंड शिक्षा अधिकारी सोहना**
>
> “ **पुलिस** और एनसीसी विद्यार्थियों की फुल ड्रस रिहर्सल सफल रही है। यह रिहर्सल बुधवार को भी जारी रहेगी।
>
> **उपासना सिंह डीसीपी साऊथ गुरुग्राम**

# नवनियुक्त डीआईपीआरओ का सामाजिक संस्थाओं ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के नवनियुक्त डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार व विभाग के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान का स्वागत व सम्मान करते सामाजिक संगठनों के सदस्य।

**नवनियुक्त** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) बिजेंद्र कुमार का मंगलवार को शहर की अग्रणी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वागत और सम्मान किया। उनकी गुरुग्राम में नियुक्ति की बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उनके साथ यहां संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान का भी सम्मान किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी, मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन व एक उड़ान संस्था की ओर से दोनों अधिकारियों का सम्मान किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार, मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन से पंकज रोहिल्ला, दीपक गुप्ता, देवर्षि सचान और एक उड़ान संस्था की ओर से कल्याणी सचान ने उन्हें बुके व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।

## सोशल मीडिया का करें सही उपयोग: आरएस सांगवान

**आरएस** सांगवान ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सरकार और जनता के बीच की एक कड़ी है। आज मीडिया, सोशल मीडिया का यह जमाना है। सरकार और सरकारी विभाग भी इस प्लेटफार्म पर सक्रिय रहते हैं। हमें एक जिम्मेदारी नागरिक होने के नाते सोशल मीडिया का इस्तेमाल सकारात्मक तरीके से करना चाहिए। अच्छी सूचनाओं को एक प्लेटफार्म पर डालें। गलत, भ्रामक चीजों को फैलाने से बचना चाहिए। एक बार फिर से उन्होंने नवनियुक्त जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार को यहां नियुक्ति पर बधाई दी।

## सरकारी योजनाओं से अपडेट रहें

**डीआईपीआरओ** बिजेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का प्रमुख कार्य है। सरकार के कामकाज और योजनाओं को मीडिया, सोशल मीडिया के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी विभाग द्वारा जन-जन तक पहुंचाया जाता है। समय के साथ विभाग में भी बदलाव आए हैं। सरकार से संबंधित सूचनाएं अब सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहती हैं।

# मंडी परिसर के रास्तों से जल्द हटेगा अतिक्रमण: प्रदीप मलिक



सोहना अनाज मंडी परिसर के आम रास्ते में लगा गेट।

**सोहना।** अनाज मंडी के रास्तों में हो रहा अतिक्रमण का जल्द ही सफाया होगा। मार्केट कमेटी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। अनाज मंडी परिसर के आम रास्तों में आढ़तियों से लेकर छोटे दुकानदारों ने सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे पैदल चलने वालों काफी परेशानियां हो रही हैं।

आढ़तियों ने आम रास्तों पर पक्के गेट और ताला लगाकर अवैध कब्जे किए हुए है। इसके अलावा दो से चार फीट तक चबूतरे निकालकर फड़ बनाकर आम रास्तों पर कब्जा जमाया हुआ है। इतना ही नहीं मंडी परिसर में से जा रहे एक नाले पर कंकरीट की फर्श डाल उसे पाट कर कब्जा जमाए हुए हैं। जिससे नाले की सफाई नहीं हो पाती और गंदे पानी की निकासी रुक जाती है। मंडी परिसर में छुट्टा पशुओं का भी आतंक है। मंडी के खुले में बने फड़ पर कूड़ा-कचरा पड़ा रहता है तो अवैध रुप से वाहन भी खड़े रहते है। इसके साथ ही बेतरतीब ढंग से खड़ी फल-सब्जी की रेहड़ियों भरमार से भी आवागमन बाधित होता है।

> “ **मंडी** परिसर में अवैध कब्जों के मामले मेरे संज्ञान में अभी तक नहीं आए हैं। जिस दिन इस प्रकार की शिकायत मिलेगी। उस दिन से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **प्रदीप मलिक एसडीएम सोहना**
>
> “ **मंडी** परिसर में अवैध कब्जों को लेकर कुछ मामले अदालत में विचाराधीन है। जिनका फैसला आने पर ही उन्हें हटाया जा सकता है। इसके अलावा अन्य प्रकार की अवैध कब्जों का भी सफाया होगा।
>
> **सुनीता देवी मार्केट कमेटी सचिव सोहना**

# राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी

**सोहना।** प्रथम राष्ट्रीय स्पीड खो-खो प्रतियोगिता में भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल की छात्राओं की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी स्कूल की छात्रों की टीम दूसरे नंबर पर रही। उत्तर प्रदेश के जिला हरदोई में 21 जनवरी से 23 जनवरी के बीच में प्रथम राष्ट्रीय स्पीड खो-खो प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में आरबीएसएम विद्यालय की लड़कियों ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। आरबीएसएम विद्यालय की ही छात्रों की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में आरबीएसएम विद्यालय के 24 खिलाड़ियों ने हरियाणा प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए हरियाणा और जिला गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश से जीत हासिल करके लौटे खिलाड़ियों को विद्यालय प्रागंण में निदेशक भागीरथ राघव , उपनिदेशक विमला राघव, प्रधानाचार्या मंजू जांगिड़ ने विद्यालय चिह्न देकर सम्मनित किया। निदेशक ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जीतने पर बधाई दी तथा भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन कर देश व प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में जाने के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

# टाइड ने मेरठ में एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए खर्च प्रबंधन के लिए बिजनेस अकाउंट लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ



**एमएसएमई** के विकास की बाधाओं को दूर करने और पूरे मेरठ में एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए, यूके के प्रमुख एसएमई-केंद्रित व्यावसायिक वित्तीय मंच टाइड ने टाइड ऐप के लॉन्च की घोषणा की। यह फिनटेक का लक्ष्य इस क्षेत्र में 39,000 से अधिक एमएसएमई को समय और पैसा बचाने और उनकी विविध जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है। टाइड के सीईओ डॉ. ओलिवर प्रिल ने कहा, टाइड के पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार भारत में इस उत्पाद को लॉन्च करते हुए हमें खुशी हो रही है। भारत के 6.4 करोड़ एसएमई इसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो महत्वपूर्ण सेवाएं, नौकरियां और विकास प्रदान करते हैं। भारत में छोटे व्यवसायों के अप्रयुक्त खंड को औपचारिक रूप से शामिल नहीं किया गया है।

टाइड में हम औपचारिक अर्थव्यवस्था में एक बड़े बाजार खंड को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं काले धन और वित्तीय धोखाधड़ी जैसी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए, टाइड छोटे व्यवसायों को केवल अपने ग्राहक को जानने (के.वाई.सी) प्रक्रिया के आधार पर जोड़ेगा। यह पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं के बराबर है। एसएमई पहले दिन से सभी व्यावसायिक खाते का लाभ उठा सकते हैं। टाइड (इंडिया) के सीईओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा, टाइड में हम उद्यमियों को उनकी विकास यात्रा में समर्थन देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और मानते हैं कि हम ऐसा करने के लिए एक मजबूत स्थिति में हैं। हम उद्यमियों के लिए अपने वित्त को निर्बाध रूप से प्रबंधित करने के लिए उत्पाद की पेशकशों का विस्तार करेंगे और उन्हें एक फ्रीलांसर, एकमात्र व्यापारी, ठेकेदार या छोटे व्यवसाय के मालिक के रूप में शुरू करने का बड़ा कदम उठाने में मदद करेंगे। हम एक ऐसे उत्पाद का निर्माण कर रहे हैं जो व्यवसाय खातों और संबंधित बैंकिंग सेवाओं और अत्यधिक उपयोगी प्रशासनिक समाधानों का एक व्यापक सेट प्रदान करेगा। केवल-डिजिटल सेवा के रूप में, टाइड व्यवसाय खाता कभी भी और कहीं भी खोला जा सकता है। टाइड ऐप अब एंड्रायड उपकरणों के लिए गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। टाइड ऐप अब एंड्रायड उपकरणों के लिए गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

# ग्लेनमार्क ने कीमोथेरेपी के मरीजों के लिए लांच किया एंटीमैटिक कॉम्बिनेशन AKYNZEO®* आई.वी.

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इनोवेशन** ड्रिवेन, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने, स्विस बायोफार्मा ग्रुप कंपनी- हेलसिन के साथ एक विशेष लाइसेंस एग्रीमेंट के तहत कीमोथेरेपी की वजह से होने वाली मतली और उल्टी (सीआईएनवी) की रोकथाम के लिए भारत में पहली बार अद्वितीय आईवी इंजेक्शन फॉर्म्युलेशन, AKYNZEO® आई.वी. लॉन्च किया है।

AKYNZEO® आई.वी. फोस्नेट्यूपिटेंट (235 मिलीग्राम) और पैलोनोसिट्रॉन (0.25 मिलीग्राम) का एक निश्चित डोज़ कॉम्बिनेशन है, जो कि रेडी-टू-डाइल्यूट आईवी इंजेक्शन के रूप में उपलब्ध है। प्रत्येक कीमोथेरेपी प्रक्रिया की शुरुआत से 30 मिनट पहले इसे एक इंफ्यूज़न के रूप में एडमिनिस्टर किया जाता है, जो सीआईएनवी के तीव्र और विलंबित चरणों की रोकथाम में मदद करता है। यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही इस दवा की उपलब्धता है।

इस लॉन्च के अवसर पर आलोक मलिक, ईवीपी और बिज़नेस हेड- इंडिया फॉर्म्युलेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने कहा, ग्लेनमार्क में हम कैंसर देखभाल में मरीजों और चिकित्सकों की सहायता करने के लिए दृढ़ता से प्रयासरत हैं।

कीमोथेरेपी, कैंसर के उपचार का सबसे सामान्य रूप है, जिसमें मतली और उल्टी को दुष्प्रभाव के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे में एक सुविधाजनक, सिंगल-डोज़, रेडी-टू-डाइल्यूट आई.वी. इंजेक्शन- AKYNZEO® आई.वी. सीआईएनवी के तीव्र और विलंबित दोनों चरणों की रोकथाम में मदद करता है, जो मरीजों को कई एंटीमैटिक दवाओं से बचने और कंप्लायंस में सुधार करने में सक्षम बनाता है। जॉर्जियो काल्डेरेरी, सीईओ, हेलसिन ग्रुप, ने कहा, AKYNZEO® आई.वी. भारत में सीआईएनवी के खतरे से जूझ रहे कीमोथेरेपी से गुजरने वाले मरीजों के लिए एक नया रोगनिरोधी विकल्प होगा। ग्लेनमार्क के पास कैंसर के मरीजों के लिए सर्वोत्तम उपचार विकल्प हैं।

## कैंसर सपोर्टिव केयर थेरेपी में ग्लेनमार्क का नेतृत्व

> यह कीमोथेरेपी की वजह से होने वाली मतली और उल्टी के तीव्र और विलंबित चरणों की रोकथाम में मदद करता है

**नेशनल** कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देश में कैंसर के मामलों में वर्ष 2025 तक 12.8 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है, जो कि वर्ष 2020 में 13.9 लाख थे। ग्लेनमार्क की पकड़ भारत में कैंसर रोगियों के बीच सीआईएनवी के लिए नए और प्रभावी रोगनिरोधी उपचार विकल्पों की पेशकश करने के रूप में मजबूत रही है। लगभग दो दशक पहले, ग्लेनमार्क ने पहला NKv रिसेप्टर ब्लॉकर- Aprecap® (एप्रेपिटेंट कैप्सूल्स) लॉन्च किया, और इसके कुछ वर्षों के बाद Aprecap® आई.वी. इंजेक्शन की पेशकश की। इसके बाद वर्ष 2018 में, AKYNZEO® ओरल कैप्सूल्स लॉन्च करके ग्लेनमार्क ने देश में कैंसर सपोर्टिव केयर में क्रांति ला दी। KYNZEO® ओरल कैप्सूल्स सिंगल डोज़ के माध्यम से सीआईएनवी के तीव्र और विलंबित चरणों के रोकथाम के लिए पहली और एकमात्र सीआईएनवी रोकथाम चिकित्सा है।

# बच्चों और महिलाओं को खिलाएंगे एल्बेंडाजोल की गोलियां

कविता। फरीदाबाद

**साल** में दो बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डी वॉर्मिंग डे) मनाया जाता है। जिसके तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूली बच्चों और 20 से 24 वर्ष की आयुवर्ग की महिलाओं को पेट में कीड़े मारने की एल्बेंड़ाजोल नामक गोलियां खिलाई जाएगी। ताकि बच्चों और महिलाओं को बीमारियों से बचाया जा सके। यह बात डिप्टी सीएमओ डॉ. एके यादव ने कही। डॉ. यादव ने बताया कि 10 फरवरी को नेशनल डी वार्मिंग डे और आगामी 17 फरवरी को

### प्रदेश में 1,43,165 और जिले में 8644 को एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाने लक्ष्य

मॉकअप डे मनाया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डी वार्मिंग डे) और मॉकअप डे पर बच्चों और महिलाओं को पेट में कीड़े मारने की दवाईयां खिलाई जाती है।

**प्रदेशभर में मनेगा डे :** डिप्टी सीएमओ डॉ. एके यादव ने बताया कि प्रदेशभर के 22 जिलो में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा।


डॉ. एके यादव।

जिसमें स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से एक से 19 आयुवर्ग में 12801890 बच्चों को और 20 से 24 आयुवर्ग में 1514610 महिलाओं को एल्बेंडाजोल की 14316500 गोलियां खिलाई जाएगी। जिले में 864040 गोलियां खिलाई जाएगी। जिसमें एक से 19 आयुवर्ग में 764100 बच्चे और 99940 महिलाओं को शामिल किया गया है। नेशनल डी वार्मिंग डे पर गोली खाने से वंचित बच्चों के लिए सरकार की तरफ से मॉकअप डे मनाया जाता है। जिसमें सभी को कवर किया जाता है।

**टीमें रहेगी अलर्ट :** उप सिविल सर्जन (आरकेएसके) डॉ एके यादव ने बताया की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मोबाइल टीमें अलर्ट पर रहेगी और ऐड्वर्स इवेंट मैनजमेंट के लिए तत्पर रहेंगी। ताकि कार्यक्रम को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। इस अभियान के दौरान सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों समेत आंगनवाडी में पढ़ने वाले बच्चों और 20 से 24 आयुवर्ग की महिलाओं समेत स्लम इलाकों में रहने वालो को एल्बेंड़ाजोल नामक गोली खिलाने की योजना बनाई गई हैं। डॉ. एके यादव ने बताया कि इसके लिए आरबीएस की 11 टीमे बनी है। जिसमें एक टीम में चार सदस्य है। 44 सदस्यों के अलावा जिले में मौजूद सभी पीएचसी, सीएचसी के इंचार्ज के अलावा आरकेएसके काउंसलरों को निरीक्षण के लिए लगाया जाएगा। इसके अलावा किसी प्रतिकुल परिस्थिति से निपटने के लिए डायल 112 को तैनात किया गया है।

**ऐसे खाएंगे गोली :** डॉ. एके यादव ने बताया कि प्रदेशस्तर से आए प्लान के अनुसान एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा बनाकर खिलाई जाएगी। वहीं दो से तीन वर्ष तक की आयुवर्ग के बच्चों को पूरी गोली चूरा बनाकर खिलाई जाएगी। वहीं तीन से 19 आयुवर्ग के बच्चों को एक गोली चबाकर खाने के लिए दी जाएगी। इसके अलावा 20 से 24 आयुवर्ग की महिलाओं को भी एक गोली खाने को दी जाएगी।

# मैं जब-जब जन्मूं मुझको हिन्दुस्तान मिले

फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल


सेक्टर-12 में अग्रवाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी रिहर्सल करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मैं** जब-जब जन्मूं इस धरती पर मुझको हिन्दुस्तान मिले. . . .कुछ इस तरह के देशभक्ति गानों से 74वें गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइल रिहर्सल में हुई। जिसमें मंगलवार को ध्वज फहराया गया और परेड भी की गई।

जिले में सेक्टर-12 के अलावा उपमंडल बल्लभगढ़ और बड़खल तहसील में रिहर्सल की गई। जिसमें तीनों स्थानों पर एमडीएम ने ध्वज फहराया और खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। मंगलवार को अंतिम रिहर्सल में 26 जनवरी को आयोजित


दशहरा ग्राउंड में फुड ड्रेस रिहर्सल करते पाली सरकारी स्कूल के विद्यार्थी।

होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। बल्लभगढ़ उपमंडल में 26 जनवरी को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर होंगे। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने उपमण्डल स्तरीय समारोह के फाइनल रिहर्सल के दौरान सुबह 9:58 पर ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। फरीदाबाद में एसडीएम परमजीत चहल ने जिला स्तरीय

### 74वें गणतंत्र दिवस को लेकर तीन स्थानों पर की गई रिहर्सल

गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की अध्यक्षता की। यहां विधायक सीमा त्रिखा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। बड़खल उपमंडल में एसडीएम पंकज सेतिया ने गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल में ध्वज फहरा कर परेड की सलमी ली। 26 जनवरी को बड़खल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने वाले 74वें उपमंडल स्तरीय समारोह में पलवल के विधायक दीपक मंगला बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

**कदमताल ने पैदा किया रोमांच:** परेड कमाण्डर एसीपी विनोद कुमार के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी (पुरुष), हरियाणा पुलिस टुकड़ी (महिला), हरियाणा होमगार्ड टुकड़ी, एनसीसी सीनियर डिवीज़न विंग टुकड़ी, एनसीसी जूनियर डिवीज़न विंग टुकड़ी, सैंट जोहन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड टुकड़ी, भारतीय स्काउट टुकड़ी, भारतीय गाइड टुकड़ी, हिन्दुस्तान स्काउट टुकड़ी, हिन्दुस्तान गाइड टुकड़ी और प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट में भाग लिया गया।

**देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों ने झुमाया :** समारोह में देशभक्ति व देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत गीतों पर राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने विजयी भव गीत पर, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ की छात्राओं द्वारा हरयाणवी लोकगीत धूममची हरियाणे की, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य हरियाणा के छोरे छाये, सैन्ट जोन पब्लिक स्कूल सैक्टर-7 के विद्यार्थियों ने शिव ताण्डव पर, शिव पब्लिक स्कूल सैक्टर-56 के विद्यार्थियों ने आरम्भ है प्रचण्ड गीत पर तथा विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इग्जाम वैरियस फ्री पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें हरियाणा के अलावा पंजाब व राजस्थान की समृद्ध सहित भारत वर्ष की संस्कृति की झलक देखने को मिली।

फाइल रिहर्सल का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ। इस अवसर पर सीटीएम अमित मान, एसीपी कुशल पाल सिंह, एसीपी मुनीश सहगल, एसीपी जगबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी, डीआईपीआरओ राकेश गौतम व पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



बल्लभगढ़ में एसडीएम त्रिलोक चंद सलामी देते हुए

# दिन भर छाए रहे बादल कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी

**फरीदाबाद।** शहरभर में बीती रात से मौसम का बदला मिजाज देखने को मिला। सोमवार रात को और मंगलवार सुबह कुछ इलाकों में जहां बूंदाबांदी हुई वहीं मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहे और हवाएं चलती रहीं। इससे तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला। लेकिन वायु प्रदूषण का स्तर थोड़ा कम हो गया। वहीं हवा चलने से सुबह और शाम के समय मौसम ठंडा रहा लेकिन दिन के समय ठंड से राहत रही। ऐसे में लोग सुबह और शाम को हीटर और अलाव का सहारा लेते नजर आए। बाजारों में कुछ खास भीड़ देखने को नहीं मिली।

कृषि यूनिवर्सिटी हिसार ने 23 से 26 जनवरी तक फरीदाबाद में बादल छाए रहने का अनुमान जारी किया था। सोमवार को तो मौसम पूरी तरह से साफ रहा, लेकिन मंगलवार को इसमें बदलाव देखने को मिला। वहीं


दिनभर छाये बादलों का दृश्य।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार मंगलवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 280 दर्ज किया गया। हालांकि यह भी सामान्य से लगभग साढ़े पांच गुना अधिक है, लेकिन पिछले दिनों की तुलना में यह थोड़ा कम है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दिन में कभी-कभी हल्की धूप दिखाई देती रही, लेकिन अधिकतम समय आसमान में बादल छाए रहे। हवा चलने से सुबह व शाम के समय ठंड बनी रही। मौसम विभाग मंगलवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री व अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 'बच्चों के मनोसामाजिक कल्याण' पर ध्यान केंद्रित कर रही है रिपोर्ट

### टीआरएसी 2022 सभी बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा, मज़बूती और इससे निपटने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कोविड-19** के बीच सारा ध्यान बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक कल्याण पर केंद्रित होने के साथ, बाल रक्षा भारत ( सेव द चिल्ड्रन) ने अपनी रिपोर्ट टीआरएसी 2022- द राइट्स एंड एजेंसी ऑफ चिल्ड्रन के पहले संस्करण को लॉन्च किया है। चार यूएनसीआरसी (बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन) अधिकारों- उत्तरजीविता, विकास, संरक्षण, और सहभागिता, पर केंद्रित बच्चों के अधिकारों की प्राप्ति पर बच्चों की



स्थिति और दृष्टिकोण पर इस रिपोर्ट का फोकस है। इस साल टीआरएसी रिपोर्ट कोविड 19 के बीच 'बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक कल्याण' पर है।

इस रिपोर्ट को राकेश रंजन, अतिरिक्त सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम, नीति आयोग, के द्वारा अन्य विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जैसे प्रो. एके शिवकुमार, विकास अर्थशास्त्री एवं नीति विश्लेषक, सोलेडाड हेरेरो, बाल संरक्षण प्रमुख, यूनिसेफ, डॉ. गौरी दीवान, निदेशक, बाल विकास समूह, संगठ और दीपक कपूर, अध्यक्ष, बाल रक्षा भारत की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। दीपक कपूर, अध्यक्ष, बाल रक्षा भारत, ने सभी हितधारकों को एक साथ आकर यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा, 'महामारी के बीच भारत के बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए भारत सरकार और सभी महत्वपूर्ण विकास संस्थाओं द्वारा किए गए सुसंगत और सफल प्रयासों की इस अवसर पर हम सराहना करते हैं।

# बालिका दिवस पर दिया हाइजीन का संदेश

**फरीदाबाद।** शहर की संस्था संभार्य फाउंडेशन और जज्बा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बालिका दिवस मनाया गया। संस्थाओं ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सेक्टर 12 अचअसवीपी के पीछे बसी झुग्गी में जरूरतमंद महिलाओं को सैनिटरी पैड बांटे। जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने बताया बालिका दिवस के खास मौके पर अपनी संस्था की पूर्व सदस्या सोनाक्षी व प्रमिला को समर्पित ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बालिका दिवस को सफल बनाने के लिए जरूरी है लड़को को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास हो और लड़कियों के मान सम्मान में हर मुमकिन काम करें उन्होंने ये भी बताया कि आज लगभग 55 महिलाओं को सैनिट्री पैड दिए गए। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया यह दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश की लड़कियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

# मांगें पूरी न होने पर तीन फरवरी से होगा अंदोलन : शास्त्री

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ, हरियाणा जिला कमेटी ने मंगलवार को निगम आयुक्त को उनके कार्यालय में मिलकर मांग पत्र सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि निगम दो फरवरी तक मांगों का समाधान करे अन्यथा 3 फरवरी से निगम मुख्यालय पर आंदोलन करेंगे। संघ नेताओं ने कहा कि नगर निगम प्रशासन सरकार के छह जनवरी 2023 को जारी किए गए पत्र के अनुसार अनुबंधित आधार पर लगे सफाई कर्मचारियों एवं सीवर मैनो को सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित करने की प्रक्रिया में विलंब कर रहा है। अप्रैल 2022 से ईएसआई जमा न होने से कर्मचारियों का ईएसआई अस्पताल ने इलाज बंद कर दिया है, नियमित कर्मचारियों का भी जीपीएफ पिछले कई वर्षो से जमा न होने से लाखों रुपए का ब्याज का नुकसान कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।


निगमायुक्त को मांगपत्र सौंपते निगम कर्मी।

निगम आयुक्त से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, जिला के कार्यकारी प्रधान सुदेश कुमार, जिला सचिव नानक चंद खेरालिया ने किया साथ में सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या,सचिव कृष्ण चिंडालिया, राकेश चिंडालिया, बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन, इलेक्ट्रिशियन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवी चरण शर्मा, क्लर्क यूनियन के प्रधान रंजीत शुक्ला, ड्राइवर यूनियन के प्रधान परसराम आधाना, वेद भड़ाना, सैनिटेशन स्टाफ यूनियन के सचिव अनिल चंडालिया, जेई यूनियन के सचिव अजय शास्त्री, माली विभाग के प्रधान विनोद कुमार, अग्निशमन विभाग के प्रधान मेघ श्याम शामिल थे। संघ ने मांग पत्र में सफाई सीवर हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किए गए कर्मचारियों व इलेक्ट्रिशियन, जेई, वाटर सप्लाई, बेलदार, चालक तथा महिला कर्मचारियों की मांगों को शामिल किया है।

# सीएम फ्लाइंग ने किया बीके अस्पताल का औचक निरीक्षण

### टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष की हाजिरी की जांच, कई स्वास्थ्य कर्मी मिले अनुपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाईंग टीम ने मंगलवार सुबह बीके सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सीएम फ्लाईंग से उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार, सतबीर सिंह के संग ड्यूटी मजिस्ट्रेट नयाब तहसीलदार बड़खल, सुरेश कुमार, सीएम फ्लाईंग से बृजेश, राजेश और प्रभुदयाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। जहां उन्होंने ड्यूटी मजिस्ट्रेड की निगरानी में हाजरी रजिस्टरों की जांच की। हालांकि टीम ने किसी को परेशान नहीं किया, लेट आने वालों से कारण पूछा तो पता चला कि वह अस्पताल में अपातकालीन मरीज की जांच करने रुक गए थे। जिस पर टीम ने रिकॉर्ड लिया और लौट गई। इस दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले तो वहीं कुछ देरी से आने वाले मिले। डीएसपी राजेश चैची ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बादशाह खान सामान्य अस्पताल में काफी कर्मचारी देरी से कार्यालय में आते हैं। जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पडता है। यदि अचानक चैकिंग की जाये तो सच्चाई सामने आ सकती है। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक


बीके अस्पताल में हाजरी की जांच के बाद विचार विमर्श करते सीएम फ्लाईंग के सदस्य।

राजेन्द्र कुमार, सतबीर सिह साथी कर्मचारियों द्वारा सुरेश कुमार नायब तहसीलदार बड़खल एवं डयूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में अस्पताल की कुछ शाखाओं में कर्मचारियों की उपस्थिति को चैक की। चैकिंग के दौरान अस्पताल की पुरानी ईमारत में चल रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में कुल तीन कर्मचारियों में से दो कर्मचारी 10 बजे के बाद, जिला वैक्सीन केन्द्र में 6 कर्मचारियों में 4 कर्मचारी 9.50 के बाद व एक कर्मचारी गैरहाजिर, लेखाशाखा में कुल 22 कर्मचारियों में से 4 गैरहाजिर, जिला टीबी विभाग में कुल 31 कर्मचारियों/अधिकारियों में से 5 कर्मचारी 9.30 बजे के बाद आते पाये गये। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, डी.एन.बी. छात्र, पैरामैडिकल स्टाफ व डाक्टर स्टाफ समय पर उपस्थित मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### शौक पूरे करने के लिए चुराता था स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी सिस्टम



**फरीदाबाद।** स्मार्ट सिटी के तहत नागरिकों को सुरक्षा देने के लिए लगाए गए सीसीटीवी सिस्टम के कैमरों की बैटरी, सीपीयू आदि चोरी करने के आरोप में पुलिस ने सुनील निवासी एनआईटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के अनुसार 50 वर्षीय सुनील जुआ खेलने और नशा करने का आदी है। इसके लिए धन जुटाने की लालच में वह रातों में अपनी स्कूटी से निकलता था और स्मार्ट सिटी के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की बैटरी, स्विच और सीपीयू खोल कर ले जाता था। इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। चार दिन पहले पुलिस को मुखबिरों ने जानकारी दी कि नीलम चौक के पास एक व्यक्ति सीसीटीवी कैमरों की बैटरी खोलने की फिराक में है। इस पर क्राइम ब्रांच सेक्टर तीस की टीम ने उसे मौके से गिरफ्तार किया। पकड़े गए सुनील को तीन दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। उसने फरीदाबाद के थाना खेड़ी पुल, ओल्ड फरीदाबाद, सेंट्रल, सेक्टर 58, सेक्टर 8 और कोतवाली में एक एक चोरी की वारदात अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गईं 16 बैटरी, 3 सीपीयू, 4 नेटवर्क स्विच तथा वारदात में प्रयोग स्कूटी बरामद की। सुनील ने पुलिस को बताया कि वह नशा करने और जुआ खेलने का आदी है, अपने शौक पूरे करने के लिए वारदात अंजाम देता था।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** नाबालिग छात्रा को जान से मारने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म करने के आरोपी सोहेल उर्फ साहिल निवासी तिगांव को महिला थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के मुताबिक तिगांव थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा के स्कूल के पास ही आरोपी साहिल रहता था। आरोपी पीड़िता को स्कूल आते जाते टॉर्चर करता था। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया था। आरोपी पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। आरोपी पीड़िता पर शादी करने का दबाव बनाता। शादी न करने पर किसी दूसरी जगह उसकी शादी नहीं होने देने और छुड़वाने की धमकी देता था। पीड़िता ने परिजनो के साथ महिला थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी थी। लीगल एड के सामने पीड़िता के बयान करवाए गए। बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर महिला थाना पुलिस टीम ने आरोपी साहिल को तिगांव से गिरफ्तार किया।

### वेदो का सार है भागवत: बबली

**फरीदाबाद।** श्रीमद्भागवत कथा वेदो का सार है यह कथा अवश्य श्रवण करनी चाहिए। गांव लखलावनी मे आयोजित श्रीमद्भागवत मे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत व मान सम्मान व्यास पण्डित शिवकुमार शास्त्री जी महाराज व भागवत पूजन कर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली और उनकी टीम ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर बबली ने कहा कि कथा अमृत रसपान है श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से जीवन सुखमय बनता है। इस अवसर पर सुरेन्द्र बबली के संग परमानन्द, सुन्दर, वेदप्रकाश, अनिल, सुनील, रामजीलाल, नितिन उपस्थित रहे।

### बैठक में किसानों ने रखी अपनी समस्याएं

**फरीदाबाद।** किसान संघर्ष समिति नहरपार फरीदाबाद की मीटिंग प्रधान जगबीर सिंह नागर की अध्यक्षता में रखी गई। मीटिंग का संचालन महासचिव सत्यपाल नरवत द्वारा किया गया। मीटिंग में सम्मिलित हुए किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं व सुझाव रखे। मीटिंग में जो समस्याएं सामने आई उनमें काफी किसानों का सेशन कोर्ट का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार जो मुआवजा किसानों को दिया गया है उसमें दो महीने की ब्याज की राशि नहीं दी गई है। प्रतिवर्ष मिलने वाली रॉयल्टी भी किसानों के खाते में नहीं आ रही है। महासचिव सत्यपाल नरवत ने किसानों को आश्वस्त किया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद के प्रशासक व संपदा अधिकारी को लंबित रह गई मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा। किसानों के मुआवजे की राशि से जो टीडीएस काटा है उसको वापस लेने के लिए अपना सीए से सलाह मशविरा कर लें । मीटिंग में राजकुमार आर्य, भूपसिंह, हरपाल, चंद्रसिंह, महेंद्र नरवत, वेदपाल, जगदीश, धीरज, बाबूराम, हरिचंद, परमानंद कौशिक, अरुण त्यागी, जुगला नम्बरदार, राकेश, उमेद सिंह आदि ने भाग लिया।

### डबुआ सब्जी मंडी पार्किंग के ठेके में हुआ घोटाला: शर्मा

**फरीदाबाद।** जिले की सबसे बडी डबुआ सब्जी मंडी काफी समय से लगातार घोटालों को लेकर चचाओं में है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में पार्किंग का टेंडर निकाला गया था। जिसमें 5 व्यक्तिओं के द्वारा आनलाईन आवेदन किया गया था। एच 1.1111101, एच 2.1430708, एच 3.1477711, एच 4.1567777, एच 5.1612111 थी। नियमानुसार एच 5 को टेंडर दिया जाना चाहिए था और अगर किसी स्थिति में एच .5 वाला व्यक्ति टेंडर नहीं लेता तो टेंडर एच .4 वाले को अलाट किया जाना चाहिए था। अगर एच .5 और एच .4 दोनो ही टेंडर नही लेते तो नियमानुसार पुन टेंडर किया जाना चाहिए था जोकि नही किया गया और अधिकारियों ने मिलीभगत करके एल.3 मलिक टेड्रिंग कम्पनी को ठेका दे दिया गया। जब एच .5 और एच .4 द्वारा टेंडर नही लिया गया तो उसकी ईएमडी की राशि जब्त की जानी चाहिए थी जोकि जब्त ना करके वापिस कर दी गई। ईएमडी की राशि किसके आदेशो के तहत जारी की गई और पुन टेंडर प्रक्रिया क्यों नही किया गया यह जांच क विषय है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उन्होंने मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्य प्रशासक को लिखित इसकी शिकायत की दी गई थी। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि इस पूरे मामले में लगभग 50 लाख रूपए का घोटाला है सरकार को इसकी पूर्ण जांच करके दोषी अधिकारियों से घोटाले की राशि वसूली जानी चाहिए।

### सड़क बंद होने से बढ़ी परेशानी, फरवरी में खुलेगी एंट्री

**फरीदाबाद।** सेक्टर-दो की मुख्य सड़क को दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे लिंग रोड की सर्विस रोड का निर्माण कार्य के कारण बंद कर दिया गया है। ऐसे में लोगों को सेक्टर-तीन की तरफ से आईएमटी के सामने वाली सड़क से सेक्टर-दो में एंट्री करनी पड़ रही है। वहीं रोड का निर्माण कर रही कंपनी के प्रबंधक हर्ष के अनुसार जरूरत के कुछ जगहों पर रास्तों को बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। हम जल्द ही यहां पर काम पूरा कर सड़क को खोल देंगे। उम्मीद है फरवरी माह में एंट्री खोल दी जाएगी। बाईपास रोड को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे लिंक रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत मुख्य सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के साथ ही दोनों तरफ तीन-तीन लेन की सर्विस रोड भी बनाई जा रही है। बाईपास रोड के साथ फरीदाबाद शहर के कई सेक्टर भी बसे हुए हैं। ऐसे में निर्माण कार्य के चलते कई बार इन सेक्टरों के रास्तों को कुछ दिनों से लिए बंद करना पड़ता है। इसी क्रम में फिलहाल सेक्टर दो की मुख्य सड़क को बंद किया गया है। दरअसल इस जगह पर सर्विस रोड बनाने का काम किया जा रहा है। सर्विस रोड बनने के बाद ट्रैफिक को उस पर डायवर्ट कर मुख्य सड़क बनाने का काम किया जाएगा। सड़क बंद होने के चलते अब लोगों को सेक्टर तीन की तरफ से आने वाली सड़क और ढ्ढस्ज्ञ के सामने बनी सड़क से सेक्टर दो में एंट्री करनी पड़ रही है। उम्मीद है कि फरवरी महीने में यहां पर सर्विस रोड बनाने के बाद इस सड़क पर एंट्री को खोल दिया जाएगा।

### 90 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र द्वारा सोहम चैरिटेबल ट्रस्ट गांव मिर्ज़ापुर में नि:शुल्क स्वास्थ एवं आंखों की जांच का शिविर लगाया गया। इस कैंप में 90 लोगों की जांच की गयी। जिसमे से 18 लोगों को मोतियबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस सभी लोगों का ऑपरेशन डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में किया जायेगा। इस मौके पर सोहम चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से प्रतिमा गर्ग, इशिता गर्ग, गांव के सरपंच महिपाल, रमेश भोलू और डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र का स्टाफ उपस्थित रहा।

# अमेरिका में गोलीबारी

## हथियारों पर नियंत्रण जरूरी

**अमेरिका** में लास एंजेल्स के मोंटेरी पार्क में नरसंहार से एक बार फिर देश में हथियारों पर नियंत्रण की जरूरत सामने आई है। लास एंजेल्स में इस गोलीबारी का कथित आरोपी 72 वर्षीय व्यक्ति मारा गया है, पर इस जघन्य नरसंहार ने एक बार देश में बंदूकों पर नियंत्रण मामले में बहस तेज कर दी है। हू कान ट्रान ने 10 लोगों को मार डाला और कम से कम 10 लोग घायल हुए। उसने मोंटेरी पार्क में चीनी चंद्र नव वर्ष की पार्टी मना रहे लोगों पर बंदूक चलाई। पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे एक वैन के निकट घेर लिया। पुलिस के घेरे में फंसने के बाद उसने शायद स्वयं को गोली मार ली। मोंटेरी पार्क में गोलीबारी अमेरिका के विभिन्न भागों में हुई अनेक घटनाओं जैसी है। पिछले साल मई में टेक्सास में एक बंदूकधारी ने प्राथमिक स्कूल में 21 लोगों को मार डाला था। अमेरिका संभवत: दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां अकारण ऐसी हिंसा नियमित रूप से होती रहती है। दुनिया के सबसे खतरनाक समझे जाने वाले अफगानिस्तान व सोमालिया आदि में भी ऐसी घटनायें नहीं होती हैं, जहां कोई 'पागल' व्यक्ति अकारण लोगों व अक्सर बच्चों की हत्या कर देता हो। जिहादियों व अन्य हिंसक समूहों ने बड़े पैमाने पर नरसंहार किए हैं, पर उनका कोई उद्देश्य होता है। लेकिन अमेरिका में हुए नरसंहार किसी तर्क से परे हैं, जहां अधिकांश हत्यारे मानसिक विकृति के शिकार रहे हैं। लेकिन मानसिक विकृति वाले लोग तो सभी देशों में होते हैं, फिर वे बड़े पैमाने पर बंदूकों का प्रयोग कर केवल अमेरिका में ही हत्यायें क्यों करते हैं? विडंबना है कि अमेरिका दुनिया का सर्वाधिक विकसित देश है जहां कानून लागू करने



वाली एजेंसियों के पास अपराध से लड़ने के लिए सर्वोत्तम हथियार तथा उत्कृष्टतम उपकरण हैं, इसके बावजूद ऐसे हत्याकांड होते हैं।

मुख्यत: इसका कारण यह है कि अमेरिका में दूसरे देशों की तुलना में हथियारों पर नियंत्रण के कानून काफी कमजोर हैं। अमेरिकी संविधान के 1791 में हुए दूसरे संशोधन के अनुसार, 'स्वतंत्र राज्य की सुरक्षा के लिए अच्छी तरह नियंत्रित मिलिशिया आवश्यक है, पर लोगों के हथियार रखने के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए।' अमेरिकी कांग्रेस या संसद की वेबसाइट के अनुसार, अतीत में अधिकांश समय तक सर्वोच्च न्यायालय ने दूसरे संशोधन पर ज्यादा सवाल नहीं उठाए। उन्नीसवीं शताब्दी के कुछ मामलों में कहा गया था कि दूसरा संशोधन संघीय सरकार पर प्रतिबंध लगाता है, पर राज्यों और सरकारी कार्रवाई पर नहीं। बीसवीं शताब्दी में दूसरे संशोधन पर अदालत के एकमात्र महत्वपूर्ण फैसले के अनुसार, संशोधन के अंतर्गत संरक्षित अधिकार का संबंध केवल राज्य मिलिशिया द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कुछ किस्म के आग्नेयास्त्रों से है। अमेरिका में बंदूकों के स्वामित्व पर प्रभावी नियंत्रण समस्याओं में घिरा है क्योंकि इस मामले में रूढ़िवादियों व उदारवादियों के बीच भारी मतभेद हैं जिनका प्रतिनिधित्व क्रमश: रिपब्लिकन व डेमोक्रेटिक पार्टियां करती हैं। रिपब्लिकनों में ज्यादा कट्टरपंथियों के लिए दूसरा संशोधन 'परम पवित्र' है, इसलिए पार्टी इस पर कोई समझौता नहीं करना चाहती है। दूसरी ओर वामपंथियों से प्रभावित डेमोक्रेटों के एजेंडे में पुलिस पर खर्च घटाना तथा 'महत्वपूर्ण नस्ली सिद्धान्त' का प्रमुख स्थान है। ऐसे में समय की आवश्यकता है कि हथियारों पर नियंत्रण के मामले में दोनों पार्टियां एक मध्यमार्ग अपनायें। इस प्रयास के द्वारा ही यदि आदिम हथियार नियंत्रण कानूनों के कारण पैदा होने वाले खतरों को समाप्त नहीं तो कम अवश्य किया जा सकता है।

# संकटों में घिरे पाकिस्तान व चीन

भारत के दो पड़ोसी पाकिस्तान और चीन घरेलू समस्याओं में घिरे हैं। भारत से मुकाबले के पहले उनको इनका समाधान निकालना होगा।



**दीपक सिन्हा**
(लेखक, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

हालांकि, भारत में कुछ ही महीनों में 'चुनाव प्रचार का मौसम' शुरू हो जाएगा, पर इसके बावजूद हमारी सुरक्षा अवस्थापना अनेक कारणों से राहत की सांस ले रही है। इसके पीछे वजह यह है कि हमारे दो प्रमुख विरोधी पाकिस्तान और चीन अपने देशों में अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, इन परिस्थितियों को ज्यादातर उन्होंने ही जन्म दिया है, लेकिन इन अत्यन्त गंभीर समस्याओं के कारण उनके नेतृत्व को ज्यादातर घरेलू मसलों पर ध्यान देना पड़ रहा है। वैसे तो पाकिस्तान अपने जन्म के बाद से ही लगतार एक के बाद दूसरी समस्या का शिकार होता रहा है, पर इनकी गंभीरता कभी आज जैसी नहीं थी। पाकिस्तान जैसे देश के लिए यह समस्या उस समय की तुलना में कम गंभीर नहीं है जब केवल पांच दशक पहले वह दो देशों में बंट गया था। पिछले वर्षों में पाकिस्तान में आतंकवाद का बहुआयामी विकास हुआ है जिसे उसके ही शासक वर्ग ने पाला-पोसा है। इसके कारण भारत तथा अफगानिस्तान समेत अनेक देशों को आतंकवाद का शिकार बनना पड़ा है और अब आखिरकार इस आतंकवाद रूपी राक्षस ने अपने ही 'मालिक' पर निशाना लगा दिया है। पाकिस्तान को लगातार उसी तालिबान से दुश्मनी का सामना करना पड़ रहा है जिसे उसने ही जन्म दिया था। तालिबान अब स्वयं को केवल पश्चिमी सीमा तक सीमित नहीं रखना चाहते हैं। पाकिस्तान को तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी से अपने अस्तित्व पर भयानक खतरा महसूस हो रहा है जिसके तालिबान से नजदीकी संबंध हैं। यह खतरा पहले की तुलना में आज बहुत ज्यादा भयंकर हो गया है।

इसके साथ ही पाकिस्तान को अनेक अन्य गंभीर समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। इन समस्याओं में गहराई तक विभाजित सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य, कई प्रांतों में जनता के बीच लोकप्रिय होते अलगाववादी आंदोलन, सेना के जनरलों के खिलाफ जनता में स्पष्ट




रूप से दिखने वाला गुस्सा, सैनिक अवस्थापना में व्याप्त भयंकर भ्रष्टाचार के साथ ही पिछले महीनों में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में जनता का विस्थापन शामिल हैं। लेकिन इन सबसे अधिक खतरनाक पाकिस्तान का लगभग दीवालिया होना है जो 'ऊंट की कमर तोड़ने वाला आखिरी तिनका' साबित हो सकता है। पाकिस्तान न केवल दूसरे देशों से मिलने वाली 'खैरात' पर जीवित है, बल्कि वह अपने नागरिकों को 'रोटी, कपड़ा व मकान' जैसी जरूरत की मूलभूत चीजें देने में भी लगातार विफल होता जा रहा है। ऐसे में उसके पास भारत के बारे में चिन्ता करने का ज्यादा समय या अवसर नहीं है। इन समस्याओं के चलते उम्मीद यही है कि निकट भविष्य में वह वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलओसी पर वर्तमान युद्धविराम तोड़ने की स्थिति में नहीं आ पाएगा। लेकिन इसके बावजूद वह जम्मू कश्मीर में हस्तक्षेप का कोई प्रयास नहीं छोड़ रहा है। इसका कारण यह है कि पाकिस्तान के जिहादी समूह अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए जम्मू कश्मीर में अराजकता व आतंक पैदा करने पर ही निर्भर हैं। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद जम्मू कश्मीर में 'भारत-विरोधी' गतिविधियों में ज्यादा तेजी आने की आशंका नहीं है।

निश्चित रूप से चीन का मामला एकदम अलग है। हालांकि वह स्वयं अपने द्वारा पैदा की गई गंभीर आंतरिक चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके चलते चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अपने कदम पीछे खींचने पड़े हैं। चीन में आंतरिक समस्याओं के कारण उसकी आर्थिक गतिविधियों को बड़ा धक्का लगा है और केवल आने वाला समय ही बताएगा कि इनमें पुन: उभार कब आएगा। समग्र रूप से देखा जाए तो यह लगभग स्पष्ट है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग व चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के देश पर नियंत्रण में कुद कमी आई है और अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि उनका नियंत्रण पहले की तरह कब बहाल हो सकेगा। इसका कारण यह है कि जनता में शी जिनपिंग व सीसीपी के प्रति विश्वास में भारी कमी आई है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी बहाल होने में अभी समय लगेगा, खासकर रियल इस्टेट या आवासीय बाजार तथा राज्य का कर्ज घटाने में काफी समय लगेगा। लेकिन इससे हमारी सुरक्षा अवस्थापना को ज्यादा राहत नहीं मिलेगी क्योंकि चीनी अवस्थापना पर शी जिनपिंग की पकड़ फिलहाल ढीली होने वाली नहीं है। इसके साथ ही यह खतरा भी है कि वे आंतरिक समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए भारत के साथ युद्ध जैसी स्थितियां पैदा कर सकते हैं जैसा माओ ने 1962 में किया था।

भले ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग की प्रमुख इच्छा जल्दी से ताइवान को चीन से मिला लेने की है, लेकिन वे भी समझते हैं कि इसके लिए महत्वाकांक्षी हमला एक अत्यधिक खतरनाक कदम होगा। द्वितीय विश्व युद्ध में नारमैंडी पर मित्र राष्ट्र शक्तियों का हमला अत्यधिक श्रेष्ठता वाली स्थिति से किया गया था, जब उनके ऊपर कोई हवाई या नौसैनिक हमला होने की संभावना लगभग नहीं थी। उस समय तट पर उतरने वाले सैनिक बलों में 5,000 जहाज व 2,00,000 से अधिक सैनिक थे, जबकि उनका मुकाबला करने के लिए नारमैंडी में केवल 80,000 सैनिक व एक पैंजर डिवीजन थी। इसके साथ ही नारमैंडी ब्रिटिश बंदरगाहों से कुछ ही घंटे की दूरी पर था तथा मित्र राष्ट्र शक्तियों को फ्रांस में प्रतिरोधी शक्तियों की ओर से सक्रिय सहायता का पूरा आश्वासन था। इन सबके बावजूद जनरल आइज़नहावर ने स्वीकार किया था कि उनको विजय का निश्चित विश्वास नहीं था।

इसके विपरीत चीन द्वारा ताइवान पर संभावित हमले की स्थिति एकदम अलग होगी। ताइवान पर थल व नौसेना के हमले में समुद्र पार करने में लगभग नौ घंटे का समय लगेगा। इसके साथ ही 'प्लान' सैनिक बलों को अत्यधिक कठोर मुकाबले का सामना करना पड़ेगा। ताइवान में हमलावर चीनी सेना का मुकाबला जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और मिसाइलों से होगा। यदि इसके बावजूद चीनी सेना ताइवान के तटों पर उतरने में सफल हो जाती है और अपनी स्थिति मजबूत कर लेती है तो भी उसे वहां जनता व सशस्त्र बलों का भारी विरोध झेलना पड़ेगा। निश्चित रूप से शी जिनपिंग वह गलती नहीं करना चाहेंगे जो गलती पुतिन ने यूक्रेन में की है।

इसे देखते हुए शी जिनपिंग दूसरे स्थानों पर आसानी से मिलने वाले नतीजे प्राप्त करना चाहेंगे। इसके लिए वे भारत की सीमा या वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर दु:साहस कर सकते हैं। यहां उनका सामना भारतीय नेतृत्व से होगा जो जनता को चीनी आक्रामकता के खिलाफ तैयार कर रहा है, पर यथासंभव सीमा पर यथास्थिति बनाए रख कर युद्ध नहीं भड़काना चाहता है। चीन जानता है कि यदि भारत को उसकी सीमाओं पर घेरे रखा जाए तो वह अपनी सेना पर ज्यादा निवेश करने को मजबूर होगा तथा वैश्विक परिदृश्य में चीन का बड़ा प्रतियोगी नहीं बन सकेगा। इसके अलावा यदि चीन ताइवान पर हमला करना चाहता हो तो उसे अपनी अन्य सीमायें सुरक्षित रखनी होंगी। लेकिन इस रणनीति में भी समस्यायें हैं और यदि शी जिनपिंग इनको अनदेखा करते हैं तो संकट में फंस सकते हैं। वर्तमान समय में जारी रूस-यूक्रेन युद्ध से स्पष्ट है कि तिब्बत में उनका विशाल प्रशासनिक ढांचा मुख्यभूमि से एक दुर्गम 2,000 किलोमीटर लंबे सड़क व रेल मार्ग से जुड़ा है। ऐसे में चीनी सेना-पीएलए के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद ऊंचाई पर स्थित रेगिस्तान में होने के कारण इनका पता लगा कर इनको आसानी से नष्ट किया जा सकता है।

लेकिन चीन की सबसे बड़ी समस्या उसके सैनिकों की गुणवत्ता है। सोवियत व रूसी बलों की तरह संगठित व प्रशिक्षित चीनी सैनिकों का प्रशिक्षण बहुत खराब है तथा युद्ध का कोई अनुभव न होने के कारण उनमें प्रेरणा का अभाव है। रूसियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है और चीन को भी इस बारे में सोचना होगा। ऐसा खासकर इसलिए भी है कि उसे एक नियमित, सुप्रशिक्षित व अभिप्रेरित भारतीय सेना का मुकाबला करना होगा जिसे पहाड़ों व ऊंचाई वाले स्थानों पर युद्ध का काफी अनुभव है। हाल में यांगज़ी पर चीनी हमला भारतीय सेना की सतर्कता व सैनिकों की गुणवत्ता की परीक्षा के लिए था। चीन के लिए यह अनुभव बहुत खराब था, लेकिन इसके बावजूद इसने भारत को और तैयारी का अवसर दिया है। हमें यह अवसर गंवाये बिना जल्दी से जल्दी अपनी सेना को और मजबूत करना होगा।

# अर्थव्यवस्था के लिए अनुत्पादक है सोने की लोकप्रियता

> सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक को अत्यधिक सोना रखने के खिलाफ लोगों को हतोत्साहित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।



**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)

भारत सोने के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है और बढ़ती समृद्धि इसकी मांग में वृद्धि कर रही है। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुमान के अनुसार वर्ष 2019 में, भारतीय घरों में 25,000 टन तक सोना जमा हो सकता है, जिससे दुनिया के सबसे बड़े धातु धारकों के टैग को बरकरार रखा जा सकता है। मूल्य के संदर्भ में, यह 1300 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का हो सकता है। चूंकि सोना कुछ भी उत्पादन नहीं कर सकता है, यह एक अनुत्पादक संपत्ति है। मूल्य के संदर्भ में इसकी वृद्धि इस विश्वास पर निर्भर करती है कि भविष्य में कोई और इसके लिए अधिक भुगतान करेगा। यदि शेयरों या ऋण उपकरणों में कोई निवेश किया जाता है, तो यह देश की उत्पादकता और आर्थिक विकास में योगदान देगा। सोने का ढेर सोने का वही ढेर रहेगा चाहे कितना भी समय बीत जाए। एकमात्र अपवाद तब होता है जब इसका उपयोग कुछ औद्योगिक उत्पादन में छोटे रूप में किया जाता है। अलग-अलग समय पर, भारत सरकार ने लोगों द्वारा सोना रखने को कम करने के लिए कदम उठाए हैं। 1965 में, बेहिसाब धन के लिए कर छूट के साथ एक स्वर्ण बांड योजना शुरू की गई थी। 1968 में, सरकार व्यक्तिगत कब्जे में सोने की बिक्री और धारण को नियंत्रित करने के लिए स्वर्ण (नियंत्रण) अधिनियम लेकर आई।

इस अधिनियम ने बैंकों द्वारा दिए गए सभी स्वर्ण ऋणों को वापस लेने और सोने में वायदा कारोबार पर प्रतिबंध लगाने में सक्षम बनाया। आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत करते हुए 6 जून, 1990 को स्वर्ण नियंत्रण अधिनियम को समाप्त कर दिया गया था।

हालांकि, सरकार आम जनता द्वारा सोने की धारिता को कम करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर विचार कर रही थी। सरकार एक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम जारी कर रही है और कोई भी वास्तव में इसे धारण किए बिना सोने में निवेश कर सकता है। परिपक्वता



पर निवेशक के पास सोने के बराबर मूल्य हो सकता है और बांड व्यापार योग्य भी होते हैं। वह कुछ ब्याज भी कमा सकता है। हालांकि सरकार ने सिर्फ 1000 रुपये ही वसूले हैं। अगस्त 2021 में वित्तमंत्री के बयान के अनुसार लॉन्च के बाद से 31290 करोड़।

फिर भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से एक नई स्वर्ण जमा योजना लाई गई ताकि लोग सरकार को सोना जमा कर सकें, योजना अवधि के दौरान ब्याज अर्जित कर सकें और परिपक्वता पर स्वर्ण बुलियन या नकद समतुल्य प्राप्त कर सकें। लेकिन जैसा कि निवेशकों को सोना जमा करने के लिए गहनों को पिघलाना पड़ता है, यह योजना लोगों के लिए आकर्षक नहीं थी। ऐसा लगता है कि केवल बड़े मंदिर ही भक्तों द्वारा चढ़ाए गए गहनों को गलाकर सोना जमा करते हैं। जब ये सभी योजनाएं वांछित परिणाम देने में विफल रहीं, तो यह अजीब है कि आरबीआई बैंकों और एनबीएफसी से सोने के गहनों के बदले भारी मात्रा में ऋण सुविधा की अनुमति दे रहा है। बैंकों द्वारा वितरित सोने के आभूषणों के खिलाफ ऋण सितंबर 2020 के अंत में 46,791 करोड़ से बढ़कर सितंबर 2021 तक 72,111 करोड़ और सितंबर 2022 तक 80,617 करोड़ हो गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, सोने के खिलाफ बकाया ऋण लगभग दोगुना होकर बढ़ गया। वित्त वर्ष 21 में 60,464 करोड़ रुपये के मुकाबले। वित्तवर्ष 20 में 33,303 करोड़। आरबीआई बुलेटिन दिनांक 17 03 2022 के अनुसार 28 01 2022 को बकाया रु. 69521 करोड़। वाईओवाई 2022 की वृद्धि 32.9 प्रतिशत थी। सोने के एवज में व्यक्तियों को दिए गए अग्रिमों पर एनबीएफसी के पास बकाया रुपये था।

मार्च 2020 में 34678 करोड़ रु. और मार्च 2021 में 94840 करोड़ रुपए। सितंबर 2021 में 114013 करोड़। आरबीआई प्रकाशन दिनांक 29 12 2021 के अनुसार 2020-21 में प्रतिशत भिन्नता 173.5 है। यह अजीब है कि एनबीएफसी द्वारा गहना ऋणों के भारी संवितरण की मौन स्वीकृति है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि देश की संस्कृति में सोने की एक केंद्रीय भूमिका है और इसे मूल्य का भंडार, धन और स्थिति का प्रतीक और हमारे देश में कई अनुष्ठानों का एक मूलभूत हिस्सा माना जाता है। देश की ग्रामीण आबादी के बीच, निवेश के रूप में आभूषणों की सुवाह्यता और सुरक्षा के व्यावहारिक विचारों के साथ-साथ सोने के प्रति गहरा लगाव है। लेकिन ये सभी इसे उत्पादक संपत्ति नहीं बनाते हैं। सोने के गहनों के बदले उदार उधार बंद करने से लोगों को अपनी होल्डिंग को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वास्तव में ऐसे ऋणों के लिए उच्च मार्जिन और उच्च ब्याज दर होनी चाहिए। पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत द्वारा आयातित सोने का विदेशी मुद्रा मूल्य रुपये था। 3440.94 रुपये (वित्तीय वर्ष 2022)। 2542.88 (वित्त वर्ष 2021) और 1992.50 (वित्त वर्ष 2020)।

हम आमतौर पर हर साल 1,000 टन सोने का आयात करते हैं, और यह अनुमान है कि अनौपचारिक चैनलों के माध्यम से और 200 टन सोना जोड़ा जाता है। होल्ड के आयात के लिए विदेशी मुद्रा का पर्याप्त व्यय होता है। सरकार और आरबीआई को सोने जैसी अनुत्पादक संपत्तियों के अत्यधिक धारण के खिलाफ लोगों को हतोत्साहित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। एकमुश्त प्रतिबंध सही समाधान नहीं दे सकता क्योंकि यह प्रति-उत्पादक होगा।

## आप की बात

### बदहाल पाकिस्तान

**इन** दिनों कंगाली के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान में आटा. दाल. चावल गरीब की पहुंच से बिल्कुल बाहर हो गए हैं। ऐसे में दुख है कि पाकिस्तानी आका बलूचिस्तान एवं गुलाम कश्मीर को सर्वाधिक खाने-पीने के लिए तरसा रहे हैं। पाक अधिकृत कश्मीर, बलूचिस्तान और सिंध जरूरी संसाधन से इमरान सरकार के समय से ही महरूम कर दिए गए थे। इन तीनों प्रांतों को आज बेसहारा छोड़ दिया गया है यही कारण है कि यह तीनों प्रांत आज पाकिस्तान से दुखी एवं नाराज़ होकर अपने लिए आजादी की भी मांग कर रहे हैं। इन दिनों हर तरह का संकट झेल रहा पाकिस्तान आज कल राष्ट्रीय ग्रिड फेल होने से अब इस्लामाबाद कराची लाहौर जैसे बड़े शहरों में 24 घंटे का अंधकार भी झेल रहा है। इस अंधकार के कारण कई तरह काम बंद हो कर रह गए हैं। पाकिस्तान की जनता अपने आकाओं व खासकर फौजी शासकों व कट्टरपंथी मौलानाओं द्वारा रचे भारत-विरोधी संजाल का शिकार हो गई है। विडंबना है कि आज भी आतंकी और जिहादी भारत, खासकर जम्मू कश्मीर में अपनी घृणित गतिविधियों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके कारण भारत समेत सारी दुनिया में आम पाकिस्तानी नागरिक की छवि भी खराब हो रही है।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### भोजन के तीन रंग

**भारत** का तिरंगा दुनियाभर में आजाद भारत की पहचान को दर्शाता है। अब बिहार में तिरंगा, खानपान व आजीविका का भी अहम हिस्सा बन गया है। बिहार के लगभग 6 जिलों में तिरंगा भोजन उगाने और खाने का काम चल रहा है। मधुबनी में करीब 16 एकड़ जमीन पर कई पोषण वाटिकाएं बनाई गई है। जहां तिरंगे के तीन रंग को ध्यान में रखते हुए नारंगी या केसरिया, सफेद और हरे रंग की सब्जियां, अनाज, फल और तमाम खाने.पीने की चीजें उगाई जा रहीं हैं। इसके लिए एक संस्था गांव की महिलाओं को तिरंगा फूड की ऑर्गनिक खेती और पोषण वाटिका की ट्रेनिंग दे रही हैं। तिरंगा फूड के नारंगी या केसरिया रंग में गेहूं, गाजर, पपीता, पीली दालें, केला, टमाटर और राजमा आदि चीजें शामिल हैं। सफेद रंग में पनीर, दूध, चावल, मूली, शलजम और लहसुन आदि शामिल हैं। हरे रंग में मटर, पालक, बथुआ, मेथी, बीन्स, हरे चने, चौलाई, हरी मिर्च, भिंडीए खीरा, धनिया, हरी प्याज, लौकी, करेला व तुरई आदि शामिल हैं। इस प्रयोग से पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण तथा महिलाओं का आजीविका संवर्धन भी हो रहा है।

**निधि जैन,** गाजियाबाद

### नया शीत युद्ध

**यूक्रेन** में रूसी हमला विश्व को शीत युद्धकालीन दौर में लेकर चला गया प्रतीत हो रहा है, जब नाटो एवं वारसा गुट के बीच दुनिया भर के देश विभाजित थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद वह मनमुटाव एवं गुटबाज़ी का दौर खत्म हुआ था। मास्को ने घोषणा की कि वह अपने यहां से ऐस्टोनिआ के राजदूत को निकाल रहा है। बदले में एस्टोनिया ने जवाब में रुसी राजदूत को देश छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दे दिया है। पिछले सप्ताह यूरोप के 11 देशों ने यूक्रेन को हथियार देने की घोषणा के बाद यह स्थिति पैदा हुई है। इन देशों में एस्टोनिया, ब्रिटेन, पोलैंड, लातविया, लिथुआनिया, डेनमार्क, चेक गणराज्य, जर्मनी, नीदरलैंड, स्लोवाकिया और स्पेन शामिल थे। मगर रूस ने सबसे कमजोर कड़ी यानी ऐस्टोनिआ के खिलाफ कार्रवाई की है। क्या बाद बाकी देशों पर भी इसी तरह का एक्शन लिया जायेगा? दक्षिण अफ्रीका ने रूस का साथ देने का प्रण लिया है। भारत भी रूसियों के साथ परोक्ष रूप से ही सही खड़ा है। चीन भी रूस के साथ है। इस प्रकार स्थिति विस्फोटक हो रही है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**देश** में घृणा की बात करने वाले लोग भारत को बदनाम कर रहे हैं।
– **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**सरकार** युद्धस्तर पर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि देश में कोई बीबीसी शो न देखे।
– **महुआ मोइत्रा**
टीएमसी सांसद



**हमारे** विचार से यह एक खास अपमानजनक विमर्श प्रसारित करने वाला प्रचार है।
– **अरिंदम बागची**
विदेश मंत्रालय प्रवक्ता

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 25 जनवरी, 2023



# लोक गाथा व परम्परा को जीवित रखती हैं गायन और वादन शैलियां

● मुख्यमंत्री से उत्तराखंड के लोक कलाकारों ने भेंट की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर उत्तराखण्ड राज्य के लोक कलाकारों ने भेंट की। उत्तराखण्ड के लोक कलाकारों का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गायन और वादन शैलियां लोक गाथा तथा लोक परम्परा को जीवित रखती हैं। लोक परम्पराओं के संरक्षण के लिए आवश्यक है कि लोक कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्हें अपनी कला को प्रस्तुत करने के लिए आकाशवाणी तथा दूरदर्शन सहित क्षेत्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराए जाएं। इससे कला को संरक्षित करते हुए इस धरोहर को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि जागर विधा उत्तराखण्ड की विरासत है। इसे संरक्षित करना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में जागर विधा के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। ज्ञातव्य है कि जागर विधा में देवी-देवताओं का अवाहन कर विभिन्न वाद्य यंत्रों के माध्यम से पूजा करने की प्रथा है। मुख्यमंत्री ने सभी कलाकारों को ओडीओपी उपहार भेंट किये। उत्तराखण्ड के लोक कलाकार मोहन चन्द्र जोशी ने मुख्यमंत्री को लोकवाद्य हुड़का एवं अपने हाथों से बनाए गए बांसुरी भेंट की।

## ट्यूबवेल ऑपरेटरों पर नई पेंशन स्कीम ही होगी लागू: हाईकोर्ट

● सैकड़ों ऑपरेटरों की कुल 144 याचिकाओं को किया निस्तारित

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 1987 से 1994 के बीच पार्ट टाइम ट्यूबवेल ऑपरेटर के पद पर नियुक्त कर्मचारियों पर नई पेंशन स्कीम ही लागू होगी। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यह आदेश सैकड़ों ट्यूबवेल ऑपरेटरों की याचिकाओं पर दिया है। पीठ ने कहा है कि वर्ष 2008 से 2009 के मध्य इन कर्मचारियों का नियमितीकरण हुआ था और उस समय पुरानी पेंशन स्कीम लागू नहीं थी। जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की एकल पीठ ने यह आदेश सैकड़ो ट्यूबवेल ऑपरेटरों की कुल 144 याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिया है। पीठ का कहना था कि याचिकाकर्ताओं की नियमितीकरण की तिथि से ही उनके पेंशन के लिए ष्क्वालिफाइंग सर्विस की गणना की जाएगी। पीठ ने इस संदर्भ में राज्य सरकार को तीन माह में विचार कर निर्णय लेने का आदेश दिया है।

# अखिलेश बयान से असहमत तो स्वामी प्रसाद को बर्खास्त करें: केशव मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बीजेपी मुख्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरित मानस पर दिए विवादास्पद बयान पर अखिलेश यादव से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह स्वामी प्रसाद नहीं बल्कि अखिलेश यादव का बयान है। उन्होंने कहा कि दूसरों से बयानबाजी के बजाय अखिलेश यादव खुद स्पष्ट करें कि वे बयान का समर्थन करते हैं या विरोध।

केशव मौर्य ने कहा कि अखिलेश यदि इस बयान से सहमत नहीं हैं तो स्वामी प्रसाद को पार्टी से बर्खास्त करें। स्वामी प्रसाद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि घाट-घाट का पानी पीकर आए सपा के एक नये नवेले नेता अखिलेश यादव के भोंपू बने हुए हैं। उन्होंने अखिलेश यादव पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और तमाम हिंदुओं की भावनाएं आहत करने वाली बयानबाजी कराने का आरोप लगाया। लोहिया के विचार से सहमत या नहीं, केशव ने कहा कि जिन राममनोहर लोहिया के नाम पर सपा राजनीति करती है उन्हीं लोहिया जी ने राम को भारत का कर्म, कृष्ण को हृदय और शिव को मस्तिष्क बताया था। सपा मुखिया को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि वे लोहिया के इस बयान से सहमत हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि 2019 के कुंभ में डुबकी लगाने और खुद को राम कृष्ण का वंशज कहने वाले अखिलेश यादव का रामभक्तों की भावनाएं आहत करने वाले इस बयान पर चुप रहनाए यूपी के माहौल को खराब करने का असफल प्रयास है। उन्होंने कहा कि सपा का इतिहास ही रामभक्तों को जेल में ठूंसने और उन पर गोली चलवाने का रहा है। चौपाई को लेकर विवाद के मसले पर उन्होंने कहा कि हम तो रामचरित मानस के हर शब्द को आदर्श मानते हैं। बिहार में जो काम लालू प्रसाद की पार्टी कर रही है, वही यूपी में अखिलेश यादव और उनका दल कर रहा है।

## बच्चों को बेहतर ज्ञान के साथ टेक्नोलाजी से जोड़ा: संदीप सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित सभी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को बेहतर सुविधा और शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, छात्र-छात्राओं को लैपटॉप-टैबलेट्स भी उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए संदीप सिंह ने कहा कि बच्चों को टेक्नोलॉजी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है। आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। घर-घर तक टेक्नोलॉजी पहुंच चुकी है छोटी उम्र में ही बच्चे काफी कुछ सीख सकते हैं इसलिए यह प्रयास है कि बच्चों को बेहतर ज्ञान प्रदान करते हुए टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोटीवेशन एवं डायरेक्शन की जरूरत है बच्चा किस फील्ड में जाना चाहता है उसको पहले से ही उसी फील्ड के लिए तैयारी कराई जाए। जिससे बच्चा अपने उस फील्ड में अच्छा प्रदर्शन करें और अपना नाम रोशन कर सके। निदेशक एससीईआरटी डॉ अंजना गोयल ने कहा कि राज्य स्तर पर इस पहली बृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## गणतंत्र दिवस पर किए जाएं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम: डीजीपी

● महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के शुरू होने से पूर्व कराई जाए एंटीसेबोटॉज चेकिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने निर्देशित किया है कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण आयोजनों व कार्यक्रमों के प्रारम्भ होने से पूर्व एन्टीसेबोटॉज चेकिंग कराते हुए विशेष सुरक्षा प्रबन्ध किए जाएं। रूफ टॉप ड्यूटी लगाई जाए तथा सुनियोजित ट्रैफि क प्रबन्ध किए जाएं।

रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, सिनेमाहाल, मल्टीप्लेक्स, मनोरंजन के स्थल, शापिंग मॉल, होटल, धर्मशाला, गेस्टहाउस जैसे स्थानों आदि पर विशेष रूप से सुरक्षा प्रबन्ध किए जाएं तथा सुरक्षा कर्मियों को विधिवत ब्रीफ करने के उपरान्त ड्यूटी पर लगाया जाए। प्रदेश एवं जनपदों के समस्त प्रवेश द्वारों पर निरन्तर प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित की जाए। समस्त चेक पोस्ट एवं बैरियर ड्यूटी को सर्तक व समुचित ब्रीफ किया जाए। सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता को चेक कर लिया जाए। मानव रहित वायुयान, ग्लाइडर एवं ड्रोन आदि की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। जनपदीय आसूचना तंत्र व सोशल मीडिया को और अधिक सक्रिय कर दिया जाए। अवैध शस्त्रों, कारतूसों, शराब एवं विस्फोटक पदार्थो की तस्करी रोकने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए स्थायी चेक पोस्ट के अतिरिक्त अस्थायी चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की आकस्मिक चेकिंग करायी जाए।

## आगामी शिक्षण सत्र के लिए चार पाठ्यक्रमों की रूपरेखा की गई तैयार

● पढ़ाई की शुरुआत कराने के लिए स्टाफ की तैनाती कराने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रमुख** सचिव गृह संजय प्रसाद ने निर्देशित किया है कि इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेन्सिक साइंसेज, लखनऊ में आगामी शैक्षणिक सत्र से कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ कराने के लिए आवश्यकतानुसार आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा ली जाए। आगामी शिक्षण सत्र के लिए चार पाठ्क्रमों क्रमशः एमएससी फोरेन्सिक साइन्स, पीजी डिप्लोमा इन फोरेन्सिक डाक्यूमेन्ट इग्जामिनेशन, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज तथा पीजी डिप्लोमा इन फिंगर प्रिन्टिंग साइंस के पाठ्यक्रम प्रारम्भ कराए जाएंगे।

प्रमुख सचिव गृह मंगलवार को नवनिर्मित होने वाले स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेन्सिक साइंसेज, लखनऊ के संचालन के लिए गठित बोर्ड आफगवर्निंग बाडी की लोकभवन में आयोजित पांचवी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज, लखनऊ के संचालन के लिए 103 पदों के सापेक्ष 38 पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियमानुसार शीघ्र भरे जाने पर भी विचार किया गया ताकि शैक्षणिक कार्यों के संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सके। इस संस्थान में आउटसोर्सिंग से भरे जाने वाले पदों की शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी के तत्काल कार्रवाई पूर्ण किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इंस्टीट्यूट में आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षण कार्य की शुरूआत किये जाने सहित सभी जरूरी बिन्दुओं पर बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया।

## शस्त्र लाइसेंस फर्जीवाड़ा मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एमपी**-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने लखनऊ से जारी असलहे का लाइसेंस बगैर सूचना दिए नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित कराने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम अब्बास अंसारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम अब्बास अंसारी के अपराध को गंभीर करार दिया है। पूर्व विधायक मुख्तारी अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी मऊ से विधायक हैं व इस समय चित्रकुट जेल में न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं। बीते 21 जनवरी को अब्बास को इस मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

सहायक अभियोजन अधिकारी सोनू सिंह राठौर ने जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि इस मामले में मुल्जिम के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। 12 अक्टूबर 2019 को इस मामले की एफआईआर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने थाना महानगर में दर्ज कराई थी। वर्ष 2012 में लखनऊ के जिलाधिकारी ने अब्बास अंसारी के नाम डीबीबीएल गन का लाइसेंस जारी किया था। अब्बास अंसारी ने इस लाइसेंस को नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित करा लिया लेकिन इसकी पूर्व सूचना थाना महानगर को नहीं दी। जिसकी वजह से एक ही शस्त्र दो राज्यों में अलग अलग लाइसेंस व यूआईडी पर एक साथ अंकित हुआ।

विवेचना के दौरान मुल्जिम के पास कुल आठ असलहे व चार हजार से ज्यादा कारतूस भी बरामद हुए थे। इन असलहों को खरीदने के लिए एक ही लाइसेंस के दो यूआईडी का इस्तेमाल किया गया था। अब्बास का यह कृत्य धोखाधड़ी तथा शस्त्र का अवैधानिक प्रयोग है। अब्बास का आपराधिक इतिहास भी है।

## उप्र स्थापना दिवस के मौके पर स्वच्छ विरासत अभियान का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय उत्तर प्रदेश के स्वच्छ विरासत अभियान का समापन किया गया। शहर के रेजीडेंसी में आयोजित समारोह में निदेशक नगर निकाय नेहा शर्मा ने लखनऊ को स्वच्छता में देश में नम्बर वन बनाने की अपील की। इसके लिए उन्होंने शहरवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। निदेशक स्थानीय निकाय ने कहा कि लखनऊ की स्वच्छता सुनिश्चित करने में हमें अपना योगदान देना है। कूड़ा न फैलाएं। उन्होंने घरो में दो डस्टबिन रखने की अपील की। कहा कि हरे डस्टबिन में गीला कूड़ा और नीले डस्टबिन में सूखा कूड़ा रखने का आदत डालें। आपकी इस छोटी सी जिम्मेदारी से लखनऊ को नम्बर वन बनाने की मुहिम में बड़ा योगदान होगा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से भी स्वच्छता के इस महाभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके नाजुक कंधों के सहारे हम घर.बाहर दोनों जगह इस स्वच्छता अभियान को एक नई ऊंचाइयों पर ले जा सकेंगे। उन्होंने चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नेहा शर्मा ने बताया कि 14 जनवरी को पंतग महोत्सव के साथ प्रदेश भर में 10 दिवसीय स्वच्छ विरासत अभियान की शुरुआत की गई थी। इसके अन्तर्गत 75 ऐतिहासिक धरोहरों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। मंगलवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर गौ पूजन के साथ इसका समापन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे हैं। इसके माध्यम से न केवल स्थानीय लोगों बल्कि इन ऐतिहासिक धरोहरों पर पहुंचने वाले पर्यटकों को भी जोड़ा गया। स्कूली बच्चों ने दिखाई ऐतिहासिक धरोहरों की झलक उक्त कार्यक्रम में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 7 विद्यालयों के लगभग 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## ईमानदारी की बेमिसाल पराकाष्ठा था कर्पूरी ठाकुर का जीवन: खाबरी



● कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई जननायक की जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** के महान स्वतंत्रता सेनानी व जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में बृजलाल खाबरी ने कहा कि 24 जनवरी 1924 को बिहार राज्य के समस्तीपुर में एक महान जननायक का जन्म हुआ। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता है। वह भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री रहे। वह बाबा साहब के अनुयायी थे। वह सरल और सरस हृदय के राजनेता माने जाते थे। उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक कहा जाता है, वह सदा गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ों को आरक्षण दिया। उनका वक्तवय था कि 'हक चाहिए तो लड़ना सीखो, कदम-कदम पर अड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो।'

## बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भाजपा कर रही साजिश

● जननायक कर्पूरी ठाकुर की 98वीं जयंती पर सपा मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी से लोग त्रस्त हैं। युवा पीढ़ी का भविष्य अंधेरे में है। भाजपा बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए तरह-तरह की साजिशें कर रही है। भाजपा की फैलाई नफरत की राजनीति से सावधान रहना है। महंगाई, भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमें फिर जयप्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रांति के आवाह्न के साथ डॉ. राममनोहर लोहिया की सप्तक्रांति के लिए संघर्ष करना होगा। यादव ने कहा कि भाजपा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार को कुचलने में लगी है। भाजपा सरकार में प्रेस की आजादी पर हमलावर है। विपक्षी नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। भाजपा सरकार की कुनीतियों से समाज में असंतुलन पैदा हो गया है। आरक्षण को खत्म करने के लिए निजीकरण का बढ़ावा दिया जा रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों को भाजपा से खतरा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया है। अपनी विफलताओं पर वह झूठ का आवरण चढ़ाकर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। जनता उसकी सच्चाई से वाकिफ हो चली है। वह सन् 2024 में भाजपा को सबक सिखाएगी। भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर इस बार हारेगी। अखिलेश ने यह बात मंगलवार को सपा मुख्यालय में आयोजित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 98वीं जयंती कार्यक्रम के अवसर पर कही। समाजवादी पार्टी के सभी जिला-महानगर कार्यालयों में भी कर्पूरी ठाकुर की जयंती सादगी से मनायी गयी। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ में अवधेश प्रसाद, राजेन्द्र चौधरी, अम्बिका चौधरी, विधायकगण रफीक अंसारी, राकेश प्रताप सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप, सुरेश यादव, पूर्व विधायक उदयवीर सिंह, उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष शम्भू पोखरियाल, रामतेज यादव, प्रदीप बजाज ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी पिछड़ों को न्याय दिलाने के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। कर्पूरी जी ने समाज के शोषित वंचित तबके को स्वाभिमान से जीवन जीने का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी से लोग त्रस्त हैं।

## अवध बार के चुनाव में आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस का होगा इस्तेमाल

● फर्जी मतदान रोकने के लिए उठाया गया कदम

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अवध** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अबकी दफा आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल होगा। यह कदम फर्जी मतदान रोकने के लिए उठाया गया है। इसके लिए बार के सदस्यों को मतदाता पर्ची देने का काम शुरु कर दिया गया है। इस पर्ची में अंकित बार कोड के जरिए बार के सदस्य का सत्यापन होगा। चुनाव 31 जनवरी को होगा। जबकि मतो की गिनती एक फरवरी को होगी। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सात व महासचिव पद पर नौ उम्मीदवारों समेत अन्य पदों के लिए कुल 123 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

मंगलवार को इस बात की जानकारी चुनाव अधिकारी कुलदीप पति त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि मतदान वाले दिन मतदाता के प्रवेश के समय जैसे ही इस पर्ची के बार कोड का स्कैन होगाए वहां लगे कैमरे में फ़ोटो आ जाएगा। बैलेट पेपर प्राप्त करते समय भी फ़ोटो खिंच जाएगा। एक बार मतदान करने के पश्चात यदि कोई दुबारा किसी दूसरे की पर्ची से मतदान का प्रयास करता है, तो कम्प्यूटर तत्काल इंगित कर देगा। उसके द्वारा पहले किए गए मतदान का समय भी बता देगा। इस पर्ची की फोटो कॉपी भी संभव नहीं है। यह भी बताया कि इस बार के चुनाव में मतदान के लिए महिला व वरिष्ठ वकीलों के लिए अलग से प्रवेश द्वार का इंतजाम किया गया है। कुल छह प्रवेश द्वार होंगे। मतदान से 16 घंटे पूर्व तक चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। चुनाव में बैनर व पोस्टर आदि भी प्रतिबंधित किया गया है।

# जी-20 में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करना है: मुख्य सचिव

● निजी व सरकारी विश्वविद्यालयों सहित महाविद्यालयों के 150 शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85 फीसद जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 विश्व के 75 फीसद व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 वह समूह है, जिसमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या समाहित है। आजादी के अमृत काल में देश के सामने यह बड़ा अवसर आया है, जो हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करना है।

मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में राज्य विश्वविद्यालयों सहित निजी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए नोडल ऑफिसर जी-20 प्रो. मनोज अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के प्रति दुनिया के विश्वास का प्रतीक है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम इन आशाओं अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा बेहतर करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों के अलावा इसमें 9 आमंत्रित देश, इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के हेड इसमें भाग लेंगे। इसकी 200 बैठकें होनी है। कोई भी ऐसा राज्य या केंद्रशासित राज्य नहीं है, जिसको मौका नही मिला है। यूपी में नोयडा, बनारस, आगरा, लखनऊ में कुल 11 सम्मेलन है। मुख्य सचिव ने कहा कि पीएम की सोच के चलते आज एक करोड़ 23 लाख मकान शहरों में सैंक्शन है। पिछले 8 साल में 55 हजार किमी सड़कों का सुदृढ़ीकरण हुआ है। दो साल पीछे जाए जब कोविड कि बीमारी थी तो काफी मौत का अनुमान लगाया गया था। लेकिन मुझे कहने की जरूरत है, ऐसे देश जो दुनिया के इंडेक्स में सबसे ऊपर थे उनकी अर्थव्यवस्था डावांडोल हो गई। लेकिन पीएम के आत्मनिर्भर भारत के तहत हिंदुस्तान विजेता बन कर निकला। दुनिया आज हिंदुस्तान की तरफ देख रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि हमारी जीडीपी 7 फीसद और प्रदेश की 8 फीसद की दर से बढ़ रही है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत। एक गरीब आदमी को 5 लाख का इलाज। वैश्विक बीमारी के बाद रशिया, यूक्रेन युद्ध से पूरी दुनिया अर्थव्यवस्था डावांडोल हो गई। उसमें पूरी दुनिया देख रही है कि भारत कैसे तरक्की कर रहा है। प्रदेश में पिछले चार साल में 4 लाख करोड़ का इन्वेस्ट हुआ है।

### वसुधैव कुटुंबकम की भावना से भारत की साख और धाक दोनों बढ़ी

**जी-20** कॉन्क्लेव की प्रस्तावना रखते हुए उच्च शिक्षा के मुख्य सचिव सुधीर एम बोबड़े ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता दर्शाता है कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना से भरे भारत की साख और धाक दोनों बढ़ रही है। भारत पूरे विश्व को एक समान उद्देश्य के लिए एक बेहतर भविष्य के लिए साथ लाने के विजन पर काम कर रहा है। मनोहर पार्रिकर इंस्टिट्यूट फॉर डिफेन्स स्टडीज एंड एनालिसिस दिल्ली से आई विशेष आमंत्रित वक्ता डॉ स्वास्ती राव ने कहा कि पूरा देश जी 20 की अध्यक्षता उत्सव के रूप में मना रहा है। जी 20 ट्रॉयका पद्धति पर कार्य करती है। उच्च शिक्षा के विशेष सचिव डॉ अखिलेश मिश्र ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि 27 जनवरी से लेकर अगस्त तक पूरे प्रदेश में यह जी 20 के कार्यक्रम चलेंगे। नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह एक श्रृंखला है जिसके माध्यम से युवाओं और शिक्षविदों के मध्य जागरूकता की जिम्मेदारी जगाने की जिससे प्रदेश के सकारात्मक श्रेष्ठ प्रयासों को गति दी जा सकें। नगर विकास के सचिव रंजन कुमार ने कहा कि यह जी 20 की अध्यक्षता विश्व की समस्याओं के समाधान के रूप में कार्य करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों के चिन्हांकित लगभग 150 शिक्षकों ने प्रतिभागिता कर जी 20 के एम्बेसडर के रूप में अपने दायित्त्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन लविवि के कुलसचिव प्रो संजय मेधावी ने किया।

## रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 14 फरवरी को

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि 23 दिसम्बर 2022 चौधरी चरण सिंह की जयन्ती तक राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान चल रहा था, अब संगठन की मजबूती के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में किया जायेगा। त्यागी ने प्रदेश सरकार की हठधर्मिता और राजशाही पर कटाक्ष करते हुये कहा कि वर्तमान पेराई सत्र समाप्त होने की कगार पर होने के बावजूद अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया। 12 फरवरी को चौधरी अजित सिंह की जयन्ती से 1 सप्ताह तक प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव गांव द्वार द्वार जाकर सरकार की नाकामी को उजागर करेंगे।

तीन दिवसीय यूपी दिवस समारोह की हुई शुरुआत

# कारागार मंत्री सुरेश राही, नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरू ने किया शुभारंभ

● सांसद, एमएलसी, विधायक की गैरमौजूदगी में समारोह की हुई शुरुआत

● सरकार की योजनाओं का मंत्रियों ने किया बखान

● कई योजनाओं से लाभान्वित किए गए लाभार्थी

● 17 विभागों ने स्टाल लगाकर दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर** प्रदेश दिवस समारोह का शुभारंभ मंगलवार को प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू एवं जिलाधिकारी अनुज सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तीन दिवसीय इस समारोह के पहले दिन हिंदू कन्या पाठशाला की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गीत, आर्य कन्या इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर की छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई वीरांगना नाटक, उच्च प्राथमिक विद्यालय जमैय्यतपुर की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण, कंपोजिट विद्यालय भगौतीपुर खैराबाद की छात्राओं द्वारा नृत्य कार्यक्रम एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं द्वारा देश भक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आरएमपी इंटर कालेज की प्रवक्ता डा. शालिनी साहनी ने उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के अवसर पर भारत के इतिहास पर संस्कृत गीत गाया एवं गीत का हिंदी में पूर्ण वर्णन भी किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने कृषि विभाग की योजनाओं के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, श्रम विभाग द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत चार लाभार्थियों को 55-55 हजार की राशि का प्रमाण पत्र दिया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने दिव्यांग शादी प्रोत्साहन अनुदान स्वीकृत पत्र, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पांच लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग में युवा उद्यमी सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र, दीन दयाल अंत्योदय योजना प्रशिस्त पत्र, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार लाभार्थियों को प्रशिस्त पत्र, कौशल विकास मिशन के बच्चों को सार्टफिकेट का वितरण किया गया।

महिला एवं बाल विकास द्वारा बेटी पढ़ाओ अभियान में चेक का वितरण एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा पांच दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत दो व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के अंतर्गत एक लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके बाद मंत्री सुरेश राही और मंत्री राकेश राठौर गुरू को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने 17 विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं के लगाए गए, स्टालों का अवलोकन कराया।

# गोबरहिया पुल का मामला विपक्षी दल का बनने लगा मुद्दा!

● सपा ने गोबरहिया पुल बनवाए जाने को लेकर दिया ज्ञापन

● दिग्विजय सिंह देव के नेतृत्व में सपाइयों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

● सपा छात्र सभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष हैं दिग्विजय सिंह देव

● मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए बनी हुई है मुसीबत

● गांजर इलाके को जिला मुख्यालय से जोड़ता है गोबरहिया पुल

● इलाके के लोगों में गोबरहिया पुल को लेकर सरकार के प्रति है नाराजगी

● सीएम के दरबार तक सांसद राजेश वर्मा पहुंचा चुके है मामला

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर** प्रदेश के सीतापुर जनपद के गोबरहिया पुल का मामला अब विपक्षी दलों का मुद्दा बनने लगा है। पिछले दो साल से जर्जर हुए गोबरहिया पुल पर बड़े वाहनों के आने जाने को प्रतिबंधित कर दिया गया है। जबकि गांजर को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला यही पुल है। बरसात के दिनों में मरीजों की जान पर बन आती है। जर्जर पुल ठीक न होने से इलाके के व्यवसाय को नुकसान पहुंच रहा है। गर्भवती महिलाओं के लिए यह पुल अभिशाप बना हुआ है। मंगलवार को गोबरहिया पुल को बनवाए जाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि लहरपुर-तंबौर मार्ग पर लालपुर बाजार से आगे स्थित गोबरहिया पुल दो साल पहले जर्जर हो गया था, जिसे बनवाए जाने को लेकर सरकार की ओर से तमाम आश्वासन दिए गए। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने कई पत्र अधिकारियों को लिखे , अब तक वह मुख्यमंत्री से दो बार मिल भी चुके, लेकिन गोबरहिया पुल बनने की शुरुआत नहीं हो सकी। बताया जाता है कि गोबरहिया पुल बनाए जाने को लेकर सरकार ने नाबर्ड को जिम्मेदारी सौंपी है, इस वजह से देरी हो रही है पर खामियाजा इलाके की लाखों-लाख जनता को भुगतना पड़ रहा है, पिछले दिनों इस जर्जर पुल की स्थिति को लेकर सरकार से नाराज लोगों की आवाज को जिम्मेदारों तक पहुंचाया गया था, लेकिन फिर भी अभी तक विकास के तमाम दावे करने वाली मोदी-योगी सरकार ने कोई सुधि नहीं ली। गोबरहिया पुल को लेकर समाजवादी पार्टी ने मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को समाजवादी छात्रसभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के नेतृत्व में निवर्तमान जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, अंकित द्विवेदी, संतोष प्रजापति, संदीप कश्यप, विनय यादव, मदन कनौजिया, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, अजीत यादव, मोहसिन अंसारी, इकबाल अली, अली मोहम्मद, गुलफाम ने सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह को ज्ञापन सौंपा।

# अब मिश्रिख तहसील भी हुई आईएसओ सर्टिफाइड

● एसडीएम अनिल कुमार रस्तोगी और तहसीलदार मनीष कुमार के कार्यकाल में मिली उपलब्धि

● सदर तहसील में रहते हुए अनिल कुमार रस्तोगी को मिला था आईएसओ प्रमाण पत्र

● सीतापुर की 5 तहसीलों को मिल चुका है आईएसओ प्रमाण पत्र

● सदर, बिसवां, महोली, लहरपुर और मिश्रिख हुईं आईएसओ सर्टिफइड

● आईएसओ के डायरेक्टर रामधन गौतम ने दिया प्रमाण पत्र

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** की मिश्रिख तहसील को आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है, वर्ष 2015 से चल रहे प्रयासों के बाद मिश्रिख तहसील को यह सफलता मिली है। उत्तर प्रदेश में अब तक 25 तहसीलों को आईएसओ प्रमाण पत्र मिला है। मिश्रिख तहसील के उपजिलाधिकारी अनिल कुमार रस्तोगी और तहसीलदार मनीष कुमार को आईएसओ के डायरेक्टर रामधन गौतम ने आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया। अब सीतापुर की 5 तहसीलें आईएसओ प्रमाण पत्र की श्रेणी में आ गई हैं, मिश्रिख के उप जिलाधिकारी अनिल कुमार रस्तोगी जब सदर तहसील के उपजिलाधिकारी थे तब भी आईएसओ का प्रमाण पत्र तहसील को मिला था। तब सदर तहसील आईएसओ प्रमाण पत्र पाने वाली लखनऊ मंडल की एकलौती तहसील थी। अभी भी सीतापुर की दो तहसीलें महमूदाबाद और सिधौली को आईएसओ प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है।

आपको बता दें कि इंटरनेशनल स्टैंडर्ड आर्गेनाइजेशन यानी आईएसओ की टीम तहसील में रूककर एक-एक बिंदु पर बारीकी से अध्ययन व जांच करती है और तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्य व व्यवहार का अध्ययन करती है। आईएसओ फाइलों के रख-रखाव, साफ सफाई व भवन आदि को लेकर भी जांच पड़ताल करती है। इन मानकों पर खरा उतरने पर ही आईएसओ प्रमाण पत्र दिया जाता है।

## गणतंत्र दिवस परेड की हुई रिहर्सल

**लखीमपुर खीरी।** आगामी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में चल रही परेड के अभ्यास के क्रम में ग्रैंड रिहर्सल पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड में की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा उपस्थित रहकर परेड का निरीक्षण किया गया, साथ ही साथ परेड कर्मियों की मेहनत की सराहना करते हुए गणतंत्र दिवस पर उन्हें पूरे जोश व जज्बे के साथ परेड करने हेतु प्रेरित भी किया गया। परेड के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी पूर्वाभ्यास किया गया, जिसमें जनपद के दस विभिन्न विद्यालयों से छात्र छात्राएं देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगे। पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के प्रसायों के फलस्वरूप आगामी गणतंत्र दिवस परेड में पुलिस, पीएसी, यातायात पुलिस तथा एनसीसी की टोलियों के साथ परेड में विशेष आकर्षण के रूप में पहली बार ग्राम चौकीदारों की टोली को भी शामिल किया गया है।

# राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने की सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य को सपा से निकालने की मांग

● अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति के संस्थापक श्याम मानव पर भी कानूनी कार्रवाई की मांग

● दोनों के पुतले फूंकने का किया प्रयास, पुलिस ने रोका

संवाददाता। सीतापुर

**राष्ट्रीय** हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के नेतृत्व में अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति के संस्थापक श्याम मानव एवं समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य का लालबाग चौराहे पर पुतला फूंकने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस ने रोक दिया, जिसके बाद संगठन द्वारा दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मांग की गई कि अगर स्वामी प्रसाद मौर्य के स्टेटमेंट में आपकी मौन सहमति नहीं है, तो उन्हें तत्काल पार्टी से बाहर निकालिए।

इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू एवं जिला अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी के द्वारा सभा को संबोधित किया गया। धरना प्रदर्शन के समय हिंदू समाज के अंदर क्रोध देखा गया और संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार से मांग की गई कि इस विषय पर कठोर कानून लाया जाए। सभी लोग जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि रूप में तहसीलदार सीतापुर ने ज्ञापन लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन हिंदू, जिला प्रभारी भगवान सहाय, पूर्व जिला प्रभारी युवा प्रकोष्ठ विकास शुक्ला, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बिहान, राज बघेल, विवेक हिंदू, पवन हिंदू, शुभम हिंदू, दिव्यांशु, संजय, अतुल, अवधेश, सुधीर, भोलू, ओपी शुक्ला, रिंकू अवस्थी, रानू सिंह आदि मौजूद रहे।

# लूट के मामले में फरार शातिर अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। बरेली

**लूट** के मामले में फरार चल रहे 25000 के इनामी, शातिर बदमाश को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गई रकम व अन्य सामान भी बरामद हुआ गिरफ्तार बदमाश को पुलिस ने जेल भेजा। देवरनिया थान क्षेत्र के मोहनपुर रेलवे फाटक के पास पुलिस ने आज उधम सिंह नगर उत्तराखंड के ट्रांजिट कैंप रतनपुरा निवासी वार्ड दो कृष्णा कॉलोनी के रहने वाले 25000 के इनामी बदमाश सूरजपुर उर्फ चूहा पुत्र केसरी लाल को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपने साथी वहीं के रहने वाले आकाश पाल के साथ मिलकर देवरनिया में लूट की घटना को अंजाम दिया था तब से पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी। आकाश पाल को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है उसके पास से लूट की घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद हुआ था। आज सूरजपाल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके पास से लूटी गई कुछ रकम एक चाकू कुछ कागजात व अन्य सामान बरामद किया। गिरफ्तार सूरजपाल पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस : केंद्रीय मंत्री ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**खीरी** में जीआईसी ग्राउंड में यूपी दिवस के साथ साथ राष्ट्रीय बालिका दिवस पूरी भव्यता से मनाया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा विनोद शंकर अवस्थी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश कुमार साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ जनपद की इंटरमीडिएट में टॉपर बालिका अंजली कुशवाहा को 20 हजार की चेक प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने जनपद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की टॉप 10 बालिकाओं को 05-05 हजार का चेक,प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार से नवाजा। इस दौरान मंत्री ने बालिकाओं से संवाद करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' योजना के तहत केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम, एसपी, सीडीओ के साथ कैलेंडर की लांचिंग की। यह कैलेंडर बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के लिए समर्पित है। जिला प्रशासन व महिला कल्याण विभाग लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में धरोहर सांस्कृतिक दल के ख्याति लब्ध कलाकार उमेश तिवारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एक सुंदर प्रस्तुति देकर समा बांध दिया।

# अस्पतालों पर उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव की बड़ी कार्रवाई

● रजिस्ट्रेशन न होने पर तीन अस्पताल किए सीज

● मौके पर अधीक्षक और पुलिस बल भी रहा मौजूद

**मोहम्मदी खीरी।** प्राप्त जानकारी के अनुसार पस गवा और उचौलिया में स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से अनेकों मानक विहीन बगैर रजिस्ट्रेशन के अस्पताल संचालित हो रहे थे जिनमें प्रसव से लेकर अन्य सुविधाएं भी मिल रही थीं और मरीजों का दोहन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। शिकायत होने पर उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य विभाग प्रशासन और पुलिस की एक टीम का गठन किया जिसमें जहां तीन अस्पताल- सिटी, बाला जी और सिंह अस्पताल सीज किए गये हैं। वहीं यह प्रश्न कि मोहम्मदी नगर में बगैर रजिस्ट्रेशन के अस्पताल सहित पैथोलॉजी सेंटर बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे हैं जिसकी अनेकों बार शिकायत भी की गई है परंतु किसकी कृपा से ऐसे बगैर रजिस्ट्रेशन अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर बगैर रोक्को के चल रहे हैं, एक चिंतनीय बिन्दु है।

खीरी में हुआ यूपी दिवस का भव्य आगाज

# डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा यूपी : केंद्रीय गृह राज्यमंत्री

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जिले** के जीआईसी ग्राउंड में मंगलवार को यूपी दिवस का भव्य आगाज हुआ, जहां एक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोहा, वहीं सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें प्रदान कीं। मंगलवार को करीब 11 बजे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। परिषदीय विद्यालय की बालिका ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जीजीआईसी की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रंखला बनी रही। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में राज्य के विकास ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यूपी के लोगों ने कई क्षेत्रों में मिसाल कायम की है। कहा कि यूपी देश की प्रगति में अहम योगदान देने के साथ निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा। उन्होंने सभी जनपद वासियों को उनके राज्य के स्थापना दिवस की बधाई दी। कहा कि यूपी के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध आध्यात्मिक विरासत और स्थापत्य चमत्कारों ने राज्य को भारत के जीवंत मानचित्र पर गौरव का एक अनूठा स्थान दिया है। कहा कि आज फख्र से कह सकता हूं कि सरकार ने आज गांव-गांव गली-गली बिजली पहुंचाने का काम किया। सुदूरवर्ती वन क्षेत्रों में सोलर से भी बिजली पहुंचाई है। सरकार ने नौनिहालों के पोषण बढ़ाने, गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ बनाने में पूरी तरह से काम किया। आयुष्मान भारत के तहत खीरी में अबतक छह लाख से अधिक लोगों के गोल्डन कार्ड बनाये गए। आवास के मामले में अच्छी प्रगति करते हुए एक लाख 30 हजार से ज्यादा आवास, पांच लाख शौचालय खीरी में बनकर तैयार हैं। डबल इंजन की सरकार ने न केवल सभी की जरूरतें पूरी कीं बल्कि जीवन जीने की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। सड़क, आवास, बिजली, पानी, गैस का उचित प्रबंधन किया। योग्यता के अनुरूप विकास, बौद्धिक विकास के लिए नई शिक्षा नीति का सृजन किया। आज समृद्धता के क्षेत्र में यूपी का अलग स्थान है। विश्व में न केवल भारत की मान्यता बढ़ी है, बल्कि नेतृत्व के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। अमृत काल का सदुपयोग करते हुए सभी लोग कर्तव्यपरायण होकर राष्ट्र योगदान में जुट जाएं। कार्यक्रम के अंत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आवाहन किया कि यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लें, सरकारी योजनाओं से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी प्राप्त करें, जो नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय अंबरीश सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, दीपक तलवार, जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने विधायक गण, डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम के साथ यूपी दिवस पर लगी प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन किया। स्टालों पर मौजूद अफसरों, कर्मचारियों से योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी ली।

# यूपी दिवस में भी एआरटीओ के नेतृत्व में चली सड़क जागरूकता मुहिम

● मानव श्रृंखला की केंद्रीय राज्यमंत्री ने की प्रशंसा, बोले खीरी में हुआ भव्य आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कैंप लगा। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया। जीआईसी मैदान मे जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए विद्यालय छात्र-छात्राओं, वाहन यूनियनों के चालकों, पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों एवं अन्य पब्लिक को सरकारी सेवाओं से जागरूक करते हुए पी आरटीओ रमेश कुमार चौबे ने सड़क सुरक्षा के कायदे कानून समझाएं। यूपी दिवस पर परिवहन विभाग द्वारा लगाए स्टाल के अवलोकन के दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय मिश्र टेनी ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित किये जा रहे कार्यक्रमों, बैठकों, प्रचार वाहन, वर्कशाप, विशेष रूप 'नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती' पर मानव श्रृंखला का निर्माण, रैली की भूरिभूरि प्रशंसा की। मेला में विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी गणेश प्रसाद साहा सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय सिंह, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे अन्य अधिकारीगण तथा अनेक विद्यालयों के अध्यापक/ अध्यापिकाएं आदि उपस्थित रहे। मेले में आये लोगों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पेम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए। यूपी दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सड़क जागरूकता माह के तहत चलाए जा रहे सड़क जागरूकता की झलक दिखाई दी। एक प्रतिष्ठित विद्यालय के विद्यार्थियों ने सड़क जागरूकता गीत पर न केवल मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया बल्कि लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाने की अपील की। गीत की प्रस्तुति देख लोग उसका वीडियो भी मोबाइल में कैद करते नजर आए। शहर के भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम मे एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। एआरटीओ ने उपस्थित छात्राओं को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत वाहन (दो पहिया/चार पहिया) को संचालन करने से पूर्व किन.किन चीजों ध्यान रखना चाहिए तथा सड़क संकेतको की जानकारी दी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की त्वरित सहायता फर्स्ट रिस्पांडर का प्रशिक्षण दिया तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले व्यक्ति/गुड सेमेरिटन को रू. 5000/की धनराशि से पुरस्कृत किये जाने की योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित छात्राओं/अध्यापिकाओं तथा अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनेंगे।

# पेज एक का शेष

## खुफिया एजेंसियों...

संदर्भ में रॉ द्वारा दी गई जानकारी का भी हवाला दिया। कॉलेजियम ने कृपाल को न्यायाधीश बनाने की अपनी सिफारिश दोहराई है। प्रस्ताव में कहा गया, रॉ के 11 अप्रैल, 2019 और 18 मार्च, 2021 के पत्रों से ऐसा प्रतीत होता है कि इस अदालत के कॉलेजियम द्वारा 11 नवंबर, 2021 को सौरभ कृपाल के नाम को मंजूर करते हुए की गई सिफारिश पर दो आपत्तियां हैं। इनमें पहली है कि सौरभ कृपाल का पार्टनर एक स्विस नागरिक है और दूसरी कि वह किसी के साथ अंतरंग संबंध में हैं और अपनी यौन अभिरुचियों को लेकर खुले विचार रखते हैं।

## सर्जिकल स्ट्राइक...

बलों को सर्वोच्च सम्मान दिया है। मेरी दो बहनों की शादी नौसेना अधिकारियों से हुई थी। मेरे रक्षा अधिकारियों से सवाल पूछने का कोई सवाल ही नहीं है। मेरे सवाल मोदी सरकार से हैं। उन्होंने कहा कि उस अक्षम्य खुफिया विफलता के लिए कौन जिम्मेदार है, जहां हमारे 40 सीआरपीएफ कर्मी शहीद हुए थे? आतंकवादी 300 किलोग्राम आरडीएक्स कहां से ला सकते थे? सीआरपीएफ कर्मियों को एयरलिफ्ट करने के अनुरोध को अस्वीकार क्यों किया गया?

## डॉक्यूमेंट्री पर...

को छिपाया नहीं जा सकता। सत्य हमेशा सामने आता है। उन्होंने कहा कि इसलिए आप प्रेस पर पाबंदी लगाकर उसे दबा सकते हैं। संस्थानों को नियंत्रित कर सकते हैं, सीबीआई, ईडी आदि सब का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन सच को नहीं छुपा सकते। राहुल ने साथ ही जोड़ा कि मेरी छवि खराब करने के लिए भाजपा ने करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन सच्चाई आप सब के सामने है। आर्टिकल 370 के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मामले में कांग्रेस की स्थिति एकदम स्पष्ट है। हमारी वर्किंग कमेटी का जो रिजोल्यूशन है, उसमें हमारी स्थिति एक साफ है।

## दूसरी बार...

विरोध के बावजूद निर्वाचित प्रतिनिधियों से पहले उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों ने शपथ ली। आप पार्षद मुकेश गोयल की आपत्तियों के बावजूद पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने निर्वाचित सदस्यों से पहले मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद मनोनीत सदस्यों ने जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके बाद शर्मा ने निर्वाचित पार्षदों को शपथ लेने के लिए बुलाया। पिछली बार छह जनवरी को हुई बैठक में हंगामे से बचने के लिए इस बार नगर निगम सदन, सिविक सेंटर परिसर में और यहां तक कि सदन में आसन के समीप भी भारी सुरक्षा बल तैनात था। नव निर्वाचित एमसीडी की पहली बैठक महापौर और उपमहापौर का चुनाव किए बिना स्थगित हो गई थी। आप पार्षदों ने पहले 10 एल्डरमैन को शपथ दिलाने के पीठासीन अधिकारी के फैसले का विरोध किया था। उधर, शपथ से पहले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि एमसीडी चुनाव मामूली अंतर से हार गए लेकिन हम महापौर का चुनाव जीतेंगे। वहीं भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी के जैसी राजनीति नहीं करते। वह उम्मीद करते हूं कि चुनाव शांतिपूर्ण हों। जो भी महापौर पद जीते वह दिल्ली के लोगों के लिए काम करें।

## ओवरसाइट कमेटी...

देखेगी। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर तीन दिन तक धरने पर बैठने वाले पहलवानों में शामिल बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, सरिता मोर और साक्षी मलिक ने समान ट्वीट पोस्ट कर सरकार से अपनी नाराजगी का इजहार किया। इन पहलवानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री ठाकुर को टैग करके ट्वीट किया है कि हमें आश्वासन दिया गया था कि निगरानी समिति का गठन करने से पहले खिलाड़ियों से सलाह ली जाएगी, परंतु ऐसा नहीं किया गया। ओवरसाइट कमेटी में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, टॉप्स के पूर्व सीईओ राजगोपालन और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की पूर्व कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन भी शामिल हैं।

## आज रिलीज...

चेन आईनॉक्स के चीफ प्रोग्रामिंग अधिकारी राजेंद्र सिंह ज्याला ने बताया कि यह फिल्म केजीएफ 2 की एडवांस बुकिंग का रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है और 45 करोड़ से 50 करोड़ रुपए का कारोबार करेगी। पठान फिल्म का बेशरम रंग गाना रिलीज होते ही हिंदूवादी संगठनों ने फिल्म का विरोध शुरू कर दिया था। विरोध करने वालों को फिल्म की अदाकारा दीपिका पादुकोण को पहनाई गई भगवा रंग की बिकनी पर आपत्ति थी। फिल्म के विरोध में असम और गुजरात में कई जगह आक्रामक प्रदर्शन भी हुए। इसके बाद सेंसर बोर्ड में फिल्म में कई बदलाव करने को कहा था। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की गुजरात इकाई ने रिलीज से एक दिन पहले शाहरुख खान अभिनीत फिल्म पठान के खिलाफ अपना विरोध मंगलवार को वापस ले लिया और फिल्म से आपत्तिजनक सामग्री को हटाने पर संतोष जताया। विहिप की गुजरात इकाई के सचिव अशोक रावल ने बयान में कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म में अश्लील गीत और भद्दे शब्द को संशोधित किया है, इसलिए दक्षिणपंथी समूह अब इसकी रिलीज का विरोध नहीं करेंगे। रावल ने दावा किया कि सेंसर बोर्ड ने अपने हालिया परिपत्र में गाने, रंग और कपड़ों को लेकर 40 से 45 सुधार किए हैं, जिससे मुद्दों का समाधान हो गया, इसलिए अब उन्हें विरोध करने की जरूरत नहीं है। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ गुजरात के प्रतिनिधियों ने पिछले हफ्ते गांधीनगर में गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न समूहों से मिली धमकी के बारे में अवगत कराया था। संघवी ने उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया था और फिल्म के सुचारू प्रदर्शन के लिए सिनेमाघरों के बाहर पुलिसकर्मियों को तैनात करने का वादा किया था। इसी प्रकार फोन पर बातचीत के बाद असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने शाहरुख खान को आश्वासन दिया कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर उनके राज्य में कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस 2023 के अवसर पर हुए भव्य कार्यक्रम

# प्रदेश और जनपद समावेशी विकास की ओर अग्रसर है : जिलाधिकारी

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**उत्तर** प्रदेश स्थापना दिवस 2023 के अवसर पर सम्पूर्ण जनपद में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गये, इन कार्यक्रमों के द्वारा जहां शासन की नीतियों से आमजन को अवगत कराया गया, वहीं उत्तर प्रदेश की स्थापना के इतिहास एवं संस्कृति से भी आमजन को परिचित कराया गया। उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य कार्यक्रम मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। परिसर में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टाल स्थापित किये साथ ही साथ केन्द्रीय विद्यालय, अकबरपुर इण्टर कॉलेज एवं जीजीआईसी के बच्चों एवं बच्चियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। आस्था मिश्रा, प्रगति सिंह द्वारा इस मौके पर उत्तर प्रदेश दिवस पर विचार प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसमें कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग एवं स्कूलों के बच्चे इत्यादि शामिल थे। इस मौके पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल एक भौगोलिक इकाई है बल्कि एक सांस्कृतिक इकाई भी है। गंगा-जमुनी संस्कृति का यह प्रदेश अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है साथ ही चिन्तन-मनन, सकारात्मक संवाद विचार विनिमय का केन्द्र भी रहा है। 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रान्त से उत्तर प्रदेश नाम पड़ने के उपरान्त इस प्रदेश ने सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सभी क्षेत्रों में अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के हर तपके को मिल रहा है। शासन की योजनाओं से समाज का दलितए पिछड़ा वर्ग व महिलायें सभी लाभान्वित हो रहे हैं और प्रदेश समावेशी विकास की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश की सामाजिक धार्मिक राजनैतिक एकता ही उसे सभी प्रदेशों में विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रदेश और देश की उन्नति के लिए हम जिन दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं हम उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर भी आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पाण्डेय के रूप में प्रदर्शित किया, जिसको निरीक्षण के दौरान स्वयं जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सराहा गया। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, जिसमें स्वयं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नेतृत्व प्रदान किया एवं इस अवसर पर सभी को लैंगिक भेदभाव से हटकर बेटियों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी एके सिंह, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण और स्कूलों के बच्चे उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**संवाददाता।** कानपुर देहात

जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट, सभागार कक्ष, माती, कानपुर देहात में कौशल विकास एवं जिला कौशल समिति (डीएससी) की बैठक आयोजित की गई है जिसमें जनपद की वित्तीय वर्ष 2023.24 हेतु जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) का निर्माण/पुनरीक्षित किये जाने हेतु जिला कौशल समिति के सदस्यों/अधिकारियों से विचार विमर्श व चर्चा की गयी। साथ ही कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित की जा रही योजनाओं की प्रगति समीक्षा की गयीए जिसमें निम्न निर्देश दिये गये हैं, जिसमें खराब प्रगति वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रगति में सुधार हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में अनुपस्थिति प्रशिक्षण प्रदाताओं को स्पष्टीकरण भेजे जाने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2021.22 एवं 2022.23 के पेंडिंग ऐसेस्मेन्ट का शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रशिक्षार्थियों का मोबलाईजेशन कराये जाने हेतु एनआरएलएम विभाग से सहयोग प्रदान कराये जाने हेतु निर्देश दिया है। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय, सहायक उपायुक्त, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, डीपीआरओ, उपनिदेशक कृषि जिला सेवायोजन, प्रधानाचार्य आईटीआईए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कौशल विकास मिशन के अधिकारी/कर्मचारी तथा जनपद के आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता आदि उपस्थिति रहें।

## क्विक न्यूज

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार सेवानिवृत्त दरोगा की मौत

**जालौन (उरई)।** पिकअप की टक्कर से बाइक से जा रहे पीएसी के रिटायर्ड दरोगा की मौके पर ही मौत हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम नगरा निवासी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा रामदेव दोहरे (67) किसी काम के चलते बाइक से अपने गांव से जालौन आ रहे थे। जैसे ही वह बाइक से कुसमरा और गोकुलपुरा के बीच पहुंचे, तभी जालौन की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार रिटायर्ड दारोगा हेलमेट लगाए थे। जख्मों से अधिक खून बहने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने पिकअप को पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया।

### मनाई जन नायक कपूरी ठाकुर की जयन्ती

**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइन इलाके में जन नायक कर्पूरी ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री बिहार की 99वीं जयंती ठाकुर सेवा सविता समाज के लोगों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई। जिला अध्यक्ष हरीश सिंह सविता के नेतृत्व में सभी सजातीय बंधुओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि कृष्णा शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि मनोज प्रधान की उपस्थिति में सर्वप्रथम कर्पूरी ठाकुर के थैली चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उनके पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व के बारे में बताया कि वह बहुत ही महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में संघर्ष करते हुए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री का पद पर विराजमान हुए आज पूरे देश में 24 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई जाती है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबू सविता, जिला महासचिव दीपक कुमार, जिला कोषाध्यक्ष दीपू कुमार, नगर अध्यक्ष अरविंद, सचिव विजय कुमार, जय कुमार, सुरेंद्र कुमार, दयाशंकर, प्रधान राकेश कुमार, डॉ. अखिलेश मौजूद है।

### अधिवक्ता संगठनों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आज बार काउंसलिंग आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर कायमगंज बार एसोसिएशन एवं रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज द्वारा एक साथ एक समान बिंदुओं वाले 6 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित उप जिलाधिकारी कायमगंज संजय सिंह को सौंपे। ज्ञापन कहा गया है कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख तक का मुक्त चिकित्सा बीमा कराया जाए अथवा आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दाबों का भुगतान शीघ्र कराया जाए। जिलों में अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण कराया जाए तथा अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि उपलब्ध कराई जाए। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले अधिवक्ताओं के लिए तत्काल पेंशन योजना लागू करने एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि उनकी इन मांगों पर अतिशीघ्र पुनर्विचार कर इन्हें अधिवक्ता गणों के हितार्थ लागू किया जाना चाहिए। ज्ञापन अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला, शफीक खान सचिव, वीरेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता बिलाल गौस खान, सर्वेश चंद्र यादव, अनूप कुमार भोजवाल ,जब्बाद अली ,अमरेंद्र सिंह वमा, प्रवीण कुमार मिश्रा ,अनिल कुमार सिंह, चंदन गुप्ता, परम मिश्रा, लज्जाराम, अनीश, बीडी यादव सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक दोनों संगठनों के अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

### सपाइयों ने मनाई समाजवादी नेता कपूरी ठाकुर की जयंती

**फर्रुखाबाद।** महान समाजवादी नेता और बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेताओं,कार्यकर्ताओं ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें स्मरण किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री सर्वेश अंबेडकर, पुष्पेंद्र सिंह यादव, सौरभ कटियार, जितेंद्र यादव, साजिद अली खान, बीना शर्मा, रजत क्रांतिकारी आदि ने उनके जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वेचेलाल यादव, बंटी यादव, अशोक अंबेडकरए राजेश अंबेडकर, संजीव मिश्रा, अर्चित मिश्रा, मुजीबउल हसन, सुकराम पाल सिंह, बाबूराम यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता महेंद्र सिंह कटियार तथा संचालन ओमप्रकाश शर्मा ने किया।

### ठीक से कार्य न करने वाली आंगनबाड़ी व आशा को बदलें: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में पहले लिए गये निर्णय की आख्या पर चर्चा कर कहा कि आशा व आंगनबाडी जो कार्य नहीं कर रहीं, उनके स्थान पर नये का चयन किया जाये। जिलाधिकारी ने सिजेरियन की बाबत कहा कि स्थिति ठीक नहीं है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुधार करें, अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने मानिकपुर डीपीएम की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। कहा कि फीडिंग नहीं होगी तो कार्रवाई की जायेगी। एनआरसी के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार को निर्देश दिये कि नोटिस जारी करें, किसी भी बच्चे की मृत्यु होने पर सभी सीडीपीओ का वेतन रोका जाये। गर्भवती महिलाओं की बाबत कहा कि स्थिति खराब है, इसमें सुधार करें। उन्होंने हेल्प डेस्क बोर्ड की बाबत कहा कि अगली बैठक तक टाप 15 के अन्दर लाकर सुधार करना है। आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक बनाने के निर्देश दिये। सीएमओ को डिप्थीरिया टीका के निर्देश दिये। वैक्सीन नहीं है तो डिमांड करें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसीएमओ डॉ इम्तियाज, सीएमएस डॉ कन्हैयालाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### पत्नी जेवरात लेकर भागी, पति ने हत्या की आशंका जतायी

**मौदहा(हमीरपुर)।** पति ने पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद हत्या करने की आशंका जाहिर की है। पति का आरोप यह भी है कि लाखों रुपए के कीमत के जेवरात व नगदी लेकर युवक के साथ भाग गयी है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पढोरी निवासी रघुवीर ने पुलिस को बताया कि मैं सूरत में मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता हूं और बीते पांच दिन पूर्व मेरी पत्नी का फोन आया कि वह अपने मायके जा रही है। उसी के दो दिन बाद जब मैं घर आया और पत्नी की जानकारी ली तो वह मायके न जाकर मेरे परिचित शिवकुमार जनपद फतेहपुर निवासी के साथ लाखों रुपए के जेवर और नगदी लेकर चली गई थी। जिसका बहुत पता लगाने के बाद भी उसकी जानकारी प्राप्त नहीं हुई। अब मुझे यह लगता है कि आरोपी शिवकुमार मेरी पत्नी की हत्या भी कर सकता है। इस सम्बंध में कोतवाल हेमन्त कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जिस पर जांच कर उक्त मामले पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्लाट में कब्जे के विवाद में हुए हमले में एक घायल की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के श्रीविद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बगल में चार दिन पूर्व प्लाट में कब्जे को लेकर हुए विवाद में गंभीर घायल अधेड़ की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बे के श्रीगायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बगल में एक खाली पड़े भूखंड को लेकर कस्बे के बृह्मनारायन तिवारी एवं बब्बू कुशवाहा (55) के मध्य विवाद चल रहा है। बब्बू कुशवाहा ने इस भूखंड में दीवार बनाकर कब्जा जमा लिया था। बीते 21 जनवरी को बृह्मनारायन तिवारी परिजनों के साथ निर्माणाधीन दीवार को ढहाने गए थे। तभी दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों के मध्य जमकर लाठी-डंडे चले थे। इस घटना में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से 14 लोगों को नामजद कर बलवा एवं प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज किया था।

# 35 निवेशकों ने दिए 48223.38 करोड़ के एमओयू प्रस्ताव :डीएम

**संवाददाता।** उरई (जालौन)




**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 से 12 फरवरी 2023 को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तारतम्य में जनपद स्तर पर भी इन्वेस्टर्स को आकर्षित करने हेतु लगातार निवेशकों से सम्पर्क किया जा रहा है। निवेशकों को अपना उद्यम, कारखाना स्थापित करने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिये उन्हें यह जानकारी प्रदान की जा रही है कि किस स्थान पर जालौन में निवेश के लिये भूमि उपलब्ध है, वह किसानों से सीधे वार्ता करके भूमि खरीद सकते हैं। जनपद स्तर पर अब तक कुल 35 निवेशकों द्वारा कुल रुपए 48223.38 करोड़ के एमओयू हस्ताक्षर, प्रस्ताव किये गये हैं, जिसमें प्रमुख रूप से सोलर पावर प्रोजेक्ट्स, कोल्ड स्टोर, मिल्क प्रोसेसिंग प्लाण्ट मटर सीड प्रोसेसिंग प्लाण्ट, बायो फ्यूल प्लाण्ट तथा अन्य उत्पाद सम्मिलित हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के आयोजन से पूर्व जिलों में भी इन्वेस्टर्स समिट आयोजन कराये जाने संबंधी निर्देश दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में जालौन में एक इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन 4 फरवरी 2023 को होटल श्यामा सरोवर पोर्टिको झांसी कानपुर राजमार्ग उरई में किया जाएगा, जिसमें उद्यमियों जिनके द्वारा जनपद जालौन में निवेश किया जाना है के साथ-साथ जनपद के प्रमुख उद्यमियों तथा विभिन्न संबंधित विभागों को आमंत्रित किया जाएगा। इस समिट में उद्यमियों, निवेशकों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं तथा संबंधित क्षेत्र में प्रख्यापित नीति की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

## बालिका दिवस आयोजन का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना : डा.भरत

**राठ (हमीरपुर)।** आज मंगलवार को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्बन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के तहत बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बच्चियों के साथ समाज में हो रहे भेदभाव और अन्याय को उजागर करना है। साथ ही बच्चियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के विषय में सभी को जागरूक करना भी इस दिन को मनाने का मकसद है। इस दौरान नौरंगा सीएचसी अधीक्षक डा.भरत राजपूत ने कहा कि लोगों को जागरूक करना है कि लड़का लड़की एक समान है। लड़कियों के साथ कभी भी भेदभाव न करें। कहा कि आज के दौर में लड़कियां लड़कों से आगे है। दहेज की लालच में लड़कियों की कोई जरूरत नहीं समझते है। लड़कियां भी लड़कों के बराबर है। डा.प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि कहते हैं हर काम की शुरूआत अपने घर से और अपने स्तर पर की जाती है।

# श्रीरामचरित मानस पर अभद्र टिप्पणी, तुलसी जन्मस्थली राजापुर में हंगामा

**संवाददाता।** राजापुर(चित्रकूट)



**हिन्दू** की आस्था के ग्रंथ श्रीरामचरितमानस के माध्यम से विश्व को ज्ञान, धर्म, आचरण, नैतिकता व प्रेम सिखाने वाले पांच तत्वों से निर्मित श्रीरामचरितमानस पर अपशब्दों के साथ टिप्पणी करना निन्दनीय है। दो दिन पूर्व सपा के नेता स्वामीप्रसाद मौर्य के द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से आक्रोशित होकर राजापुर नगर के युवाओं व बुजुर्गों द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर से रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करते रहे। रिपोर्ट न दर्ज होने पर लगभग तीन दर्जन लोगों ने राजापुर तहसील के विशाल प्रांगण में धरने पर बैठकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करते रहे।

धरने पर बैठे कस्बे के समाजसेवी सुनील मिश्रा ने कहा कि श्रीरामचरितमानस के सातों काण्डों में जाति, धर्म, सम्प्रदाय व किसी भी जाति का विरोधात्मक चौपाई व दोहा नहीं पाया जाता है। श्रीरामचरितमानस सर्वभाव पर गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस की रचना की है तथा उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान की निन्दा करते हुए कहा है कि

**● स्वामी प्रसाद मौर्य पर रिपोर्ट दर्ज न होने तक जारी रहेगा धरना:- अनुज शुक्ला**

सनातनियों के लिए श्रीरामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ है जिसकी निन्दा करना एक अपराध की श्रेणी में आता है और श्रीरामचरितमानस नारी समाज के लिए माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा तथा माता सीता के आदर्शों का प्रस्तुतीकरण अद्वितीय है जो सर्वसमाज की नारियों का सम्मान है तथा दलित समाज के लिए उन्होंने माता सबरी के आदर्श को जिस प्रकार से प्रस्तुत किया है वह दलित समाज के लिए एक मिसाल है तथा कोल, भीलों ने भगवान श्रीराम के साथ मिलकर चित्रकूट में लगभग 12वर्षों तक साथ रहे, लेकिन भगवान श्रीराम ने छुआछूत, अस्पृश्यता का अंत करते हुए उन दलितों को अपने जीवन के साथ जोड़कर मोक्ष दिया था।

धरने पर बैठे एडवोकेट अनुज शुक्ला ने कहा कि भारतीय संविधान में रिपोर्ट दर्ज कराना एक मौलिक अधिकार के रूप में है लेकिन राजापुर पुलिस द्वारा रिपोर्ट न दर्ज किए जाने पर हमारे मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है, जब तक श्रीरामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तब तक यह धरना प्रदर्शन अनवरत चलता रहेगा।

## एनीमिया को हराने के अभियान में गंभीरता से करें कार्य

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को टीबी सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में आरबीएसके टीम, शिक्षा विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के जिम्मेदार लोगों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से किशोर-किशोरियों और महिलाओं को एनीमिया की अवस्था से मुक्त कराने पर चर्चा हुई।

प्रशिक्षण में आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ.महेशचंद्रा ने बताया कि जनपद में 15 से 19 साल की किशोरियों में एनीमिया की समस्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 वर्ष 2019-21 के अनुसार जनपद में 49.07 प्रतिशत किशोरियां एनीमिया से ग्रसित हैं। इस अवस्था में सुधार लाने को लेकर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित हो रहा है। कक्षा 6 से 12वीं तक के किशोर-किशोरियों को सप्ताह में एक दिन सोमवार को विद्यालय में आयरन फोलिक एसिड की नीली टेबलेट खिलाई जाती है। उन्होंने प्रशिक्षण में निर्देश दिए कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि गोली मिड डे मील के बाद ही खिलाएं। जो किशोरियां विद्यालय नहीं जाती हैं उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वीएचएनडी के दिन गोली खिलाएं। इसके अलावा प्राइमरी स्तर पर बच्चों को गुलाबी रंग की आयरन फोलिक एसिड की गोली खिलाई जानी है। डिप्टी सीएमओ डॉ.एलबी गुप्ता ने बताया कि जो भी टीम विजिट करे वह समय पर सही आंकड़ों को पोर्टल में फीड करें ताकि असमंजस जैसी कोई स्थिति न पैदा हो। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल यादव ने भी प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि स्कूलों का विजिट करने वाली टीमें बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी बीमारी की सही दशा को दर्शाएं, ताकि ऐसे बच्चों को समय से बेहतर उपचार मुहैया कराया जा सके।

# गजब प्रधान जी ने अपात्रों को दिये पीएम आवास, पात्र को दिखाया ठेगा

**माधौगढ़ (जालौन)।** प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा इतना है कि देखने वाला सिर पकड़ ले लेकिन अधिकारियों और प्रधान की इतनी बेहतरीन सांठगांठ होती है कि सामने दो मंजिला मकान भी दिखाई नहीं देते और उन्हें प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करा दिया जाता है। इस खेल में कथित तरीके से मोटा कमीशन प्रधान और सचिव द्वारा लिये जाने की बात अब अपात्र व्यक्ति कहते सुने जा रहे है। रामपुरा विकासखंड के छौना गांव में 14 आवासों में मात्र 3 लोग पात्र थे और 11 व्यक्ति अपात्र थे। उसके बावजूद सभी को प्रधानमंत्री आवास दे दिए गए। लगभग लोगों के पक्के मकान और दो मंजिला मकान तक बने हुए हैं, फिर भी उन्हें प्रधानमंत्री आवास में पात्र घोषित कर दिया। कौशल्या, मीरा देवी, कुंवर बाई, मोहर सिंह, कल्पना, रेखा, ममता, मुकेश, सत्यवती और पुरुषोत्तम सहित 11 लोग अपात्र हैं। जिसकी शिकायत मंजेश सेंगर पुत्र गोविंद सिंह सेंगर और कंचन पुत्र रामकुमार ने 11 जनवरी 2023 को शपथ पत्र पर जिलाधिकारी से शिकायत की। जिसकी जांच तो हुई लेकिन शिकायतकर्ता को पता तक नहीं चला। ऐसे में भ्रष्टाचार पर नकेल कैसे कसी जाएगी? यह तो नामुमकिन लगता है।





### जांच टीम ने कौन से चश्मे को लगा की जांच, पात्र हुये हैरान

**ग्राम** पंचायत छौना में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने सांठगांठ कर अपात्र लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने मामला तूल पकड़ना शुरू हो गया है। जब उक्त मामले की शिकायत गांव के ही मंजीत सिंह ने पहले बीडीओ से की तो कुछ नहीं हुआ तो उसने मुख्य विकास अधिकारी को शपथ पत्र के साथ शिकायत की तो मामले की जांच करने गांव में जांच टीम पहुंची और फिर शिकायतकर्ता पर ही अपनी शिकायत वापस लेने का दबाब बनाने का क्रम शुरू हो गया है। लेकिन जांच टीम ने अपात्रों की जांच करने के नाम पर गोलमाल कर गयी। अंततः जब शिकायतकर्ता को लगा कि उसे न्याय नहीं मिलेगा तो उसने अब दूसरे शपथ पत्र पर शिकायती पत्र डीएम के पास भेज दिया है। ताज्जुब की बात तो यह है कि उक्त मामले की पहले ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश उदैनिया द्वारा की गयी थी। इसके बाद सीडीओ ने पुनः जांच करवायी लकर हर बार हकीकत को अनदेखा किया गया।

## ठगी पीड़ितों ने प्रदर्शन कर पुनः डीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**फतेहपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में तमाम जमा पीड़ित परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदनलाल आजाद के आह्वान पर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा



जिसमें उन्होंने बताया कि आज तक उनके द्वारा न ही कुछ कार्रवाई हुई और न ही संगठन को किसी तरह की सूचना दी गई और बांड्स एक्ट 2019 एवं यूपीपी आईडी एक्ट 2016 के तहत नामित अधिकारी व कानून के तहत सक्षम अधिकारी की न तो अदालत अलग हुई न पट्टिका लगाई गई जिससे जमा करता परिवार पूरी तरह से मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान है। इन विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भुगतान के आवेदन स्वीकार करने ही प्रशासन के अनुरूप नियमानुसार पट्टिका लगाकर आवेदन स्वीकार किए जाएं जिससे कि जमा पीड़ित परिवार को उनका हक मिल सके। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज दिन विश्वकर्मा अजय कुमार मुकेश कुमार वर्मा राकेश कुमार सुरेंद्र साहू कृष्ण कुमार वेद प्रकाश रामकुमार रामबाबू राकेश कुमार डॉ राजेंद्र लोधी डॉक्टर बच्ची लाल दीपक कुमार नरेंद्र कुमार कामता प्रसाद सुनील कुमार विश्वकर्मा जगदीश प्रसाद सोनेलाल सुभाष सिंह चौहान संजय कुमार विश्वकर्मा डॉक्टर गुलाब सिंह अनिल कुमार हरिश्चंद्र अशोक सुरेंद्र सिंह राजकुमार गुप्ता दिनेश कुमार समेत आज सैकड़ों पीड़ित परिवार मौजूद रहे।

# निवेश व रोजगार की थीम पर मनाया उत्तर प्रदेश दिवस

**संवाददाता।** फतेहपुर

उत्तर प्रदेश दिवस मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में निवेश एवं रोजगार की थीम पर समारोहपूर्वक मनाया गया। जिलाधिकारी श्रुति ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण की प्रस्तुति दी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समस्त जनपदवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश दिवस को हर्षोल्लास के साथ माना रहे हैं। सभी अधिकारी जनपद के विकास में अपनी महती भूमिका निभाएं। गौसेवा करना हमारी संस्कृति में है। इस अवसर पर गौपालकों का सम्मान किया जाना बहुत ही जरूरी है क्योंकि निराश्रित गौवंशों की सेवा हर मौसम में गौपालक पूरे मनोभाव के साथ करते हैं। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस को उत्तम प्रदेश नहीं सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है। इसके लिए अधिकारीगण व जनपदवासियों को मिलकर काम करना होगा। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की लगायी गयी प्रदर्शनी का घूमकर अवलोकन किया। उनके उत्पाद के बारे में जानकारी की। साइबर जागरूकता के तहत छात्र-छात्राओ एवं नागरिकों को पम्पलेट का वितरण किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। संचालन अनुराग मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी सदर नन्द प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडी, एमपी चौबे, उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) शालिनी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रशांत साहू, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे।

**● विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित**

## काली पट्टी बांधकर अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

**खागा (फतेहपुर)।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन मधुसूदन तिवारी के आवाहन पर मंगलवार को खागा मॉडल बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही जूनियर अधिवक्ताओं के लिए वेतन सहित विभिन्न मांगे रखीं। मॉडल बार एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह एवं महामंत्री भूपाल सिंह एडवोकेट की अगुवाई में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। उन्होंने मांग की कि अधिवक्ता हित से संबंधित मांगे जब तक नहीं मानी जाएंगी तब तक बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आवाहन पर विरोध प्रदर्शन होता रहेगा। बताया कि अधिवक्तगणों की मांगों को शासन-प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रहा है।

# पूंजी निवेश के लिए भरपूर संभावनाओं का क्षेत्र है बुंदेलखंड: आर के सिंह पटेल

**संवाददाता।** बांदा

**उप्र** इनवेस्टर्स समिट के अन्तर्गत जनपद बांदा के इन्वेस्टर्स समिट एवं उप्र दिवस कार्यक्रम का आज रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा के परिसर में आयोजित किया गया। इनवेस्टर्स समिट का शुभारम्भ प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित उद्यमियों से कहा कि वह अधिक से अधिक उद्योग जनपद में लगाने के लिए अपना निवेश करें, जिससे कि जनपद बांदा में विकास के साथ रोजगार के अवसर बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि बांदा जनपद पूर्व में बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र था लेकिन वर्ष-2017 से केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने से प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज कायम हुआ है और अब बुन्देलखण्ड क्षेत्र के साथ ही बांदा में भी नये-नये उद्योग लग रहे हैं तथा पूंजी निवेश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस.वे के बन जाने से तथा इसके किनारे औद्योगिक कॉरीडोर बनाया जायेगा, जिससे यहां के लोगों को और अधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने एवं प्रोत्साहित करने हेतु अग्रसर हो रही है, जिससे कि यहां के कठिया गेंहूँ एवं अन्य उत्पादों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान विषम स्थिति में यहां के उद्यमियों द्वारा ऑक्सीजन की कमी होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए ऑक्सीजन प्लांट लगाया है, जो कि मानवीय दृष्टिकोण से बेहतर एवं प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि आज जिन उद्यमियों ने एमओयू हस्ताक्षरित किये हैं उन्हें उद्योग स्थापित करने में हर सम्भव सहायता शासन एवं प्रशासन के द्वारा दी जायेगी। जलशक्ति राज्यमंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम में एमओयू हस्ताक्षरित करने वाले विभिन्न उद्यमियों को एमओयू पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। बांदा इनवेस्टर्स समिट में आज जनपद के विभिन्न उद्यमियों द्वारा 95 इंटेन्ट के माध्यम से 9849 करोड़ की धनराशि का इंटेन्ट प्राप्त हुआ है, जिसमें 1700 करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित किये गये। सांसद बांदा.चित्रकूट श्री आरके सिंह पटेल ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र सहित जनपद बांदा में पर्यटन क्षेत्र विकसित करने व उद्योग स्थापित करने की अपार सम्भावनायें विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत उद्योग स्थापित करने हेतु 25 से 30 प्रतिशत तक का अनुदान दे रही है। उद्यमी इस योजना का लाभ उठाकर अधिक से अधिक उद्योग लगायें। उन्होंने कहा कि बदल रहा है उत्तर प्रदेश, बांदा में करिये बेहतर निवेश। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को और अधिक विकसित करने के लिए कृषि आधारित उद्योग भी लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को आवश्यक मूलभूत सुविधायें सरकार द्वारा पूर्ण सुरक्षा के साथ प्रदान की जा रही हैं।

# कैलिफोर्निया में गोलीबारी में सात लोगों की मौत

● संदिग्ध गिरफ्तार
●दो जगह घटी घटनाएं

भाषा। हाफ मून बे (अमेरिका)

**सैन फ्रांसिस्को** के पास हाफ मून बे शहर में एक खेत में और एक ट्रक कंपनी में हुई गोलीबारी की घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। इस सिलसिले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सैन मैटियो काउंटी बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर्स के अध्यक्ष डेव पाइन ने बताया कि सैन फ्रांसिस्को से करीब 48 किलोमीटर दूर हाफ मून बे शहर में एक खेत में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई जबकि ट्रक कंपनी में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की जान गई। पाइन ने बताया कि पुलिस ने गोलीबारी के संबंध में 67 वर्षीय चुनली झाओ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध इनमें से एक जगह काम करता था। उन्होंने संदिग्ध को असंतुष्ट कर्मी बताया। कैप्टन इमॉन एलेन ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि सैन मैटियो काउंटी के शेरिफ कार्यालय को दोपहर ढाई बजे गोलीबारी की सूचना मिली तथा मौके पर चार लोग मृत मिले जिन्हें गोली लगी थी। उन्हें घटनास्थल पर एक और व्यक्ति घायल अवस्था में मिला। इसके तुरंत बाद अधिकारियों को करीब आठ किलोमीटर दूर दूसरे स्थान पर तीन और लोग मृत मिले। एलेन ने बताया कि पहली सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद शेरिफ अधिकारी को संदिग्ध झाओ हाफ मून बे में अपनी कार में मिला। उसे हिरासत में ले लिया गया और उसकी कार से एक हथियार बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि झाओ ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया। शेरिफ कार्यालय ने दोनों घटनास्थल के बीच संबंध के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। गोलीबारी के कारण का अभी पता नहीं चला है। गोलीबारी की ये घटनाएं ऐसे वक्त में हुई है जब दक्षिणी कैलिफोर्निया में शनिवार देर रात एक बॉलरूम डांस हॉल में गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई थी। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्वीट किया में सामूहिक गोलीबारी के पीड़ितों से अस्पताल में मुलाकात कर रहा था तभी मुझे अलग ले जाकर गोलीबारी की एक अन्य घटना की सूचना दी गई। इस बार हाफ मून बे। त्रासदी पर त्रासदी।



## टेक्सास, अमेरिका के अन्य शहरों में मुस्लिम लव जीसस के होर्डिंग लगाए गए

**ह्यूस्टन।** टेक्सास समेत अमेरिका के विभिन्न शहरों में इस्लाम और ईसाई धर्म के बीच समानता के संदेश वाले होर्डिंग लगाए गए हैं। इस तरह का एक बोर्ड ह्यूस्टन के एक व्यस्त राजमार्ग पर देखा जा सकता है, जो हजारों चालकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस बोर्ड पर मुस्लिम्स लव जीसस (मुसलमान ईसु से प्रेम करते हैं) के संदेश के नीचे लिखा है- एकईश्वर और उसकी पैगंबरी का संदेश। इलिनोइस स्थित इस्लामिक शिक्षा केंद्र गेनपीस शिकागो, डलास और मध्य न्यू जर्सी समेत पूरे अमेरिका में धर्मों की साझा जड़ों को उजागर करने और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए इसी तरह के होर्डिंग लगा रहा है। एक होर्डिंग में मैरी को हिजाब पहने हुए दिखाया गया है और लिखा है, भाग्यशाली मैरी ने हिजाब पहना था। क्या आप इसका सम्मान करेंगे? इसी तरह के होर्डिंग में इस्लाम में सबसे पवित्र स्थल माने जानी जाने वाली एवं सऊदी अरब में स्थित काबा की इमारत की एक तस्वीर लगाई गई है और इस पर संदेश लिखा है, इब्राहिम द्वारा निर्मित, एक ईश्वर की पूजा करने के लिए समर्पित, लाखों मुसलमानों की वार्षिक तीर्थयात्रा का स्थल। गेनपीस एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका मुख्य लक्ष्य आम जनता को इस्लाम की जानकारी देना और इस संबंध में किसी भी संदेह या गलत धारणा को दूर करना है। उसने होर्डिंग लगाने के लिए उन शहरों को चुना, जहां संगठन की मजबूत उपस्थिति है और बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी रहती है। ह्यूस्टन में गेनपीस के एक स्वयंसेवक ने कहा कि उन्हें कई लोगों के फोन करके यह जानने की कोशिश कर रहे है कि मुस्लिम और इस्लाम धर्मों के बीच क्या समानताएं है। जब हम समझाते है कि मुसलमान होने के लिए, हमें ईशु और मैरी में विश्वास करना होगा, तो वे चकित हो जाते है। गेनपीस के निदेशक डॉ. सबील अहमद ने कहा, इस्लाम धर्म को अक्सर गलत समझा जाता है, जिससे कुछ लोग इस्लाम के बारे मे पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण रखते है।

# नेपाल में 5.9 तीव्रता का भूकंप एक व्यक्ति की मौत

● दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के पश्चिमी** हिस्से में मंगलवार को आए 5.9 तीव्रता के भूकंप में एक व्यक्ति की मौत हो गई और क्षेत्र में दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप माप एवं अनुसंधान केंद्र के प्रमुख लोकविजय अधिकारी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 43 मिनट पर आया, जिसका केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत में बाजुरा जिला के मेला इलाके में था। पुलिस ने बताया कि बाजुरा जिले में 35 वर्षीय एक महिला की उस वक्त मौत हो गई, जब पास के जंगल घास काटने के दौरान उस पर एक चट्टान गिर गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में आए भूकंप में तीन दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि वे भूकंप से हुए और नुकसान की जानकारी जुटा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बडीमलिका नगर निकाय क्षेत्र में एक मंदिर के ढांचे में भी दरार पड़ गई। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण हुए भूस्खलन में करीब 40 भेड़ों की जान चली गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र की प्रमुख मोनिका दहल ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई और इसके झटके पश्चिमी नेपाल के विस्तृत क्षेत्र में महसूस किए गए। भारत के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल की सेना और पुलिस के कर्मियों को भूकंप के शीघ्र बाद राहत कार्य में लगा दिया गया। पश्चिमी नेपाल में अक्सर हल्की से मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। दिसंबर 2022 में कुछ समय के अंतराल पर तीन बार आए भूकंप के झटकों से पश्चिमी नेपाल दहल गया था। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2015 में 7.8 तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप से नेपाल दहल गया था।

## नेपाल विमान हादसे में मारे गए 60 लोगों के शव परिजनों को सौंपे गए

**काठमांडू।** नेपाल में अधिकारियों ने पिछले हफ्ते हुए एक विमान हादसे में मारे गए 72 लोगों में से 60 के शव उनके परिजनों को सौंप दिए हैं। यति एयरलाइन ने यह जानकारी दी। बचावकर्मी दुर्घटनास्थल पर अब भी दो शवों की तलाश कर रहे हैं, जहां एयरलाइन का एक विमान 15 जनवरी को रिसॉर्ट शहर पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 72 लोग सवार थे। पोखरा, राजधानी काठमांडू से 200 किमी पश्चिम में स्थित है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि बरामद किए गए 10 अन्य शवों में छह की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही परिजनों को सौंप दिया जाएगा, जबकि चार अन्य की अब भी पहचान की जा रही है। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण ने यह भी कहा है कि पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर विमान उतारने की प्रणाली 26 फरवरी तक काम नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन एक जनवरी को शुरू किया गया था।

## मानवाधिकार समूह ने म्यांमा सेना के खिलाफ जर्मनी में शिकायत दर्ज कराई

**बैंकॉक।** एक मानवाधिकार समूह और म्यांमा के 16 लोगों ने देश के जनरलों को नरसंहार, युद्ध अपराध तथा मानवता के खिलाफ अपराध के लिए सजा दिए जाने की मांग करते हुए जर्मनी में एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि ए अपराध मुस्लिम रोहिंग्या पर 2017 की कार्वाई के दौरान और 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद किए गए। मानवाधिकार समूह फोर्टिफाई राइट्स ने मंगलवार को बैंकॉक में घोषणा की कि अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को अभी तक जवाबदेह नही ठहराया गया है। जर्मनी में संघीय अभियोजक कार्यालय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है जहां गत शुक्रवार को यह कानूनी शिकायत दर्ज कराई गई। कार्यालय इस पर फैसला लेगा कि मामले के अदालत में जाने से पहले मुकदमा दर्ज किया जाए या नही।

## नेतन्याहू ने किंग से मिलने के लिए जॉर्डन की उड़ान भरी

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शाह अब्दुल्ला द्वितीय से मिलने के लिए मंगलवार को जॉर्डन की एक यात्रा की। यह इतिहास मे इजरायल की सबसे दक्षिणपंथी और धार्मिक रूप से रूढ़िवादी सरकार के सत्ता संभालने के बाद उनकी पहली यात्रा है। इजरायल और जॉर्डन के आधिकारिक बयानों ने लंबे समय से मजबूत संबंध रखने वाले नेताओ के बीच चर्चा के बारे मे बहुत कम जानकारी दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों और प्रमुख क्षेत्रीय सहयोगी जॉर्डन के साथ सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। इजरायल मे पिछले साल के अंत में सत्ता में आई नई अति राष्ट्रवादी सरकार को लेकर पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## स्थानीय चुनाव कराना बड़ी चुनौती: श्रीलंकाई अधिकारी

**कोलंबो।** श्रीलंका के लिए मार्च मे स्थानीय चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती होगा क्योंकि देश गंभीर आर्थिक हालात का सामना कर रहा है। एक वरीष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। कैबिनेट प्रवक्ता बंडुला गुणवर्धने ने संवाददाताओं से यहां कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान वाहनो के व्यापक इस्तेमाल के लिए सरकार ईंधन का कोटा बढ़ाने की हालत मे नही होगी। गुणवर्धने ने कहा, हमने निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी कंपनी सिलोन विद्युत बोर्ड (सीईबी) और केंद्रीय परिवहन बोर्ड (चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिसकी बसों का इस्तेमाल किया जाएगा) राजस्व घाटा और संसाधनो के नुकसान के कारण बहुत खराब स्थिति मे है।

# बीबीसी वृत्तचित्र से अवगत नही, भारत से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों से पूरी तरह अवगत : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी विदेश** मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा है कि अमेरिका बीबीसी के वृत्तचित्र से अवगत नहीं है, लेकिन वह वाशिंगटन और नई दिल्ली को जोड़ने वाले साझा लोकतांत्रिक मूल्यों से पूरी तरह से अवगत है। बीबीसी ने इंडिया : द मोदी क्वेश्चन शीर्षक से दो भाग में एक नई सीरीज तैयार की है। बीबीसी का दावा है कि यह सीरीज गुजरात में 2002 में हुए दंगों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करती है। गुजरात दंगे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका की नई दिल्ली के साथ उन मूल्यों पर आधारित असाधारण गहरी साझेदारी है, जो अमेरिका और भारत दोनों लोकतंत्र के लिए समान हैं। जब पाकिस्तानी पत्रकार ने प्राइस से बीबीसी के वृत्तचित्र के बारे में फिर से सवाल किया तो उन्होंने कहा, मुझे (2002 के गुजरात दंगों पर आधारित बीबीसी के) उस वृत्तचित्र के बारे में जानकारी नहीं है, जिसकी आप बात कर रहे हैं। मैं उन साझा मूल्यों से पूरी तरह परिचित हूं, जो अमेरिका और भारत को दो संपन्न एवं जीवंत लोकतंत्रों के रूप में जोड़ते हैं। प्राइस ने कहा, जब हम भारत में उठाए गए किसी कदम को लेकर चिंतित हुए है, तो हमने उन्हें उठाया है।

## भारत ने बताया था कि बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान परमाणु हमले की तैयारी में है : पोम्पिओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने दावा किया है कि वह अपनी तत्कालीन भारतीय समकक्ष सुषमा स्वराज से बात करने के लिए नींद से जागे थे जिन्होंने उन्हें बताया था कि पाकिस्तान फरवरी 2019 में बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के मद्देनजर परमाणु हमले की तैयारी कर रहा है और भारत अपनी जवाबी कार्वाई की तैयारी कर रहा है। मंगलवार को बाजार में आई अपनी नई किताब नेवर गिव एन इंचः फाइटिंग फॉर द अमेरिका आई लव में पोम्पिओ ने कहा कि यह घटना तब हुई जब वह 27-28 फरवरी को अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन के लिए हनोई मे थे और उनकी टीम ने इस संकट को टालने के लिए भारत और पाकिस्तान दोनो के साथ पूरी रात काम किया। पोम्पिओ अपनी किताब में लिखते है, मुझे नही लगता कि दुनिया ठीक से जानती है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच वार्ता पर दोनों देशों को फैसला करना है : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** एक बार फिर कहा है है कि भारत-पाकिस्तान के बीच किसी वार्ता की गति, दायरे और उसके स्वरूप पर निर्णय लेना दोनों देशों का मामला है। अमेरिका ने कहा कि वाशिंगटन ने हमेशा दोनों पड़ोसी देशों के बीच वार्ता का समर्थन किया है ताकि दक्षिण एशिया में शांति सुनिश्चित हो सके। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को कहा कि हालांकि अमेरिका दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता देखना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के साथ उसके संबंध स्वतंत्र हैं। प्राइस पाकिस्तानी पत्रकारों के उन सवालों का जवाब दे रहे थे जिसमें उनसे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की उस हालिया टिप्पणी के बारे में पूछा गया था जिसमें भारत से शांति वार्ता का अनुरोध किया गया था। प्राइस ने दैनिक प्रेसवार्ता में संवाददाताओं से कहा, हमने लंबे समय से दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता की अपील की है।

# न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री के रूप में आखिरी बार जनता के सामने आई जेसिंडा अर्डर्न

भाषा। वेलिंगटन



**जेसिंडा** अर्डर्न न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री के तौर पर मंगलवार को आखिरी बार सार्वजनिक रूप से सामने आईं और कहा कि वह सबसे ज्यादा लोगों को याद करेंगी क्योंकि वे उनके लिए नौकरी में खुश रहने की वजह थे। अर्डर्न ने बृहस्पतिवार को देश को हैरत में डालते हुए घोषणा की थी कि वह अपना पद छोड़ने जा रही हैं। लेबर पार्टी के सांसदों ने प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के लिए क्रिस हिप्किंस के पक्ष में रविवार को सर्वसम्मति से मतदान किया और वह बुधवार को शपथ ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में आखिरी काम के तौर पर अर्डर्न रातना मैदान में आयोजित एक समारोह में हिप्किंस तथा अन्य सांसदों के साथ शामिल हुईं। अर्डर्न ने पत्रकारों से कहा कि हिप्किंस से उनकी दोस्ती करीब 20 साल पुरानी है और वह रातना मैदान तक आने के दौरान करीब दो घंटे उनके साथ रहीं। उन्होंने कहा कि वह केवल एक सच्ची सलाह दे सकती हैं कि, आप जो चाहते हैं वह करें। अपनी घोषणा के बाद से सोशल मीडिया पर उन पर किए जा रहे कटु और महिला विरोधी हमलों के बारे में भी बात की और कहा कि उनके इस्तीफा देने के पीछे यह वजह नहीं है। हिप्किंस ने पत्रकारों को कहा कि नेतृत्व परिवर्तन खट्टा-मीठा है। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर मैं, यह भूमिका संभालकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं लेकिन यह अच्छी तरह पता है कि जेसिंडा मेरी बहुत अच्छी मित्र है। अर्डर्न का गीत गाकर अभिवादन किया गया। उन्होंने मैदान में मौजूद लोगों से कहा कि वह न्यूजीलैंड तथा उसके लोगों के लिए अधिक प्यार और स्नेह के साथ यह दायित्व छोड़ेंगी। उनके सहकर्मी असाधारण लोग हैं।

## मानवाधिकारों के उल्लंघन के संदर्भ में तालिबान के साथ संबंध की समीक्षा कर रहे हैं: अमेरिका

वाशिंगटन, 24 जनवरी (भाषा) अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अफगानिस्तान में हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन के संदर्भ में अमेरिका तालिबान शासन के प्रति अपने दृष्टिकोण और उसके साथ संबंध की समीक्षा कर रहा है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और भागीदारों से आगे की कार्वाई को लेकर लगातार स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने 2021 अगस्त से अफगानिस्तान को 1.1 अरब डॉलर की सहायता प्रदान की है और मदद के लिहाज से अग्रणी देश है। प्राइस ने कहा, हम हाल के हफ्तों और महीनों में तालिबान में देखने को मिले मानवाधिकारों के उल्लंघन, क्रूरतापूर्ण फरमानों, घृणित कार्यों के संदर्भ में तालिबान के प्रति अपने दृष्टिकोण और उसके साथ संबंध की समीक्षा कर रहे हैं। मैं यह जानकारी अभी साझा नहीं कर सकता कि इस प्रकिया में हम अभी किस पड़ाव पर हैं, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हम सहयोगियों तथा साझेदारों के साथ आगे की कार्वाई के संबंध में सक्रिय रूप से स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। प्राइस ने कहा

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने बिजली गुल होने के लिए माफी मांगी

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय ग्रिड में गड़बड़ी के कारण देशभर में बिजली गुल हो जाने और इस कारण लाखों लोगों को हुई परेशानी को लेकर मंगलवार को राष्ट्र से माफी मांगी। उन्होंने पिछले करीब चार महीने में सोमवार को हुई इस तरह की दूसरी घटना की जिम्मेदारी तय करने का संकल्प लिया। पाकिस्तान में राष्ट्रीय ग्रिड में वोल्टेज में उतार-चढ़ाव होने के चलते बिजली गुल हो गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया और राजधानी इस्लामाबाद तथा वित्तीय केंद्र कराची सहित देश के बड़े हिस्से में अंधेरा छा गया। प्रधानमंत्री शहबाज ने एक ट्वीट में कहा, कल बिजली गुल होने के चलते हमारे नागरिकों को हुई असुविधा के लिए अपनी सरकार की ओर से मैं गहरा खेद व्यक्त करता हूं। न्होंने कहा, बिजली गुल होने के कारणों का पता लगाने के लिए मेरे आदेश पर एक जांच जारी है। जिम्मेदारी तय की जाएगी। पाकिस्तान में बिजली आपूर्ति लगभग बहाल कर दी गई है, हालांकि मंगलवार को भी देश के कुछ हिस्सों में बिजली नहीं रही। ऊर्जा मंत्री खुर्म दस्तगीर ने मंगलवार को कहा कि देश भर में ग्रिड स्टेशनों में बिजली पूरी तरह से बहाल कर दी गई है।



## बिजली आपूर्ति बहाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मंगलवार को राजधानी इस्लामाबाद सहित अन्य हिस्सो मे बिजली आपूर्ति धीरे-धीरे बहाल कर दी गई। ऊर्जा मंत्री खुर्म दस्तगीर ने यह जानकारी दी।उन्होने कहा, आज (मंगलवार) सुबह 5.15 बजे देशभर मे बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बहाल कर दी गई। हालांकि, समाचार पत्र डॉन की खबर के मुताबिक, कराची, क्वेटा और लाहौर जैसे प्रमुख शहरो को अभी भी बिजली नसीब नही हो पाई है। पाकिस्तान मे सोमवार को राष्ट्रीय ग्रिड मे खराबी के कारण बड़े पैमाने पर बत्ती गुल हो गई थी, जिससे राजधानी इस्लामाबाद और वित्तीय हब कराची समेत मुल्क के बड़े हिस्से मे लाखो लोग अंधेरे मे रहने को मजबूर हो गए थे। पिछले लगभग चार महीने मे यह इस तरह की दूसरी घटना थी। दस्तगीर ने कहा कि कोयला आधारित संयंत्रो मे लगभग 6,600 मेगावॉट और परमाणु ऊर्जा संयंत्रो मे तकरीबन 3,500 मेगावॉट बिजली का उत्पादन अगले 48 से 72 घंटो मे बहाल हो जाएगा।

# भगोड़े कारोबारी अतुल गुप्ता दक्षिण अफ्रीका का नया पासपोर्ट हासिल करने की कानूनी लड़ाई हारे

भाषा। जोहानिसबर्ग

**भारतीय मूल** के तीन भाइयों में से एक अतुल गुप्ता दक्षिण अफ्रीकी सरकार से नया पासपोर्ट हासिल करने की कानूनी लड़ाई हार गए हैं। प्रीटोरिया स्थित एक अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वह पासपोर्ट के लिए पात्र नहीं हैं, क्योंकि वह न्यायालय की नजर में भगोड़े हैं। अतुल फिलहाल स्वनिर्वासन में दुबई में रह रहे हैं। अतुल, अजय और राजेश गुप्ता पर पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा के साथ घनिष्ठ संबंध के माध्यम से दक्षिण अफ्रीका के सरकारी संगठन से अरबों रैंड (दक्षिण अफ्रीकी मुद्रा)निकालने का आरोप है। फिलहाल, अतुल और राजेश दक्षिण अफ्रीका में आरोपों का सामना करने के लिए प्रत्यर्पण का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018 में जुमा को उनकी सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति पद से बेदखल किए जाने के बाद गुप्ता बंधु परिवार के साथ दुबई भाग गए थे। गुप्ता बंधुओं को अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से भी काली सूची में डाला गया है। प्रिटोरिया उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि अतुल गुप्ता दक्षिण अफ्रीकी पासपोर्ट के लिए योग्य नहीं हैं, क्योंकि वह न्यायालय द्वारा घोषित भगोड़े हैं। गुप्ता ने वर्ष 2018 में नए पासपोर्ट के लिए दुबई स्थित दक्षिण अफ्रीकी दूतावास से संपर्क किया, लेकिन यह उनके द्वारा प्रत्यर्पण के मामले का सामना किए जाने से पहले की बात है। हालांकि, राष्ट्रीय अभियोजन प्राधिकरण की ओर से इस बात की पुष्टि के बाद कि उसने एक डेयरी परियोजना से जुड़े धोखाधड़ी और धन शोधन के अपराध में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, गृह विभाग ने गुप्ता के आवेदन को खारिज कर दिया। फ्री स्टेट प्रांत में इस डेयरी परियोजन को शुरू करना था और माना गया था कि यह परियोजना अश्वेत किसानों के लाभ के लिए थी। परियोजना के प्रबंधन के लिए भारत स्थित पारस डेयरी के विशेषज्ञों को लाए जाने के बावजूद यह योजना धराशाई हो गई ।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार निश्चल कुमार यादव खसरा नंबर-99 मेंसे 239.2 वर्ग गज गांव शाहबेरी, तहसील दादरी जिला गौतमबुद्धनगर के मालिक हैं,तथा यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक के साथ बांधकर रख हे है. तथा निश्चल कुमार यादव के पास प्रापर्टी से संबंधित मूल कागजात 1. रणपाल का मृत्यु और उत्तरजीवी प्रमाणपत्र, 2. याद राम सिंह यादव,भोले सिंह यादव, और रघुवीर सिंह यादव के पक्ष में वसीयत 3. याद राम सिंह यादव, भोले सिंह यादव, और रघुवीर सिंह यादव, के बिच रजिस्टर्ड पार्टीशन डीड, यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय निश्चल कुमार यादव और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न . पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कागजों को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०,द्वारका, नई देल्ही- मो. नं. ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को **श्रीमती कपिला जैन** पत्नी श्री सुमन कुमार जैन की ओर से नोटिस दिया जाता है। जो ग्राउण्ड फ्लोर के मालिक हैं, (इसकी छत/छत के अधिकार के बिना), निजी नंबर 2264-ए वाली संपत्ति, म्यूनिसिपल नंबर 2264 वाली संपत्ति का हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल 40.05 वर्ग मीटर है। जो मेड गंज, वार्ड नंबर XIII, बहादुर गढ़ रोड, सदर बाजार, दिल्ली -110006 में स्थित है। जो बिक्री विलेख दिनांक 14.02.2022, SRO-I, दिल्ली के कार्यालय में दस्तावेज/पंजीकरण संख्या 962 के रूप में पंजीकृत है और **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के विरूद्ध उक्त संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा है। वह मूल/फोटोकॉपी 1) स्वर्गीय श्री कुंदन लाल का मृत्यु प्रमाण पत्र, 2) स्वर्गीय श्री कुंदन लाल का जीवित सदस्य प्रमाण पत्र (एसएमसी), 3) स्वर्गीय राम भगत का मृत्यु प्रमाण पत्र, 4) स्वर्गीय श्रीमती सुमित्रा देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र, 5) स्वर्गीय राम भगत का जीवित सदस्य प्रमाण पत्र (एसएमसी), 6) स्वर्गीय श्री हरि प्रकाश गुप्ता का मृत्यु प्रमाण पत्र, 7) स्वर्गीय श्री हरि प्रकाश गुप्ता का जीवित सदस्य प्रमाण पत्र (एसएमसी), 8) स्वर्गीय श्री जय प्रकाश गुप्ता का मृत्यु प्रमाण पत्र। 9) स्वर्गीय श्रीमती कमला गुप्ता का मृत्यु प्रमाण पत्र, 10) स्वर्गीय श्री हरि प्रकाश गुप्ता और श्रीमती कमला गुप्ता का जीवित सदस्य प्रमाण पत्र (एसएमसी) उपलब्ध नहीं है/गुम हो गया है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त संपति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/हित/गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो आज से **7 दिनों** के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है।

लुसेम लीगल एलएलपी
136, बेसमेंट फ्लोर, उदय पार्क, मदर डेयरी के पास, नई दिल्ली-110049, संपर्क: 011-40046316, 41667327

**Public Notice-** This is to inform general public that Mrs. Sushma has acquired the Entire Third Floor, with its Roof/Terrace Rights of Freehold Built-up Property bearing No. 69-A, built on Land area measuring 88.9 Sq. Yds., situated at Kamla Nagar, Delhi-110007 vide Sale Deed Dated 17.08.2020, Doc no. 4285 and Now, Mrs. Sushma is mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

**Entire First floor, Third Floor and Fourth Floor portion of Property No.112, Block-D, Sector-08, Dwarka, Delhi**

That our client **Sanjay Gupta S/o Bhagwat Swaroop Gupta**, is recorded owner of above said property having been purchased the same from M/s Shree Aasht Vinayak Travels Pvt. Ltd., vide three different sale deeds dated 20.08.18, 23.03.16 & 20.02.18, and prior chain as Original Sale deed vide No.2820 dated 14.03.14 in favour of M/s Shree Aasht Vinayak Travels Pvt. Ltd have been misplaced/lost for which lost document complaint lodged with Police vide LR No. LR No: 67561/2023 dated 20.01.23.

Under the circumstances, notice is hereby given to the General Public, Bank/Financial institutions or other person/s, organization/s, company/ies, government authority/ies, having any claim, rights, title, or any interest of any nature whatsoever into or upon the said property, is hereby called upon to make the same known, in writing with documentary evidence by registered AD Post to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of the publication of this notice and in the event no response having been received to the notice, the title of Sanjay Gupta to the said property shall be deemed to be clear of any claim, charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client in any manner whatsoever.

Kumar Abhishek
Advocate
Legal Access
132A, Anarkali Complex,
Jhandewalan Ext. New Delhi

# शौनक की ऑल दैट ब्रीद्स ऑस्कर में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर के लिए नामित

भाषा। लॉस एंजिलिस



**जलवायु परिवर्तन** से संबंधित भारतीय वृत्तचित्र ऑल दैट ब्रीद्स ने मंगलवार को अकादमी पुरस्कारों के 95वें संस्करण में अंतिम नामांकन सूची में जगह बनाई। वहीं तमिल वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने वृत्तचित्र लघु विषय श्रेणी में नामांकन हासिल किया। शौनक सेन के निर्देशन वाले वृत्तचित्र ऑल दैट ब्रीद्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी के लिए ऑल द ब्यूटी एंड द ब्लडशेड , फायर ऑफ लव , ए हाउस मेड ऑफ स्प्लिंटर्स और नवलनी के साथ नामांकित किया गया है। दिल्ली में बना वृत्तचित्र दो भाइयों, मोहम्मद सऊद और नदीम शहजाद पर आधारित है, जिन्होंने घायल पक्षियों, विशेष रूप से काली चीलों को बचाने और उनका इलाज करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। ऑल दैट ब्रीद्स को बाफ्टा अवार्ड के लिए भी नामांकित किया गया है। इसने पहले इस साल के सनडांस फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड सिनेमा ग्रैंड ज्यूरी प्राइज: डॉक्यूमेंट्री जीता था। इसके अलावा इसने 2022 के कान फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र के लिए गोल्डन आई पुरस्कार हासिल किया था। तमिल डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने भी मंगलवार को 95वें अकादमी पुरस्कारों की वृत्तचित्र लघु विषय श्रेणी में नामांकन हासिल किया। कार्तिकी गोंसाल्विस द्वारा निर्देशित इस वृत्तचित्र को चार अन्य फिल्मों हॉलआउट , हाउ डू यू मेजरमेंट ए ईयर? , द मार्था मिशेल इफेक्ट और स्ट्रेंजर एट द गेट के साथ इस श्रेणी में नामांकित किया गया है। द एलिफेंट व्हिस्परर्स दो परित्यक्त हाथियों और उनकी देखभाल करने वालों के बीच एक अटूट बंधन को दर्शाता है। इसका निर्माण सिख्या एंटरटेनमेंट के गुनीत मोंगा और अचिन जैन ने किया है। प्रतिष्ठित 95वें अकादमी पुरस्कार की 23 श्रेणियों के लिए अंतिम नामांकन की घोषणा हॉलीवुड अभिनेता रिज अहमद और एलिसन विलियम्स ने यहां की। ऑस्कर 12 मार्च को होगा।

## आरआरआर के नाटू नाटू ने रचा इतिहास, सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में मिला नामांकन

**लॉस एंजिलिस।** फिल्मकार एस एस राजामौली की आरआरआर ने मंगलवार को फिल्म के गाने नाटू नाटू के साथ सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में ऑस्कर नामांकन हासिल करके इतिहास रच दिया। इस श्रेणी में फिल्म को टेल इट लाइक अ वुमन से अपलॉज , टॉप गन: मेवरिक से होल्ड माई हैंड , ब्लैक पैंथर: वाकांडा फॉरएवर से लिफ्ट मी अप और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स से दिस इज ए लाइफ के साथ नामांकित किया गया है। फिल्म की आधिकारिक वेबसाइट के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, हमने इतिहास रचा है। यह साझा करते हुए गर्व और खुशी हो रही है कि नाटू नाटू को 95वें एकेडमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए नामांकित किया गया है। एम एम कीरावनी द्वारा रचित और काल भैरव व राहुल सिप्लिगुंज द्वारा लिखित नाटू नाटू के लिए यह तीसरी बड़ी अंतरराष्ट्रीय मान्यता है। कीरावनी ने इस महीने की शुरुआत में गाने के लिए गोल्डन ग्लोब के साथ-साथ क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड जीता था। फिल्म ने एक और क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड-सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म श्रेणी का खिताब जीता। डैनी बॉयल द्वारा निर्देशित 2008 की ब्रिटिश फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर का जय हो , सर्वश्रेष्ठ मूल स्कोर और मूल गीत श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी गीत था।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दुबे दीपक वी/ शिवदेवी वी दुबे/ LBNOD00003285622 | फ्लैट नंबर 103, पहली मंज़िल, बिल्डिंग नंबर -3, ए विंग, आर्कोडे आर्ट, विनय नगर, आरएन के सामने, गैर कृषि भूमि वाले सर्वे नंबर -121, हिस्सा नंबर- 1 (पार्ट) के सभी टुकड़ों या पार्सल पर फ्लैट का निर्माण करने के लिए कहा गया है। जिला सर्वे नंबर-111, हिस्सा नंबर-10, बियरिंग नंबर-121, हिस्सा नंबर-2 (पार्ट), सर्वे नंबर-109, हिस्सा नंबर-6 और बियरिंग नंबर-109, हिस्सा नंबर-3 पर ग्राम घोड़बंदर तालुका और जिला ठाणे, महाराष्ट्र या उपनाम विनय नगर, भायंदर रोड, मीरा रोड, पूर्वी ठाणे महाराष्ट्र में स्थित है।/ जनवरी 19, 2023 | जुलाई 09, 2019 रु. 77,79,803/- | दिल्ली एनसीआर/ महाराष्ट्र |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 25, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# एयरो इंडिया प्रदर्शनी नए भारत उदय को दर्शाएगी: राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को कहा कि बेंगलुरु में आगामी एयरो इंडिया-2023 प्रदर्शनी ना केवल हवाई (एयरोस्पेस) क्षेत्र में देश की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन करेगी, बल्कि एक मजबूत और आत्मनिर्भर नए भारत के उदय को भी दर्शाएगी। एयरो इंडिया के 14वें संस्करण को एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस प्रदर्शनी के रूप में पेश किया जा रहा है। इसका आयोजन बेंगलुरु में 13 फरवरी से 17 फरवरी तक होगा। इस बड़ी प्रदर्शनी की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान सिंह ने यह बयान दिया।




नई दिल्ली में एयरो इंडिया एपेक्स कमेटी की बैठक में बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

अधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 731 प्रतिभागी पहले ही पंजीकरण करवा चुके हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा, पांच दिवसीय कार्यक्रम की विषयवस्तु एक अरब अवसरों का रनवे (द रनवे टू ए बिलियन अपार्चुयूनिटीज) होगी। यह अब तक सबसे बड़ा एयरो शो होगा जिसे एलहंका वायुसेना अड्डे पर आयोजित किया जाएगा जो करीब 35000 वर्ग मीटर में फैला है।

मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने सभी पक्षकारों से अपील की कि प्रतिभागियों के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, एयरो इंडिया-2023 केवल एक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि यह रक्षा एवं हवाई क्षेत्र की बढ़ती ताकत और एक मजबूत और आत्मनिर्भर नए भारत के उदय को दर्शाएगा।

## असम भाजपा लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन में सुधार करेगी : हिमंत विश्व शर्मा

**मोरीगांव।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य में अपने प्रदर्शन में सुधार करेगी। उन्होंने यह अनुमान लगाने से इनकार कर दिया कि भाजपा कितनी सीटें जीत सकती है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 14 लोकसभा सीटों में से नौ पर जीत हासिल की थी, जो पूर्वोत्तर राज्य में उसका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से शर्मा ने कहा, यहां चर्चा पूरी तरह चुनाव केंद्रित नहीं थी। जब संगठन को मजबूत करने की बात होती है तो चुनाव का मुद्दा भी आ जाता है। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, पार्टी का अपना आकलन होगा, मेरा अपना। यह (परिणाम) पहले से बेहतर होगा। राज्य में भाजपा को कितनी सीटें मिलेंगी, इस बारे में भविष्यवाणी करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, लोकसभा चुनाव की हवा अभी तक नहीं चली है।

# रिजीजू ने पूर्व वायुसेना अधिकारी का वीडियो साझा कर साधा दिग्विजय सिंह पर निशाना

भाषा। नई दिल्ली

**सर्जिकल स्ट्राइक** पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की टिप्पणी को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजीजू ने सेवानिवृत्त एयर मार्शल रघुनाथ नांबियार का एक वीडियो मंगलवार को साझा किया, जिसमें वह कहते सुने जा रहे हैं कि बालाकोट हवाई हमला एक शानदार सफलता थी। रीजीजू ने ट्विटर पर वीडियो क्लिप साझा करते हुए कहा, यह कांग्रेस पार्टी और उन सभी को जवाब है जो भारतीय सशस्त्र बलों पर सवाल उठाते हैं। वीडियो में, 2019 में भारतीय वायु सेना के पश्चिमी कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में सेवानिवृत्त हुए नांबियार ने कहा कि बालाकोट में हवाई हमला करने वाले पायलटों ने सभी उद्देश्यों को हासिल किया, जो निर्धारित किए गए थे।

सेवानिवृत्त एयर मार्शल ने सिंह का जिक्र करते हुए कहा, यह सज्जन नहीं जानते कि वह किस बारे में बात कर रहे हैं... मैंने बालाकोट हवाई हमले के दो दिन बाद पश्चिमी वायु कमान के कमांडर-इन-चीफ के रूप में पदभार संभाला था और मुझे पूरी तरह से पता है कि क्या हुआ था। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि हमारे बहादुर पायलटों ने ठीक वैसा ही किया जैसा उन्हें कहा गया था और हमने उनके लिए निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल किया। कृपया किसी भी झूठ पर विश्वास न करें और आश्वस्त रहें कि बालाकोट हवाई हमला एक बड़ी सफलता थी।

बालाकोट हवाई हमला पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में किया गया था जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। भारत ने 29 सितंबर, 2016 को घोषणा की थी कि उसने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार आतंकवादी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की है और इसमें काफी लोग हताहत हुए हैं।

यह हमला जम्मू-कश्मीर के उरी में सेना के एक शिविर पर हुए हमले के जवाब में किया गया था। जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने सोमवार को कहा था, वे सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं। वे कई लोगों को मारने की बात करते हैं लेकिन कोई सबूत नहीं देते। वे झूठ के पुलिंदों के सहारे शासन कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह और उनकी पार्टी सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत नहीं हैं और सशस्त्र बलों को कोई सबूत दिखाने की जरूरत नहीं है।

# सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में प्रस्तावित मसौदा संशोधन को वापस लिया जाए: आईएनएस

**नई दिल्ली।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को सरकार से अनुरोध किया कि सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में उस मसौदा संशोधन को वापस लिया जाए जिसके तहत सोशल मीडिया मंचों के लिए पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की तथ्यान्वेषी (फैक्ट चैकिंग) इकाई द्वारा फर्जी घोषित खबर या सूचना को हटाना जरूरी होगा। आईएनएस ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से हितधारकों के साथ विचार-विमर्श शुरू करके ऐसी प्रणाली बनाने को कहा जिससे मीडिया साइटों पर सरकार के कामकाज के बारे में खबरों की तथ्यात्मक वास्तविकता सुनिश्चित हो और निष्पक्षता के सर्वोच्च मानकों का पालन किया जाए।

सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में पीआईबी की भूमिका सरकार के कार्यक्रमों, पहलों और उपलब्धियों के बारे में सूचनाएं प्रसारित करना है। मंत्रालय ने पिछले सप्ताह सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश तथा डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में मसौदा संशोधन जारी किए थे। इसमें सोशल मीडिया मंचों को यह निर्देश जारी करने का प्रस्ताव है कि वे पीआईबी की फैक्ट चैकिंग इकाई द्वारा फर्जी करार दी गई खबर या सूचना को हटा लें। आईएनएस ने कहा कि इन संशोधनों से केंद्र सरकार से संबंधित बयानों की जांच करने की जिम्मेदारी उसकी अपनी एजेंसी की होगी जो उसे कानून की शक्ति प्रदान करेगी। उसने कहा, अपने स्वयं के मामले में न्यायाधीश बनने के लिए कानून बनाकर, सरकार नियमों के एक सेट में प्रस्तावित संशोधन के माध्यम से, जो अन्यथा भी चिंता का कारण बनता है, प्रभावी रूप से आलोचना और यहां तक कि निष्पक्ष टिप्पणी को दबाने के लिए कदम उठा रही है। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, प्रेस एसोसिएशन, डिजिपब फाउंडेशन ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन जैसे मीडिया संगठनों ने भी सरकार से संशोधन को वापस लेने की मांग की है।

# नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर भाजपा और एनडीपीपी में असंतोष

**कोहिमा।** नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के दो सबसे बड़े राजनीतिक दलों नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीट बंटवारे को लेकर मतभेदों के कारण उनका चुनाव प्रचार शुरू नहीं हो पा रहा है। एनडीपीपी और भाजपा ने 2018 का विधानसभा चुनाव 40:20 के अनुपात में सीट बंटवारे के फॉर्मूला के साथ लड़ा था और क्रमश: 18 और 12 सीटों पर जीत दर्ज करके सरकार बनाई थी। उन्हें नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो विधायकों, जदयू के एक विधायक और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन प्राप्त था। इसके साथ राज्य में नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) का तीन बार का शासन समाप्त हो गया था जबकि उसने 60 सदर्स्यीय विधानसभा में 26 सीटों पर जीत हासिल की थी।

बाद में, मुख्यमंत्री नीफीयू रियो की अगुवाई वाली एनडीपीपी ने तीन उप चुनाव जीतकर अपनी सदस्य संख्या 21 कर ली और फिर अप्रैल 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री टी आर जेलियांग के नेतृत्व वाली एनपीएफ के 21 विधायकों को भी अपने पाले में कर लिया। हालांकि, पिछले दिनों चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए एनडीपीपी और भाजपा की बैठक में 40:20 के अनुपात में सीट बंटवारे के पुराने फॉर्मूले को अपनाने के मुद्दे पर दोनों दलों की ओर से विरोध देखा गया और उनके नेताओं ने अधिक सीटों की मांग की। विधायक इमकोंग एल इमचेन ने सबसे पहले इस मामले में असहमति जताई। उन्होंने पिछले साल अप्रैल में एनडीपीपी का दामन थाम लिया था, लेकिन बाद में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे।

भाजपा कार्यकर्ता और उसके उम्मीदवार डॉ ए सुखतो सेमा के समर्थक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि यह सीट पार्टी के पास रहनी चाहिए और एनडीपीपी के खाते में नहीं जानी चाहिए। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की राजधानी की सात में से एक भी सीट पर उम्मीदवार उतारने का मौका नहीं मिला था। हालांकि, इस बार कोहिमा जिला भाजपा इकाई मांग कर रही है कि कम से कम एक सीट पर पार्टी के प्रत्याशी को उतारना चाहिए। भाजपा की कोहिमा जिला इकाई के अध्यक्ष खीली उसोऊ ने सोमवार को यहां राज्य पार्टी मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा, कोहिमा इकाई कह रही है कि एनडीपीपी को भाजपा के लिए कम से कम एक सीट-दक्षिण अंगामी-2 को छोड़ देना चाहिए जहां से इस समय एनडीपीपी विधायक जाले नीखा प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## मणिपुर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या, एक गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में मंगलवार को अज्ञात लोगों ने एक भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। थौबल के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक लैशराम रामेश्वर सिंह की सुबह क्षेत्री इलाके में उनके आवास के द्वार के पास हत्या कर दी गई। अज्ञात व्यक्ति बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली एक कार में आए और सिंह पर काफी करीब से गोली चला दी। पचास वर्षीय व्यक्ति के सीने में गोली लगी और उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जोगेश चंद्र ने संवाददाताओं को बताया कि घटना के कुछ घंटों बाद, वाहन चला रहे व्यक्ति की पहचान नाओरेम रिकी पॉइंटिंग सिंह के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या के संभावित मकसद के बारे में कुछ भी बताए बिना उन्होंने बताया, मुख्य आरोपी अएकपम केशोरजीत की तलाश की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने मेरी छवि बिगाड़ने के लिए करोड़ों रुपए लगाए, लेकिन सच सामने आता है: राहुल गांधी

**जम्मू।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उनकी छवि बिगाड़ने के लिए क्रमबद्ध तरीके से हजारों करोड़ रुपए लगाए है, लेकिन सच हमेशा सामने आता है। वह सोशल मीडिया पर उपहासपूर्ण तरीके से खुद को पप्पू कहे जाने के संदर्भ मे यह बात कह रहे थे। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में पहुंचने के दौरान राहुल ने कहा कि कांग्रेस सत्तारूढ़ भाजपा को यह सिखाएगी कि इस देश में सच चलता है, धन, ताकत और अहंकार नही चलता। कश्मीर घाटी की यात्रा शुरू करने से पहले जम्मू में संवाददाताओं से बातचीत मे 52 वर्षीय कांग्रेस नेता से जब पूछा गया कि क्या कांग्रेस उनकी पप्पू वाली छवि के मुकबले के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है तो उन्होंने कहा, मेरी छवि को खराब करने के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए है। भाजपा और उसके नेताओं ने क्रमबद्ध तरीके से ऐसा किया है। हजारों करोड़ रुपए से सच को नही छिपाया जा सकता और आपने इसे देखा है। सच हमेशा सामने आता है। आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा के नेताओं को लगता है कि धन और ताकत से सबकुछ हासिल किया जा सकता है। आप किसी को अपमानित कर सकते है, किसी की छवि बिगाड़ सकते है, किसी सरकार को खरीद सकते है, पैसे से कुछ भी किया जा सकता है। वह सच नही होगा।

### कुशवाहा ने नीतीश को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया

**पटना।** जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उनके गुरु और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राजनीतिक रूप से कमजोर करने की साजिश के तहत उनको पार्टी में कमजोर किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि उन्हें एक मौका दिया जाए तो वह सभी गलतफहमियो को दूर करने के लिए तैयार है। दिल्ली मे भाजपा के नेताओं से कुशवाहा की मुलाकात को लेकर कई लोगों की त्योरियां चढ़ गई थी। कुशवाहा ने कहा, एक स्पष्टीकरण के लिए नीतीश कुमार मुझे तलब कर सकते है। मुख्यमंत्री को कमजोर करने की किसी भी कोशिश के खिलाफ मै अपनी आवाज बुलंद करना जारी रखूंगा।

### मिस्र के राष्ट्रपति भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सिसी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। उनकी यात्रा के दौरान कृषि, डिजिटल क्षेत्र और व्यापार सहित कई क्षेत्रो मे द्विपक्षीय संबंधो को प्रगाढ़ करने पर प्रमुख रूप से जोर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री और सिसी (68) बुधवार को कई विषयो पर चर्चा करेंगे। वार्ता के बाद, दोनो देशो के बीच कई क्षेत्रो मे संबंध बढ़ाने के लिए आधे दर्जन समझौतो पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। सिसी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिनमे पांच मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल है। मिस्र के राष्ट्रपति ने तीसरे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन मे भाग लेने के लिए अक्टूबर 2015 मे भारत की यात्रा की थी, जिसके बाद सितंबर 2016 मे उन्होंने राजकीय यात्रा की थी। यह पहला मौका है जब मिस्र के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस समारोहो मे मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

### दीदिर दूत कार्यक्रम के दौरान तृणमूल विधायक को विरोध का सामना

**कोलकाता।** टीएमसी के विधायक आशीष बनर्जी को मंगलवार को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा जब वह सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यक्रम दीदिर दूत (ममता बनर्जी के संदेशवाहक) के तहत बीरभूम जिले के एक गांव के दौरे पर गए थे। पश्चिम बंगाल मे इस साल होने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर लोगो से संपर्क मजबूत करने के लिए तृणमूल की ओर से दीदिर दूत नामक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। रामपुरहाट से विधायक आशीष बनर्जी का कुछ लोगों ने विरोध किया था। इन लोगो ने दावा किया कि वे मोहम्मद बाजार इलाके के रहने वाले है।

### सेव द चिल्ड्रन पर रिपोर्ट का पहला संस्करण जारी

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के बीच सारा ध्यान बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक कल्याण पर केंद्रित होने के साथ, बाल रक्षा भारत दुनिया भर में सेव द चिल्ड्रन नाम से परिचित ने अपने प्रमुख रिपोर्ट टीआरएसी 2022 द राइट्स एंड एजेंसी ऑफ चिल्ड्रन के पहले संस्करण को लॉन्च किया है। चार यूएनसीआरसी बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन अधिकारों. उत्तरजीविता,विकास, संरक्षण,और सहभागिता, पर केंद्रित बच्चों के अधिकारों की प्राप्ति पर बच्चों की स्थिति और दृष्टिकोण पर इस रिपोर्ट का फोकस है। एक प्रमुख विषयपर वार्षिक फोकस होने के संदर्भ में इस साल टीआरएसी रिपोर्ट कोविड 19 के बीच बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित करती है। इस रिपोर्ट को राकेश रंजनए अतिरिक्त सचिव एवं मिशन डायरेक्टर आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम नीति आयोग, के द्वारा अन्य विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जैसे प्रो. एण् केण् शिवकुमार, विकास अर्थशास्त्री एवं नीति विश्लेषक मौजूद रहे।

## अदालत ने टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल की जमानत अर्जी खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुब्रत मंडल को पश्चिम बंगाल में कथित पशु तस्करी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश रघुबीर सिंह ने मंडल की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि उन्हें राहत देने का कोई आधार नहीं है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष लोक अभियोजक नीतेश राणा द्वारा दी गई दलीलों पर गौर करने के बाद आदेश पारित किया, जिन्होंने कहा कि आरोपी द्वारा दायर अर्जी में कोई तथ्य नहीं है। टीएमसी की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी मंडल को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के तत्कालीन कमांडेंट सतीश कुमार के खिलाफ कोलकाता में सीबीआई द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के बाद धन शोधन का मामला दर्ज किया था।

# भाजपा सांसद मीणा के मार्च को पुलिस ने जयपुर में प्रवेश करने से रोका

भाषा। **जयपुर**

**राजस्थान** में भर्तियों में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर भाजपा सांसद किरोड़ी मीणा मंगलवार को बड़ी संख्या में लोगों के साथ वाहनों में सवार होकर दौसा से जयपुर के नजदीक पहुंचे, लेकिन पुलिस ने शहर में प्रवेश करने से मार्च को रोक दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मार्च को जयपुर में घाट की गुणी से पहले जयपुर-आगरा राजमार्ग पर शहर में प्रवेश करने से रोक दिया, जिसके बाद मीणा वहीं धरने पर बैठ गए। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहा हूं। सरकार क्यों डरी हुई है। इसमें कांग्रेस नेताओं और अधिकारियों की संलिप्तता है और सरकार उन्हें बचा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री पहले ही आरोपों को खारिज कर चुके हैं कि पेपर लीक में कोई राजनेता या अधिकारी शामिल नहीं था। मीणा ने अपने समर्थकों के साथ दौसा से यह मार्च शुरू किया।

पुलिस ने बताया कि दौसा-जयपुर सीमा पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती का पेपर पिछले महीने लीक हो गया था, जिसके बाद पेपर रद्द कर दिया गया। इससे पहले भी कुछ पेपर लीक हुए थे। विपक्षी भाजपा पेपर लीक मामलों को लेकर सरकार पर हमलावर है और आरोप लगा रही है कि पेपर लीक में वरिष्ठ अधिकारी और सत्तारूढ़ दल के नेता शामिल हैं। विपक्ष ने विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया। सरकार ने सीबीआई जांच की मांग को खारिज करते हुए आज इस मामले पर बयान दिया।

# क्या राहुल गांधी को लगता है कि कांग्रेस को कभी दो-तिहाई बहुमत मिलेगा: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने के लिए कांग्रेस को दो-तिहाई बहुमत हासिल करना होगा और क्या उन्हें लगता है कि कांग्रेस ऐसा कर पाएगी? पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास है तथा इस पूर्ववर्ती राज्य के लोग उस स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं जो उन्हें कई सालों तक नहीं मिला था।

एक सवाल के जवाब में प्रसाद ने कहा, अनुच्छेद 370 अतीत है। वह संविधान द्वारा हो गया। हम बहुत विनम्रता से राहुल गांधी को चुनौती देते हैं। 370 एक संवैधानिक प्रक्रिया के तहत निरस्त हुआ है। उसके लिए दो तिहाई बहुमत चाहिए। तो राहुल गांधी जी क्या आपको लगता है कि कभी दो तिहाई बहुमत आपको मिलेगा? ज्ञात हो कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू पहुंचने पर राहुल गांधी ने सोमवार को कहा था कि राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग जम्मू एवं कश्मीर का सबसे बड़ा मुद्दा है और कांग्रेस इसे बहाल करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी।

प्रसाद ने इस मुद्दे पर राहुल गांधी को खुलकर बात करने की चुनौती दी और सवाल किया कि वह एडहॉक कमेंट (तदर्थ टिप्पणी) क्यों करते हैं? आज जो लोग खड़े हैं, उनसे भी मैं कहता हूं। अनुच्छेद 370 अब इतिहास है। जम्मू एवं कश्मीर के लोग उस स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं जो उन्हें कई सालों तक नहीं मिल सका था। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू एंव कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया था और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था। कश्मीर में बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर राहुल गांधी द्वारा सवाल उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर प्रसाद ने कहा, अतार्किक और अप्रासंगिक सवाल पूछने के बजाय, राहुल गांधी को तथ्यों और आंकड़ों के बारे में बात करनी चाहिए। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू एवं कश्मीर में जो समृद्धि सामने आई है, वह अद्वितीय है। प्रसाद ने सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह की विवादास्पद टिप्पणी को अपनी निजी राय बताकर खारिज करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की और सवाल किया कि सशस्त्र बलों के प्रति अपने सम्मान की सार्वजनिक घोषणा करने में उन्हें इतना समय क्यों लगा? उन्होंने कांग्रेस से आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा।

# भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए खट्टर से सतर्कता विभाग में तैनाती की मांग

**चंडीगढ़।** आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी अशोक खेमका ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए उन्हें सतर्कता विभाग में तैनात करने की मांग की है। खेमका को उनके तीन दशक लंबे करियर में 50 से अधिक तैनातियां मिल चुकी हैं। वह एक बेहद ईमानदार अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। हालांकि, खेमका का पेशेवर जीवन विवादों से घिरा रहा है और उन्हें कई बार ऐसे पदों पर नियुक्त किया गया, जिन्हें ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं माना जाता है। खट्टर को लिखे पत्र में खेमका ने कहा है कि उन्होंने भ्रष्टाचार को खत्म करने की धुन के चलते अपने सेवा करियर की कुर्बानी दे दी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने लिखा है कि उनकी मौजूदा तैनाती (अभिलेखागार विभाग) में जहां ज्यादा काम नहीं है, वहीं कुछ अधिकारियों पर कई प्रभार और विभागों का बोझ है, जिसके चलते उन्हें हमेशा युद्ध स्तर पर काम करते रहना होता है। उन्होंने 23 जनवरी को लिखे पत्र में कहा है कि काम का एकतरफा आवंटन जनहित में नहीं होता।

हरियाणा सरकार ने नौ जनवरी को खेमका का तबादला कर दिया था। उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद से हटाकर अभिलेखागार विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव बना दिया गया था। यह लगभग 31 साल के करियर में उनकी 56वीं तैनाती थी। 1991 बैच के हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी खेमका वर्ष 2012 में राष्ट्रीय स्तर पर तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने गुरुग्राम में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े एक जमीन सौदे के म्यूटेशन (दाखिल खारिज) को रद्द कर दिया था।

म्यूटेशन किसी जमीन या संपत्ति के मलिकाना हक के स्थानांतरण से जुड़ी प्रक्रिया का हिस्सा है। खट्टर को लिखे पत्र में खेमका ने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सतर्कता विभाग में अपनी सेवाएं देने की पेशकश की है। उन्होंने लिखा है, जैसा कि आप जानते हैं, भ्रष्टाचार सभी जगह मौजूद है। जब मैं भ्रष्टाचार देखता हूं तो मेरी आत्मा दुखी हो जाती है। इस कैंसर को जड़ से खत्म करने की धुन में मैंने अपने सेवा करियर की कुर्बानी दे दी।

खेमका ने कहा है, कथित सरकारी नीति के अनुसार, भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किए बिना एक नागरिक के अपनी वास्तविक क्षमता को हासिल करने के सपने को कभी भी साकार नहीं किया जा सकता। वह रोजाना अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने तक सिमटकर रह जाएगा। उन्होंने उल्लेख किया है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहे हैं और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सतर्कता विभाग सरकार का मुख्य हथियार है।

खेमका ने कहा, अपने सेवा करियर के अंत में मैं भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सतर्कता विभाग के प्रमुख के रूप में सेवाएं देने की पेशकश करता हूं। उन्होंने लिखा है, अगर मौका दिया जाता है, तो मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ वास्तविक लड़ाई होगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, फिर चाहे वह कितना ही ताकतवर और रसूखदार क्यों न हो। खेमका ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय ने 1987 के पी के चिन्नासामी बनाम तमिलनाडु सरकार और अन्य मामले में कहा था कि एक सरकारी अधिकारी को उसके कद के अनुरूप तैनाती और काम दिया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा है, मुझे नौ जनवरी 2023 को जारी सरकारी आदेश के तहत अभिलेखागार विभाग का काम सौंपा गया है।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने उल्लेख किया है कि सतर्कता विभाग का सालाना बजट मजह चार करोड़ रुपए है, जो राज्य के कुल बजट के 0.0025 फीसदी से भी कम है। उन्होंने लिखा है, अतिरिक्त प्रमुख सचिव के रूप में मेरा वार्षिक वेतन 40 लाख रुपए है, जो अपने आप में विभाग के बजट का 10 प्रतिशत है। इसके अलावा, अभिलेखागार विभाग में हफ्तेभर में औसतन एक घंटे से अधिक का काम भी नहीं है। खेमका ने कहा है, इसके विपरीत, कुछ अधिकारी प्रभार और विभागों के बोझ तले इस कदर तबे हुए हैं कि उन्हें हर समय युद्ध स्तर पर काम करते रहना होता है। उन्होंने लिखा है, काम का एकतरफा आवंटन जनहित में नहीं होता। सिविल सेवा बोर्ड को वैधानिक नियमों के तहत काम करने और प्रत्एक अधिकारी की सत्यनिष्ठा, क्षमता और बुद्धि को ध्यान में रखते हुए आपसे पूर्व सिफारिशें करने की अनुमति दी जानी चाहिए। खेमका द्वारा मुख्य सचिव संजीव कौशल को पत्र लिखे जाने के कुछ दिनों बाद ही अभिलेखागार विभाग में उनका तबादला कर दिया गया था। इस पत्र में खेमका ने संकेत दिया था कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का उच्च शिक्षा विभाग में विलय होने के बाद उनके पास काम नहीं है। खेमला को उनके पूरे सेवा काल में औसतन हर छह महीने पर तबादले का सामना करना पड़ा है। यह चौथी बार है, जब उन्हें सतर्कता विभाग में तैनात किया गया है। इनमें से तीन तैनातियां उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकारों में मिली हैं। वह अतीत में अभिलेखागार विभाग के महानिदेशक और प्रधान सचिव के रूप में सेवाए दे चुके हैं। खेमका को पहली बार 2013 में विभाग में स्थानांतरित किया गया था, जब कांग्रेस सत्ता में थी। वह अतीत में करियर में पिछड़ने को लेकर कई बार मन में निराशा के भी संकेत दे चुके हैं।

# जदएस ने मुझे हासन निर्वाचन क्षेत्र से उतारने का फैसला किया: देवेगौड़ा की बहू भवानी का दावा

**हासन ( कर्नाटक )।** जदएस सुप्रीमो एच.डी. देवेगौड़ा की बहू भवानी रेवन्ना ने दावा किया है कि पार्टी के नेताओं ने उन्हें आगामी कर्नाटक चुनाव में हासन विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। हालांकि, उनके देवर व पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि संगठन और मई में निर्धारित चुनावों से पहले लोगों तक पहुंचाए जाने वाले संदेश को ध्यान में रखते हुए इस संदर्भ में पार्टी द्वारा उचित निर्णय लिया जाएगा। हासन जिला पंचायत की पूर्व सदस्य भवानी रेवन्ना पूर्व मंत्री व कुमारस्वामी के बड़े भाई एच.डी.रेवन्ना की पत्नी हैं। भवानी रेवन्ना ने कहा, पिछली बार हासन तालुक एकमात्र तालुक था (हासन जिले से) जो भाजपा के पास चला गया था, इसलिए कई कार्य और परियोजनाएं लंबित हैं। अब से 90 दिनों में, चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इसलिए चर्चा हुई है और मुझे हासन से जदएस का उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया गया है।

सोमवार को यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा, अगर मैं निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और गांवों के बारे में जानती हूं, तो आने वाले दिनों में काम करना मेरे लिए अच्छा होगा, इसलिए मैं यात्रा कर रही हूं। मैं भगवान का आशीर्वाद भी मांगती हूं। विधानसभा चुनावों के लिए पहले ही 93 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा कर चुके जनता दल (सेक्यूलर) ने हासन निर्वाचन क्षेत्र के लिए अभी तक उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप नहीं दिया है।

भवानी के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कुमारस्वामी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, उनकी चुनाव लड़ने की इच्छा है। क्या इच्छा रखना गलत है? हमारी व्यवस्था में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन लोगों और संगठन तक संदेश पहुंचाने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए पार्टी में उचित फैसला लिया जाएगा। इस सीट के लिए जदएस के अन्य दावेदारों में हासन जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एचपी स्वरूप भी शामिल हैं जिनके पिता दिवंगत एचएस प्रकाश भी विधायक रहे थे। स्वरूप भी अपने समर्थकों के साथ गांवों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह जदएस से टिकट पाने की कोशिश कर रहे हैं। स्वरूप ने कहा, भवानी रेवन्ना द्वारा इस घोषणा के बाद लोगों और कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति प्रतीत होती है, लेकिन मैं कह रहा हूं कि टिकट की आधिकारिक घोषणा होने दें...।

# कीवियों पर गिरी गाज, टीम इंडिया ने पहना नंबर-1 ताज

## ● रोहित और गिल के शतक, भारत ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराकर भारत आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर




**भाषा।** इंदौर

**कप्तान रोहित** शर्मा के तीन साल में पहले एकदिवसीय शतक के अलावा शुभमन गिल के आक्रामक शतक से भारत ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 90 रन से हराकर श्रृंखला में 3–0 से क्लीनस्वीप किया जिससे वह आईसीसी टीम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया।
भारत के 386 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे की 100 गेंद में 12 चौकों और आठ छक्कों से करियर की सर्वश्रेष्ठ 138 रन की पारी और हेनरी निकोल्स (42) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 106 रन की साझेदारी के बावजूद 41.2 ओवर में 295 रन पर ढेर हो गई। भारत ने एकदिवसीय श्रृंखला में तीसरी बार न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप किया है। भारत की ओर से शारदुल ठाकुर (45 रन पर तीन विकेट) ने मध्यक्रम को ध्वस्त किया जबकि कुलदीप यादव (62 रन पर तीन विकेट) ने निचले क्रम को परेशान किया। भारत ने इससे पहले कप्तान रोहित (85 गेंद में 101 रन, नौ चौके, छह छक्के) के जनवरी 2020 के बाद पहले एकदिवसीय शतक और गिल (78 गेंद में 112 रन, 13 चौके, पांच छक्के) के साथ उनकी पहले विकेट की 212 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 385 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने भी अंतिम ओवरों में तेजतर्रार पारी खेलते हुए 38 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 54 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने पारी की दूसरी ही गेंद पर फिन एलेन (00) का विकेट गंवा दिया जो हार्दिक पंड्या की गेंद को विकेट पर खेल गए। कॉनवे और निकोल्स ने इसके बाद पारी को संवारा। दोनों ने 15वें ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। निकोल्स ने शारदुल पर दो छक्के मारे जबकि पंड्या और उमरान मलिक की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। कॉनवे ने वाशिंगटन सुंदर पर छक्के के साथ 41 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने इसके बाद गेंद कुलदीप को थमाई और बाएं हाथ के इस स्पिनर ने अपने दूसरे ही ओवर में निकोल्स को पगबधा कर दिया। कॉनवे अगले ओवर में 58 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब युजवेंद्र की गेंद पर विकेटकीपर इशान ने उन्हें स्टंप करने का मौका गंवा दिया। कॉनवे ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए चहल पर लगातार दो छक्कों के साथ सिर्फ 71 गेंद में शतक पूरा किया।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला आसान नहीं होगी लेकिन हम तैयार हैं: रोहित

**इंदौर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने से शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला आसान नहीं होगी लेकिन कहा कि मेजबान टीम विश्व की नंबर एक टीम से भिड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारत ने श्रीलंका को वनडे श्रृंखला में 3-0 से हराने के बाद न्यूजीलैंड को इसी अंतर से पराजित किया। उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम मैच यहां 90 रन से जीता। रोहित ने मैच के बाद कहा, इमानदारी से कहूं तो हम रैंकिंग को लेकर बहुत अधिक बात नही करते। यह मैच जीतने से जुड़ा है और जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेलेंगे तो हमारा रवैया अलग नही होगा। यह आसान चुनौती नही होगी लेकिन हम उसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा, पिछले छह वनडे मैच मे हमने सभी विभागो मे अच्छा प्रदर्शन किया। बल्ले और गेंद से हमने निरंतरता बनाए रखी। भारत ने मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी जोड़ी को विश्राम दिया था और उनकी जगह यजुवेंद्र चहल और उमरान मलिक को अंतिम एकादश मे रखा था। रोहित ने कहा कि नौ विकेट पर 385 रन बनाने के बावजूद बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर जीत को सुनिश्चित नही माना जा सकता था।

### स्कोरबोर्ड

**भारतः** रोहित बो ब्रेसवेल 101, गिल का कॉनवे बो टिकनर 112,कोहली का एलेन बो डफी 36,किशन रन आउट 17, सूर्यकुमार का कॉनवे बो डफी 14,पंड्या का कॉनवे बो डफी 54, सुंदर का मिशेल बो टिकनर 09,ठाकुर का लैथम बो टिकनर 25,कुलदीप रन आउट 03,मलिक नाबाद 02,**अतिरिक्तः** 12,**कुल**:50 ओवर में नौ विकेट परः 385 रन, विकेट पतनः1-212, 2-230, 3-268, 4-284, 5-293, 6-313, 7-367, 8-379, 9-385, **गेंदबाजीः** डफी 10-0-100-3, फर्ग्युसन 10-1-53-0, टिकनर 10-0-76-3, सेंटनर 10-0-58-0, मिशेल 4-0-41-0, ब्रेसवेल 6-0-51-1

**न्यूजीलैंडः**एलेन बो पंड्या 00 कॉनवे का रोहित बो उमरान 138,निकोल्स पगबधा बो कुलदीप 42, मिशेल का इशान बो शारदुल 24 लैथम का पंड्या बो शारदुल 00, फिलिप्स का कोहली बो शारदुल 0,ब्रेसवेल स्टंप इशान बो कुलदीप 26,सेंटनर का कोहली बो चहल 34,फर्ग्युसन का रोहित बो कुलदीप 07, डफी पगबाधा बो चहल 00,टिकनर नाबाद 00,अतिरिक्तः 19, कुलः 41.2 ओवर में सभी विकेट खोकरः 295 रन, **विकेट पतनः**1-0, 2-106, 3-184, 4-184, 5-200, 6-230, 7-269, 8-279, 9-280, ***गेंदबाजीः*** पंड्या 6-0-37-1,वाशिंगटन 6-0-49-0,शारदुल 6-0-45-3,उमरान 7-0-52-1,कुलदीप 9-0-62-3,चहल 7.2-0-43-2

# पंत 2022 की आईसीसी टेस्ट टीम में शामिल एकमात्र भारतीय

**भाषा।** दुबई



**पिछले साल** के आखिर में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद अब उपचार करा रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 2022 की आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने टेस्ट मैचों में बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने 12 पारियों में 61.81 की औसत और 90.90 की स्ट्राइक रेट से 680 रन बनाए। उन्होंने 2022 में दो शतक और चार अर्धशतक भी लगाए। पंत ने 2022 में टेस्ट मैचों में 21 छक्के लगाए तथा विकेटकीपर के रूप में 23 कैच लेने के अलावा उन्होंने छह स्टंप आउट भी किए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को आईसीसी टेस्ट एकादश का भी कप्तान नियुक्त किया गया है। उनके अलावा इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन को भी इस टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी टेस्ट एकादश में ऑस्ट्रेलिया के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिनमें कप्तान पैट कमिंस भी शामिल हैं। कमिंस और एंडरसन के अलावा एक अन्य तेज गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा को भी टीम में लिया गया है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। इस बीच आईसीसी की 2022 के लिए वनडे टीम में भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को इस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। अय्यर ने 2022 में 17 वनडे मैच खेले जिसमें उन्होंने 55.69 की औसत से 724 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 91.52 रहा। उन्होंने इस दौरान एक शतक और छह अर्धशतक भी लगाए। सिराज ने वर्ष 2022 में 15 वनडे मैचों में भारत की तरफ से सर्वाधिक 24 विकेट लिए। उनका औसत 23.50 रहा जबकि उनका इकॉनमी रेट 4.62 रहा।

वर्ष 2022 की आईसीसी टेस्ट टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, क्रैग ब्रैथवेट, मार्नस लाबुशेन, बाबर आजम, जॉनी बेयरस्टो, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), पैट कमिंस, कैगिसो रबाडा, नाथन लियोन और जेम्स एंडरसन। वर्ष 2022 की आईसीसी वनडे टीमः बाबर आज़म (कप्तान), ट्रैविस हेड, शाई होप, श्रेयस अय्यर, टॉम लैथम (विकेटकीपर), सिकंदर रज़ा, मेहदी हसन मिराज, अल्जारी जोसेफ, मोहम्मद सिराज, ट्रेंट बोल्ट और एडम ज़म्पा।

### विश्व कप स्टार एमबाप्पे के पांच गोल से पीएसजी की शानदार जीत

**पेरिस।** फ्रांस के विश्व कप स्टार काइलियान एमबाप्पे के पांच गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने फ्रेंच कप फुटबॉल में पेस डे कासेल को 7 . 0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना मार्सेले से होगा। फ्रांस को 18 दिसंबर को विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना ने हराया था। एमबाप्पे के इस सत्र में 24 मैचो मे 25 गोल हो गए है और पीएसजी के लिए उनके कुल 196 गोल हो चुके है। वह एडिसन कावानी के क्लब रिकॅार्ड से चार गोल पीछे है। पीएसजी चैम्पियंस लीग अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में 14 फरवरी को बायर्न म्युनिख की मेजबानी करेगा।

### पता नहीं भारत दौरे पर अभ्यास मैच क्यो नहीं रखा गया : क्लार्क

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइक्ल क्लार्क का कहना है कि नौ फरवरी से भारत में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले अभ्यास मैच नही रखना समझ से परे है। आस्ट्रेलियाई टीम भारत मे चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। क्लार्क ने कहा कि अभ्यास मैच नही खेलने का श्रृंखला के नतीजे पर काफी असर पड़ सकता है। उन्होंने बिग स्पोटर्स ब्रेकफास्ट पर कहा , अभ्यास मैच नही होना समझ से परे है।भारत मे पहले टेस्ट से पूर्व कोई अभ्यास मैच नही है। इसका काफी असर पड़ सकता है। आस्ट्रेलिया के लिए 115 टेस्ट खेल चुके क्लार्क ने कहा , आस्ट्रेलिया मे खेलने की तुलना मे भारत मे खेलना बिल्कुल अलग है। स्पिन गेंदबाजो को कैसे खेलना है, रिवर्स स्विंग का सामना कैसे करना है , इसके लिए अलग रणनीति बनानी होती है। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने हालांकि कहा कि टीम काफी दौरों पर अभ्यास मैच के बिना खेल चुकी है। उन्होंने कहा , पिछली कुछ श्रृंखलाओं मे हमने अभ्यास मैच नही खेले। हमें लगता है कि उसकी जरूरत नही है। हम पहले टेस्ट से एक सप्ताह पूर्व भारत जा रहे है। तैयारियों को लेकर हम उतना दबाव नही बनाना चाहते।

### सम्मानित खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 12 खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए अवध शिल्पग्राम में मंगलवार को आयोजित भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सर्वोच्च खेल पुरस्कार लक्ष्मण व लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास और महासचिव ड. आनन्देश्वर पाण्डेय ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कि ये उपलब्धि आपकी अटूट ध्येय, निष्ठा, अथक परिश्रम व खेल कौशल का प्रतिफल है। अध्यक्ष विराज सागर दास ने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार खिलाड़ियों के हितों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है और सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों में नई प्रतिभाओं को आगे लाने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही यूपी के खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन भी कर रहे है। इसके लिए योगी सरकार ने खेलों के लिए बेहतर माहौल तैयार किया है।

# खाचानोव व अजारेंका सेमीफाइनल में





**भाषा।** मेलबर्न

**दो बार** की पूर्व चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका ने जेसिका पेगुला को 6–4, 6–1 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अजारेंका ने 2012 और 2013 में खिताब जीता था। अब 33 वर्ष की हो चुकी अजारेंका रॉड लावेर एरेना में अपने सात साल के बेटे की पसंदीदा फुटबॉल टीम पेरिस सेंट जर्मेन की जर्सी पहनकर आई थी। अब सेमीफाइनल में उनका सामना दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी विम्लबडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना से होगा जिसने फ्रेंच ओपन चैम्पियन एलेना ओस्टापेंको को 6–2, 6–4 से हराकर पहली बार यहां सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरूष वर्ग में सेबेस्टियन कोरडा की कलाई में चोट के कारण तीसरे सेट में कोर्ट छोड़ देने के बाद 18वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।
खाचानोव का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास या गैर वरीय जिरि लेहेका से होगा। वह उस समय 7–6, 6–3, 3–0 से आगे थे जब कोरडा को कोर्ट छोड़ना पड़ा। तीसरे दौर में अमेरिकी ओपन चैम्पियन और दो बार के आस्ट्रेलियाई ओपन उपविजेता दानिल मेदवेदेव को हराने वाले कोरडा को दूसरे सेट में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी।

### बोपन्ना और सानिया आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए है जिन्हें एलेना ओस्टापेंको और डेविड वेगा हर्नांडिज पर वॉकओवर मिला। भारतीय जोड़ी ने अभी तक मिश्रित युगल वर्ग मे एक भी सेट नही गंवाया है। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त डिसायर के और नील स्कूपस्की और टेलर टाउनसेंड तथा जैमी में के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पुरूष युगल मे पहले दौर से बाहर हो गई थी। वहीं सानिया और कजाखस्तान की अन्ना दानिलिना की जोड़ी महिला युगल के दूसरे दौर मे हार गई। रामकुमार रामनाथन और मैक्सिको के मिगुल एंजेल रेएस वारेला, युकी भांबरी और साकेत माइनेनी भी पहले दौर मे हार गए थे। जीवन नेदुंचेझियान और एन श्रीराम बालाजी दूसरे दौर में हार गए।

# ऑस्ट्रेलिया लगातार 12वीं बार अंतिम-4 में

## ● विश्व कपः स्पेन को 4-3 से हराया

## ● बेल्जियम भी अंतिम चार में

**भाषा।** भुवनेश्वर



**मौजूदा चैंपियन** बेल्जियम और तीन बार के विजेता ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां अपने क्वार्टर फाइनल मैचों में क्रमशः न्यूजीलैंड और स्पेन को हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया ने जहां जेरेमी हेवार्ड के पेनल्टी कार्नर पर किए गए दो गोल की मदद से स्पेन पर 4–3 से करीबी जीत दर्ज की वहीं बेल्जियम ने न्यूजीलैंड को 2–0 से हराया। न्यूजीलैंड ने क्रॉस ओवर मैच में भारत को पराजित किया था। ऑस्ट्रेलिया इस तरह से विश्वकप में लगातार 12वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने 1986, 2010 और 2014 में विश्वकप जीता। उसने 1978 के बाद प्रत्एक विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। स्पेन के कप्तान मार्क मिरालेस ने क्वार्टर फाइनल में बड़ी गलती की जिससे टीम का आगे बढ़ने का सपना चकनाचूर हो गया। वह अंतिम हूटर बजने से चार मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में नहीं बदल पाए। उस समय स्पेन 3–4 से पीछे चल रहा था। यदि वह पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल देते तो मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंच सकता था। ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल में नीदरलैंड और दक्षिण कोरिया के बीच बुधवार को होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया 2018 में सेमीफाइनल में नीदरलैंड से पेनल्टी शूटआउट में हार गया था। हेवार्ड ने 33वें और 37वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से फ्लिन ओगिलवी (30वें) और कप्तान अरन जालेवस्की (32वें) ने मैदानी गोल किए।

### दिग्गज खिलाड़ियों ने कहा, विश्व कप में भारतीयों ने औसत हॉकी खेली

**भाषा।** भुवनेश्वर–नई दिल्ली

**भारतीय हॉकी** के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने मंगलवार को विश्व कप में औसत प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय टीम की आलोचना की जिसमें टीम क्रॉसओवर में न्यूजीलैंड से हारकर क्वार्टरफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। पूर्व दिग्गजों ने कहा कि इस लचर प्रदर्शन से तोक्यो ओलंपिक में एतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद देश ने जो लय हासिल की थी वह रुक गई। भारत 1975 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने के इरादे से इस बार टूर्नामेंट में उतरा था लेकिन क्रॉसओवर मैच में सडन डेथ में न्यूजीलैंड से हार गया। मेजबान टीम गुरुवार और शनिवार को राउरकेला में नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच खेलेगी।

# प्रियांशु मुख्य ड्रॉ में, प्रणीत का संघर्ष जारी

## ● इंडोनेशिया मास्टर्स

**भाषा।** जकार्ता



**प्रियांशु राजावत** दो शानदार जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए जबकि बी साइ प्रणीत समेत बाकी भारतीय क्वालीफाइंग दौर में हार गए। ओडिशा ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट 2022 में फाइनल में पहुंचे प्रियांशु ने डेनमार्क के विक्टर स्वेंडसेन को 21–10, 13–21, 21–13 से मात दी। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21–17, 21–19 से हराया था। थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे प्रियांशु का सामना इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो से होगा।
वहीं प्रणीत को मलेशिया के चिएम जून वेइ ने 21–18, 21–19 से हराया। सिंगापुर ओपन में पूर्व चैम्पियन रहे वेइ ने इससे पहले इंडोनेशिया के इखसान लियोनार्डो इमैनुअल रूंबे को 21–18, 9–21, 21–15 से मात दी थी। किरण जॉर्ज और मिथुन मंजूनाथ भी क्वालीफायर के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। कार्तिकेय गुलशन कुमार ने मलेशिया के यो सेंग जो को 21– 8, 21–14 से हराया लेकिन लिन चुन यि से 16–21, 17–21 से हार गए। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी ने चीनी ताइपै के पो लि वेइ और चांग चिंग हुइ को 21–15, 21–18 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बी सुमीत रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा हालांकि इंडोनेशिया के जफर हिदायतुल्लाह और ए एस पुत्री प्रनाता से 20–22, 17–21 से हार गए। कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन गोड़ पंजाला को मलेशिया के तान कियान मेंग और तान वी कियोंग ने 21–17, 21–9 से मात दी।

### उमेश यादव के पूर्व मैनेजर की संपत्ति कुर्क करने पर विचार कर रही है पुलिस

**नागपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव के साथ हुए धोखाधड़ी के मामले की जांच कर रही नागपुर पुलिस इस क्रिकेटर के पूर्व मैनेजर की संपत्ति कुर्क करने पर विचार कर रही है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उमेश ने नागपुर शहर में संपत्ति खरीदने के लिए अपने पूर्व मैनेजर और इस मामले में आरोपी शैलेश ठाकरे के खाते में 44 लाख रुपए जमा किए थे।

### प्रदर्शनकारी पहलवानों ने कहा, निगरानी समिति गठित करने से पहले हम से सलाह नहीं लेना दुखद

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और डराने धमकाने का आरोप लगाने वाले पहलवानों ने इस पर नाराजगी जताई है कि इस खेल प्रशासक के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए निगरानी समिति गठित करने से पहले सरकार ने उनसे सलाह मशविरा नहीं किया। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को मुक्केबाज एमसी मेरीकॉम की अध्यक्षता में पांच सदस्ईय निगरानी समिति के गठन की घोषणा की। यह समिति डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने के अलावा भारतीय कुश्ती महासंघ के रोजर्मा के काम को भी देखेगी। डब्ल्यूएफआई को हटाने की मांग को लेकर जंतर–मंतर पर तीन दिन तक धरने पर बैठने वाले पहलवानों में शामिल बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, सरिता मोर और साक्षी मलिक ने समान ट्वीट पोस्ट करके अपनी नाराजगी जताई है।

# मंधाना और हरमनप्रीत के अर्धशतकों से भारत जीता



**भाषा।** ईस्ट लंदन (दक्षिण अफ्रीका)।

**स्मृति मंधाना** और कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद अर्धशतकों की मदद से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 श्रृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 56 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनने वाली भारतीय टीम ने 20 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज टीम चार विकेट पर 111 रन ही बना सकी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज यस्तिका भाटिया और मंधाना ने 33 रन की साझेदारी की। भाटिया को आफ स्पिनर करिश्मा रामहारक ने 18 के स्कोर पर आउट किया। वह उंचा शॉट खेलने के प्रयास में विकेटकीपर रशादा विलियम्स को कैच देकर लौटी। हरलीन देयोल ज्यादा देर टिक नहीं सकी और तेज गेंदबाज शनिका ब्रूस की गेंद पर पगबाधा आउट हो गई। दो विकेट 52 रन पर गिरने के बाद मंधाना और हरमनप्रीत ने पारी को संभाला।

### महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में हरमनप्रीत, दीप्ति को फायदा

**दुबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला मे अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला टी20 अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग मे तीन स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गई है। हरमनप्रीत वेस्टइंडीज के खिलाफ 35 गेंद मे नाबाद 56 रन की पारी की बदौलत शीर्ष 10 बल्लेबाजों में जगह बनाने के करीब है। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 रन की पारी से करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें पायदान पर पहुंच गई है।

# जडेजा ने वापसी पर 17 ओवर किए, तमिलनाडु के चार विकेट पर 183 रन

## ● रणजी राउंडअप

**भाषा।** चेन्नई



**करीब छह** महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने वाले भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने सौराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में मंगलवार को यहां 17 ओवर किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। तमिलनाडु ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 183 रन बनाए थे। राष्ट्रीय चयनकर्ता श्रीधरन शरद की मौजूदगी में बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस का सबूत पेश किया। उन्होंने 36 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चेतेश्वर पुजारा और सौराष्ट्र के नियमित कप्तान जयदेव उनादकट को विश्राम दिए जाने के कारण जडेजा इस मैच में टीम की अगुवाई कर रहे हैं। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद दिन के दूसरे ओवर में ही नारायण जगदीशन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद साईं सुदर्शन, बाबा इंद्रजीत और बाबा अपराजित ने समान 45 रन की पारियां खेली। इंद्रजीत अभी नाबाद हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर विजय शंकर 11 रन बनाकर खेल रहे हैं। उधर मुंबई के सीसीआई में महाराष्ट्र में केदार जाधव के 128 रन की पारी की मदद से मुंबई के खिलाफ पहले दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 314 रन बनाए।

### बंगाल के खिलाफ ओडिशा के दो विकेट पर 96 रन

**कोलकाता।** ओडिशा ने बंगाल के खिलाफ मौसम से प्रभावित रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के पहले दिन मंगलवार को यहां दो विकेट पर 96 रन बनाए। मैदान गीला होने के कारण मैच दोपहर एक बजे शुरू हुआ और पहले दिन सिर्फ 35 ओवर फेंके जा सके। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे ओडिशा ने सतर्क शुरुआत की। बंगाल के गेंदबाज शांतनु मिश्रा (नाबाद 41) और अनुराग सारंगी (15) की सलामी जोड़ी के अधिक परेशान नहीं कर पाए। मेजबान टीम को अंततः पहली सफलता 15वें ओवर मे मिली जब आकाशदीप ने सारंगी को आउट करके ओडिशा का स्कोर एक विकेट पर 26 रन किया। शांतनु और संदीप पटनायक (30) ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। दिन के खेल के अंतिम लम्हों में संदीप इशान की गेंद पर खराब शॉट खेलकर आउट हुए।

### मध्य प्रदेश के खिलाफ त्रिपुरा ने छह विकेट पर 239 रन बनाए

**इंदौर।** श्रीदम पॉल और बिक्रम कुमार दास के अर्धशतक से त्रिपुरा ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के पहले दिन मंगलवार को यहां मध्य प्रदेश के खिलाफ छह विकेट पर 239 रन बनाए। मेजबान टीम के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर त्रिपुरा को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। दास (169 गेंद में 61 रन) और यूयू बोस (21) ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। गौरव यादव (66 रन पर तीन विकेट) ने बोस को आउट करके मध्य प्रदेश को पहली सफलता दिलाई। तेज गेंदबाज यादव ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए दास और अनुभवी सुदीप चटर्जी (24) को भी पवेलियन भेजा। दास और पॉल (72) ने दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की। यादव ने दास को विकेटकीपर हिमांशु मंत्री के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

### गौतम और गोपाल की शानदार गेंदबाजी से कर्नाटक ने झारखंड को 164 रन पर समेटा

**जमशेदपुर।** के गौतम (61 रन देकर चार विकेट) और श्रेयस गोपाल (18 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच मे मंगलवार को यहां मेजबान झारखंड को पहली पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। ग्रुप सी में शीर्ष पर चल रहे कर्नाटक ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 80 रन बनाए थे। वह अभी झारखंड से 84 रन पीछे है। कर्नाटक के आउट होने वाले बल्लेबाजों में मयंक (20) और आर समर्थ (31) शामिल हैं। झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसका कोई भी बल्लेबाज टिककर नही खेल पाया। उसकी तरफ से कुमार कुशाग्र ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। ग्रुप सी के पुडुचेरी में खेले जा रहे एक अन्य मैच में नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की कवायद में लगे केरल को पांडिचेरी के खिलाफ पहले दिन जूझना पड़ा। पांडिचेरी ने पारस डोगरा के नाबाद 117 रन और केवी अरुण कार्तिक के नाबाद 75 रन की मदद से पहले दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 254 बनाए।